फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 160 प्रभात जयपुर, मंगलवार 10 जनवरी , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**"Jab Wo Gulam Gaye The Aur Aazaad Laute"** 25,000 Boy Scouts from all over the world attended it. The Indian contingent consisted of 165 Boy Scouts from all parts of India.

**Hair-friendly Food**

**A Freak in Space?** We've found nothing else out there like our own Solar System



*आर्कटिक की गर्म होती जलवायु के साथ ही सैंटा क्लॉज़ का स्लैज खींचने वाले रेनडियर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। लेकिन सुदूर उत्तर में स्वालबार्ड के रेनडियर फलफूल रहे हैं। यहां गर्म होती जलवायु से हरियाली को प्रोत्साहन मिला है, हरे पौधे ज्यादा दिखने लगे हैं और स्वालबार्ड रेनडियर को "फैट रिज़र्व" बनाने का ज्यादा समय मिल रहा है। ऐसा लगता है कि, इन्होंने अपने भोजन में परिवर्तन करना भी शुरु कर दिया है। अब ये बर्फ से बाहर निकलती घास को भी खाने लगे हैं। स्वालबार्ड के रेनडियर लैपलैंड के रेनडियर की तुलना में छोटे और मोटे होते हैं पर इनके सींग (एंटलर्स) सुंदर और बड़े होते हैं। ये रेनडियर स्वालबार्ड द्वीप समूह, जिससे उत्तरी ध्रुव मात्र 500 मील दूर है, के सम्पूर्ण "नॉन ग्लेसिएटेड" भाग में वास करते हैं। यह वो क्षेत्र है जहाँ अंतिम हिम युग में बर्फ नहीं थी। परंतु हाल के वर्षों में अन्य आर्कटिक क्षेत्रों की तरह स्वालबार्ड में भी भारी हिमपात होने लगा है और बर्फ के ऊपर बारिश होने की कई घटनाएं हुई हैं जिससे बर्फ और सख्त हो जाती है। इस स्थिति में रेनडियर के लिए जमीन खोदकर भोजन निकालना मुश्किल हो रहा है। रुस में भारी संख्या में रेनडियर के भूख से मरने की खबरें मिली हैं और कैनेडा व अलास्का में कैरीबू (रेनडियर) की आबादी भी कम हो रही है। इन हालात को देखते हुए स्वालबार्ड रेनडियर के लिए चिंता बढ़ गई है। तथापि, हालिया दशकों में स्वालबार्ड द्वीप समूह के सबसे अधिक उपजाऊ भागों में रेनडियर की आबादी बढ़ी है। इनकी आबादी क्यों बढ़ रही है यह जानने के लिए फिनलैंड की युनिवर्सिटी ऑफ ओऊलू की छात्रा, तमारा हिल्तुनेन और उसके सहयोगियों ने, शीतकाल में हर वर्ष एकत्रित किए जाने वाले रेनडियर के रक्त नमूनों का अध्ययन किया। ग्लोबल चेन्ज बायॉलजी में छपे इस शोध में बताया गया है कि, 1995 से 2017 के बीच, जब हिमपात के बाद बारिश होना आम हो गया था, तब यहाँ के रेनडियर के भोजन में बदलाव आया और ये मॉस की बजाय ग्रेमिनॉइड पौधे (घास व सेज) खाने लगे। रिसर्च को सुपरवाइज़ करने वाले प्रोफेसर जैफ्री वैल्कर ने बताया कि, ग्रैमिनॉइड पौधे सख्त बर्फ तोड़कर बाहर निकल आते हैं और रेनडियर के लिए भोजन सहज सुलभ हो जाता है। जमीन का बढ़ता तापमान और रेनडियर के मलमूत्र विसर्जन से ग्रैमिनॉइड्स की ग्रोथ को प्रोत्साहन मिला है, जिससे स्वालबार्ड रेनडियर को और फायदा हुआ है।*

# भाजपा के हिन्दुत्व के जवाब में विपक्ष ने मण्डल द्वितीय की लहर पर आशाएं टिकाईं

## केन्द्रीय सरकार द्वारा जनगणना को 2024-25 तक टालने का निर्णय लेने से विपक्ष को 2024 में होने वाले लोकसभा तक का समय मिल गया, मण्डल द्वितीय को उन्माद तक ले जाने के लिये

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- शनिवार को नीतीश कुमार ने जात आधारित जनगणना करने का निर्णय लिया।
- सपा, एन.सी.पी., डी.एम.के., तेलंगाना की टी.आर.एस. पार्टी व छत्तीसगढ़ व झारखण्ड के सत्तारूढ़ दलों ने जात आधारित जनगणना के समर्थन में सार्वजनिक बयान बाजी शुरू कर दी है।
- छत्तीसगढ़ व झारखण्ड ने विधेयक पारित किया है, ओ.बी.सी., एस.टी. तथा इकोनॉमिकली बैकवर्ड के वर्ग के लिये आरक्षण की सीमा बढ़ाने के लिये।
- तथा इससे 76-77 प्रतिशत आरक्षण करने का फैसला कर लिया है।
- उड़ीसा के मु.मंत्री ने भी जात आधारित जनगणना करने की मांग रखी है।
- इस तरह अब इतनी भारी संख्या में राज्यों द्वारा जात आधारित जनगणना का समर्थन करने से मण्डल समर्थक पार्टियों को 2024 के चुनाव तक काफी समय मिल गया है, इस जात आधारित जनगणना को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाने के लिये।
- जात काफी भावना प्रधान इशू है, अतः भाजपा के हिन्दुत्व के कार्ड को चुनौती देने का सामर्थ्य रखता है।

नई दिल्ली, 9 जनवरी। केन्द्र सरकार ने इस निर्णय की जनगणना की कवायद को 2024-25 तक आगे खिसका दिया जाये, के फलस्वरुप विपक्षी दलों को यह सुअवसर मिल गया है कि वे अगले आम चुनावों से पहले मंडल-2 के उन्माद को भड़का सकें।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को जातिगत-सर्वेक्षण शुरु कर दिया, जबकि समाजवादी पार्टी एन.सी.पी., द्रमुक तथा तेलंगाना की भारत राष्ट्र समिति सहित कई अन्य दल भी इसका जोरदार समर्थन कर रहे है। छत्तीसगढ़ तथा झारखंड पहले ही ऐसे बिल पारित कर ही चुके हैं जिनका उद्देश्य ओ.बी.सी., एस.टी. तथा ई.डब्ल्यु.एस. कोटा को बढ़ाना है। एक सर्वे के बाद, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा से दो विधेयक पारित करा लिये थे जिनमें एस.टी. कोटा को बढ़ाकर 32 प्रतिशत करने, ओ.बी.सी. को 27 प्रतिशत, एस.सी. को 13 प्रतिशत तथा ई.डब्ल्यु.एस. के लिये 4 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है तथा इस प्रकार कुल कोटा 76 प्रतिशत तक पहुँच गया है। झारखंड विधानसभा भी कुल आरक्षण कोटा को 77 प्रतिशत पहुँचाने के विधेयक पारित कर चुकी है। इन दोनों राज्य सरकारों के उक्त विधेयक संबंधित राज्यपालों अनुसुइया उइकी तथा रमेश बैस के पास अनुमोदन के लिये विचाराधीन हैं। दूसरी तरफ, भाजपा शासित कर्नाटक के राज्यपाल के उस अध्यादेश को मंजूरी दे दी है, जिसमें कोटा की सीमा 50 से बढ़ाकर 56 प्रतिशत कर दी गई है। चूँकि सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण की ऊपरी सीमा 50 प्रतिशत कर रखी है, इस पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कुछ आपत्तियाँ उठाई हैं। बघेन ने एक ट्वीट में पूछाः "एक देश, एक संविधान। फिर राज्य के लोगों के बीच यह भेदभाव क्यों?" ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी जातिगत जनगणना की माँग की है। वर्ष 2013 में, कर्नाटक के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 28 जनवरी को भीलवाड़ा आएंगे प्र.मंत्री मोदी?

- भगवान देवनारायण की एक हजार एक सौ ग्यारहवीं जयंती पर भाजपा गुर्जर वोट बैंक को साधने के लिए गुर्जर बहुल इलाके में यह सभा आयोजित कर रही है।

जयपुर, 9 जनवरी (का.सं.)। प्रदेश में 2023 में होने जा रहे वाले विधानसभा चुनाव में की तैयारियों का भाजपा जनाक्रोश यात्राओं से बिगुल बजा चुकी है, वही अब राज्य के गुर्जर समुदाय को साधने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा तय हो गया लगता है। इसके लिए प्रदेश भाजपा की ओर से तैयारियां भी शुरू कर दी गई है । प्रधानमंत्री मोदी की इस दौरे से प्रदेश में चुनावी माहौल बन जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी को भीलवाड़ा के आसींद आ सकते हैं। भगवान देवनारायण की 1111वीं जयंती पर होने वाले कार्यक्रम में उनके शिरकत करने की संभावना है। भाजपा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चीन ने वीज़ा प्रक्रिया में चुस्ती लाने के लिये प्रक्रिया को काफी सरल बनाया

## चीन के दूतावास का आकलन है कि शीघ्र ही चीन व भारत के बीच सीधी उड़ानें शुरू हो जायेंगी

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जैसा की विदित ही है, कोविड की महामारी के कारण सीधी उड़ानें 2019 से स्थगित थीं।
- लगभग 23,000 भारतीय विद्यार्थी चीन में पढ़ाई कर रहे हैं।
- इन विद्यार्थियों के अलावा व्यापार व धंधे के संबंध में चीन जाने वाले भारतीयों की संख्या में भारी बढ़ोतरी होगी, यह आकलन है चीनी दूतावास का।
- चीनी दूतावास अब सोमवार से शुक्रवार तक वीज़ा के लिये आवेदन स्वीकार करेगा व प्रोसैस करेगा।
- पर्यटन, पीपुल-टु-पीपुल सम्पर्क बढ़ाने के लिये चीन अब दस तरह के नये वीज़ा और देगा।

नई दिल्ली, 9 जनवरी। चीन और भारत के बीच सीधी यात्री विमान सेवा शुरू करने को लेकर दोनों देशों में बातचीत चल रही है। दोनों देशों के बीच डायरैक्ट फ्लाइट्स शुरू होने से भारतीय छात्रों, कारोबारियों और चीन में कार्यरत भारतीयों के परिजनों को काफी राहत मिलेगी।

वर्ष 2019 के अंत में जब करोना वायरस का पहली बार वुहान में पता चला था और उसके बाद यह पूरी दुनिया में फैला था, दोनों देशों के बीच डायरैक्ट फ्लाइट्स तभी से स्थगित है।

फ्लाइट्स के नियमित होने को लेकर दिल्ली स्थित चीनी दूतावास बहुत आशान्वित है और वह वीज़ा प्रोसैसिंग में पहले ही तेजी ला चुका है, क्योंकि उसे उम्मीद है कि चीन के वीज़ा के लिए आवेदन करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में वर्ष 2023 में और इजाफा होगा। कारोबार, यात्रा और पारिवारिक यात्रा के लिए चीन आने वाले लोगों की संख्या भी काफी बढ़ने की उम्मीद है। नई दिल्ली स्थित चाइनीज़ वीज़ा सर्विस सैन्टर ने चीन जाने वाले भारतीयों की सुविधा के लिए 9 जनवरी सोमवार से वीज़ा आवेदन स्वीकार करने शुरू कर दिए हैं। यह काम आगामी शुक्रवार तक चलेगा। चीन के नैशनल इमिग्रेशन एडमिनिस्ट्रेशन ने पर्यटन और विदेश में स्थित मित्रों से मिलने आने के उद्देश्य को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जोधपुर हस्तशिल्प उत्सव में गंदगी के ढेर

- रावण का चबूतरा मैदान में चल रहे इस हस्तशिल्प उत्सव में भारी तादाद में लोग आ रहे हैं पर मेला स्थल पर ना केवल गंदगी के ढेर लगे हैं, बल्कि अव्यवस्था भी है।

जोधपुर, 9 जनवरी (कासं)। जोधपुर शहर के रावण का चबूतरा मैदान में चल रहे पश्चिमी राजस्थान हस्तशिल्प उत्सव 2023 में सफाई व्यवस्था बिगड़ी नजर आ रही है। संभाग के सबसे बड़े इस मेले में जोधपुर सहित आसपास के गांवों से भी लोग खरीदारी के लिए पहुंचते है, लेकिन यहां लगी हुई स्टाल्स और उनके आसपास कचरे के ढेर लगे हैं। इससे मेले में आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली बुक भी अव्यस्थित तरीके से पड़ी है। लोग मेले में लगे फूड स्टाल्स से खाने की चीज़े लेने के बाद प्लेट्स इधर-उधर फेंक रहे हैं। इसके चलते यहां गंदगी हो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पहली बार राज्यपाल ने अपने द्वारा "उद्घाटित" सत्र से बहिर्गमन किया

## मुद्दा था, तमिलनाडू सरकार द्वारा विधानसभा में राज्यपाल की कार्यवाही के खिलाफ प्रस्ताव पारित कराना

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सरकार द्वारा भेजे गये, उन अंशों को काट दिया, जिनमें राज्य सरकार द्वारा द्रविड़ मॉडल की विशेषताओं का वर्णन किया था।
- मु.मंत्री स्टालिन का तर्क था कि, राज्यपाल के अभिभाषण को राज्यपाल ने सात जनवरी को स्वीकृति दी थी तथा इसके बाद अभिभाषण की पत्रिका छपी थी तथा विधायकों के लैपटॉप पर भी डाल दी गयी थी।

नई दिल्ली, 9 जनवरी। यह पहला अवसर है कि किसी राज्य का राज्यपाल उस विधानसभा सत्र से "वॉक आउट" कर गया हो, जिसका उसने शुभारम्भ किया हो। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि विधानसभा के उद्घाटन से "वॉक आउट" करने वाले पहले राज्यपाल बने। ऐसा उस समय हुआ, जब राज्य के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने एक प्रस्ताव पेश कर सदन से कहा कि सरकार द्वारा तैयार किया राज्यपाल का मूल अभिभाषण रिकॉर्ड पर लिया जाये तथा अभिभाषण की वे टिप्पणियां डिलीट कर दी जाए जो राज्यपाल ने अलग से की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल ने गरिमा और मर्यादा का ध्यान नहीं रखा।

वस्तुतः, सोमवार से शुरु हुये तमिलनाडु विधानसभा सत्र के हंगामेदार होने की उम्मीद थी क्योंकि सत्तारूढ़ दल तथा उसके गठबंधन हिस्सेदार रवि के उन सुझावों से बहुत नाराज़ थे, जिनमें उन्होंने राज्य के वर्तमान नाम "तमिलनाडु" को बदलकर "तमिझागम" कर देने के लिये कहा था। रज्यपाल ने जैसे ही अपना संबोधन शुरु किया था, वैसे ही सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों ने उनके खिलाफ नारेबाजी शुरु कर दी थी। द्रमुक के गठबंधन पार्टनरों- कांग्रेस, सी.पी.एम. सी.पी.आई. वी.सी.के. तथा कौन्गू नाडु

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




## भाजपा कोर कमेटी की बैठक

- बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और वरिष्ठ नेता ओम माथुर का शामिल नहीं होना कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

जयपुर, 9 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान में भाजपा के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा के लिए सोमवार को एक कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और वरिष्ठ नेता ओम माथुर का नहीं आना चर्चा का विषय रहा। कार्यकर्ताओं में चर्चा रही कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एक बार फिर संगठन को आंख दिखाते हुए और कमेटी की बैठक में शामिल नहीं हुईं । बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

बैठक के बाद प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि बैठक में जन आक्रोश यात्रा और जन आक्रोश सभा का प्रजेंटेशन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जो आलाकमान खुद को चुनौती देने वाले नेताओं पर 100 दिन बाद कार्यवाही करने में असमर्थ है, वह बड़े फैसले कैसे ले पाएगा?

## ऐसे में बड़ा सवाल है कि, सचिन पायलट को किस हद तक संतुष्ट करेगी कांग्रेस, या अंतर्द्वंद जारी रहेगा

- प्रभारी रंधावा की अग्नि परीक्षा, चुनावी वर्ष में दोनों खेमों के बीच सामंजस्य बने, लेकिन टास्क मुश्किल, इस पर मुख्यमंत्री और डोटासरा के साथ सोमवार को लंबी चर्चा हुई है।

जयपुर, 9 जनवरी (का.प्र.)। वर्ष 2023 के चुनावी वर्ष में अब कांग्रेस संगठन को चुस्त-दरुस्त करने में जुटी है। हालांकि चाल कछुए जैसी है, तो दूसरी ओर अब चुनावी वर्ष में सचिन पायलट को लेकर पार्टी को निर्णय लेना जरूरी हो गया है। सिर्फ सचिन पायलट को पार्टी की "असैट" बताकर चुनावी वर्ष में चले जाएं ,इससे पार्टी का फायदा होने वाला नहीं है, यह बात पार्टी अच्छी तरह से जानती है। हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का खेमा नहीं चाहता कि सचिन पायलट किसी भी स्थिति में कोई अहम पद पर आएं। ऐसे में अब पार्टी के अंदर उधेड़बुन चल रही है कि आखिरकार सचिन पायलट को किस पद पर संतुष्ट किया जा सकता है।

राजस्थान में कांग्रेस के नए प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के कार्यभार संभालने के बाद राजस्थान का निरन्तर दौरा कर रहे हैं। वह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान यहां आते रहे, वहीं उसके बाद भी लगातार दौरे कर रहे हैं। पिछली बार जब वे जयपुर आए थे, तो उन्होंने कहा था कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच झगड़े खत्म कराना उनका काम है। ऐसे में अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि आखिरकार प्रभारी दोनों नेताओं के बीच कैसे सामंजस्य बिठाते हैं। दरअसल लड़ाई पद की है और सचिन पायलट भले ही खुद कुछ नहीं बोल रहे,लेकिन उनके समर्थकों का सीधा मत है कि 2018 में राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनवाने में सबसे बड़ा योगदान सचिन पायलट का था। इसका कारण वे बताते है कि 2013 में जब कांग्रेस की मात्र 21 सीटें आई थी, उसके बाद पायलट ने जो मेहनत की, उसी के नतीजे के रूप में राजस्थान में कांग्रेस की सत्ता आई। ऐसे में उन्हें मुख्यमंत्री पद दिया जाना चाहिए।

इधर वर्तमान में जो परिस्थितियां बनी हुई है,उसमें लगता नहीं है कि कांग्रेस आलाकमान इतना बड़ा फैसला लेने की स्थिति में है। यह बात इसलिए कही जा रही है कि कांग्रेस आलाकमान को सीधे आंख दिखाने वाले नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल, जलदाय मंत्री महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ को नोटिस दिए जाने के 100 दिन के बाद भी कांग्रेस कार्यवाही नहीं कर पाई, ऐसे में क्या

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

**जो पुत्र पैदा ही न हुआ हो अथवा पैदा होकर मृत हो अथवा मूर्ख हो। इन तीनों में पहले दो ही बेहतर हैं। न कि तीसरा, कारण यह है कि प्रथम दोनों तो एक बार ही दुःख देते हैं। जबकि तीसरा पद-पद दुःखदायी होता है।**

**–हितोपदेश**

# भाग्यशाली हैं कि आप अब तक बचे हुए हैं

शीर्षक पढ़कर आप चौंकिए मत। इस आलेख को अंत तक पढ़ने के बाद आप भी यही कहेंगे कि हम भाग्यशाली हैं कि हम अब तक बचे हुए हैं।

हम प्रतिदिन जो चीज़ें खाते हैं या पीते हैं, उनमें न केवल कई प्रकार के रसायन मिले होते हैं, जिनमें से कई कैंसर को जन्म दे सकती हैं। इसी प्रकार पीने का पानी और साँस लेने वाले वायु में भी कई विषाक्त तत्व मिले हैं। इसके बावजूद यदि हमें अभी तक कैंसर नहीं हुआ है तो यह केवल हमारा भाग्य है।

देश में प्रतिवर्ष दो लाख से अधिक व्यक्ति सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु को प्राप्त होते हैं। हम भी सड़कों पर चलते हैं, वाहन चलाते हैं, और अब तक यदि हम जीवित है, तो इसे हमारी किस्मत ही कहा जाएगा। क्या कारण है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाला वाहन चालक एवं उसमें बैठे सहयात्री, अन्य वाहन की तेज गति के कारण अथवा वाहन चालक को नींद की झपकी आने के कारण हमारे वाहन को टक्कर मार देता है और बिना किसी गलती के, कार का चालक एवं उसके साथी परिजन असमय ही काल कवलित हो जाते हैं। ऐसा क्या कारण है सिवाय हमारे भाग्य के, कि हम पैदल सड़कों पर प्रतिदिन घूमते हैं, क्योंकि अतिक्रमणकारियों ने फुटपाथ तो पैदल चलने वालों के लिए छोड़े ही नहीं है, और कोई वाहन अब तक हमें कुचलकर नहीं निकला है। हम भाग्यशाली तो हैं ही, अन्यथा हम भी अनेक पैदल घूमने वालों एवं यातायात के नियमों का पालन करने वालों की तरह, अब तक कहीं ना कहीं, मौत का शिकार हो चुके होते।

ऐसा लिखते समय मुझे राजस्थान के पूर्व गृह सचिव विजय शंकर सिंह की याद आ रही है जो अपने घर के पास ही पैदल सुबह घूमने निकले थे, किंतु एक तेज वाहन ने उन्हें कुचल दिया था। इसी प्रकार सलमान खान की गाड़ी ने मुंबई में फुटपाथ पर सोने वाले या जयपुर में तेज गति से दौड़ रही कार ने सरस डेयरी के पास फुटपाथ पर सो रहे मजदूरों को मौत के घाट उतार दिया था। इसे उनकी खराब किस्मत ही कहा जाएगा और हमारे साथ अब तक ऐसा नहीं हुआ तो यह भी हमारी किस्मत के ही कारण तो है।

मैं बारां शहर में, जहां मैं कलेक्टर की तरफ पद स्थापित था, प्रतिदिन प्रातः घूमने के लिए शहर की सड़कों पर निकलता था। ऐसा करते समय मैं निहत्था होता था और साथ में किसी प्रकार का कोई अंगरक्षक भी नहीं चलता था। इसके बावजूद यदि किसी ने कोई शारीरिक क्षति नहीं पहुंचाई तो, यह मेरा भाग्य है, अन्यथा मैं भी सत्येंद्र दुबे अथवा मंजू नाथ की तरह किसी के द्वारा निशाना बनाया जा सकता था। इन अधिकारियों को केवल इसलिए मार दिया गया कि ये अपना काम पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कर रहे थे। प्रशासनिक सेवा के लगभग 38 वर्षों के सेवाकाल में निश्चित रूप से मैंने ऐसे अनेक निर्णय लिए होंगे, जिनसे महत्वपूर्ण और प्रभावशाली-बलशाली व्यक्तियों के हितों को आघात पहुंचा होगा। इनमें से सभी ने मेरे ऊपर दया दृष्टि दिखाई और मुझे किसी प्रकार की शारीरिक क्षति नहीं पहुंचाई। इसी कारण में अब तक जीवित हूं और गरिमापूर्ण तरीके से जीवनयापन कर रहा हूं। यह भी तो मेरा भाग्य ही है। मेरा एवं मेरे जैसे अनेक अधिकारियों के साथ भी यही स्थिति है।

जिस सरलता और बहुलता से आजकल साइबर फ्रॉड हो रहे हैं, उनको देखकर तो लगता है कि हमारे बैंक खाते से यदि सारी जमा पूंजी नहीं निकाल ली गई, तो हमें खैर मनानी चाहिए कि हम अब तक बचे हुए हैं।

आपने किसी सरकारी अधिकारी, कर्मचारी के भ्रष्टाचार को उजागर किया और अब तक आप पर जानलेवा हमला नहीं हुआ तो आप खुशकिस्मत हैं। यदि ऐसा आपको नहीं लगता, तो आप बाड़मेर जिले के काना राम से जाकर पूछिये जिसके पैर तोड़ कर उसे अपंग इसलिए बना दिया गया कि उसने सरपंच और ग्रामसेवक के भ्रष्टाचार को सामने लाने हेतु सूचना के अधिकार कानून के अंतर्गत सूचना मांगने का दुस्साहस किया था।

यदि आप सरकार के गलत निर्णयों, नीतियों की आलोचना करते हैं और सत्ताधीश के गुणगान नहीं करते, फिर भी आपको किसी झूठे मामले में फंसाया नहीं गया है, तो आप किस्मत वाले हैं। आपके द्वारा किए गए विरोध को अब विद्रोह मानकर अब तक आपको अनिश्चितकाल के लिए जेल में नहीं डाल दिया गया तो भी आपको ईश्वर का धन्यवाद करना चाहिए।

**हम प्रतिदिन जो चीज़ें खाते हैं या पीते हैं, उनमें न केवल कई प्रकार के रसायन मिले होते हैं, जिनमें से कई कैंसर को जन्म दे सकती हैं। इसी प्रकार पीने का पानी और साँस लेने वाले वायु में भी कई विषाक्त तत्व मिले हैं। इसके बावजूद यदि हमें अभी तक कैंसर नहीं हुआ है तो यह केवल हमारा भाग्य है।**

यदि आप ग्रामीण किसान हैं और आपकी भूमि किसी दूसरे के नाम पर दर्ज करके आपको न्यायालय के चक्कर लगाने हेतु विवश नहीं कर दिया गया है, तो आप पर राजस्व अधिकारियों की मेहरबानी है, अन्यथा पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी ही भूमि अपने नाम कराने के लिए अदालतों के चक्कर ही काटने के लिए बाध्य हो जाते। यदि आप अपनी कृषि भूमि का आपसी बंटवारा करना चाहते हैं और उसमें भी यदि राजस्व विभाग के अधिकारी टांग नहीं अड़ा रहे हैं तो मानिए कि अनावश्यक कानूनी मुक़दमे बाजी से बच गए हैं।

यदि आप व्यापारी हैं और अपना व्यवसाय इमानदारी से कर रहे हैं, तब भी किसी कागज की कमी के कारण यदि आपको किसी कर अधिकारी ने अनावश्यक परेशान नहीं किया तो शायद आपके कुछ अच्छे कर्म ही रहे होंगे, अन्यथा जिस प्रकार व्यापार करने वालों को अधिकारियों द्वारा परेशान किया जाता है, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। यदि आप किसी बीमारी से पीड़ित हो जायें और अस्पतालों में यदि आपका शोषण ना हो और आपकी अनावश्यक कई जाँचें ना करा ली जायें, जिससे आपका घर-बार भी बिक जाए, तो मानिए कि आप पर ईश्वर की कृपा है। अन्यथा, आज के निजी अस्पताल आवश्यक-अनावश्यक बहुत महंगी जाँचें करा कर अपना एवं चिकित्सकों का हित ही साधने में लगे हुए हैं। यदि आप एक स्वाभिमानी, संवेदनशील और ईमानदार चिकित्सक हैं और किसी एक अस्पताल में कार्यरत हैं और फिर भी आपको कमाई का लक्ष्य नहीं दिया गया है, तो मान लीजिए कि आप बचे हुए हैं और इसके लिए आपको, अपने ग्रहों को धन्यवाद देना चाहिए।

यदि आप एक जागरूक नागरिक हैं और आपने अपने क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन कार्य और परिवहन माफिया अथवा शराब माफिया के बारे में अधिकारियों को चेताया एवं समाचार पत्रों में भी इस बारे में लिखा है और फिर भी आपका कोई बाल बांका नहीं हुआ तो आपको आश्चर्य होना चाहिए कि ऐसा कैसे नहीं हुआ? वरना तो हम दिन प्रतिदिन पढ़ते हैं कि किस प्रकार बजरी माफिया के लोग मिलकर पुलिस - खनन अधिकारियों आदि को अपने वाहनों के नीचे लाकर कुचल देते हैं। यदि आपको, अपने मकान से किसी ने बलपूर्वक अभी तक नहीं निकाल दिया है तो आपको शुक्र मनाना चाहिए। आजकल जिस प्रकार से असामाजिक तत्वों द्वारा अपने खुद के मकान में रह रहे लोगों को किसी झूठे-सच्चे आधार पर निकालने की घटनाएं पढ़ने में आती हैं, उससे तो लगता है कि जो व्यक्ति अपने मकान में रह पा रहा है वह भी एक प्रकार से बचा हुआ ही है। यदि आप शिक्षक हैं और आपने किसी गुंडे छात्र अथवा राजनीतिक दबाव के कारण किसी छात्र को अधिक अंक नहीं दिए और फिर भी आपका स्थानांतरण नहीं हुआ अथवा कोई नुकसान नहीं हुआ, तो फिर मानिये कि आप भाग्यशाली हैं। यदि आप प्रतिभाशाली हैं और यदि आप का चयन हो गया और उसके लिए न बड़ी धनराशि खर्च करनी पड़ी ना किसी बड़े व्यक्ति की सिफारिश करानी पड़ी, तो मान के चलिए कि आप सामान्य व्यक्ति नहीं हैं, अपितु असामान्य भाग्य के धनी हैं। अन्यथा आजकल जिस प्रकार से नकल माफिया प्रश्न पत्र बेचने का काम कर रहा है उससे तो नितांत साधारण प्रतिभा वाले अभ्यर्थी, पैसा खर्च करके सेवा में चयनित हो रहे हैं।

यदि आप महिला हैं और अपने विद्यालय, कार्यस्थल या अपने परिवार में ही यौन शोषण का शिकार नहीं हुई हैं तो कुछ प्रतिशत खुश किस्मत महिलाओं में हैं।

यदि आप जनप्रतिनिधि हैं, चाहे पंचायत स्तर से लेकर संसद तक, और आप केवल मात्र जनता और राष्ट्र की सेवा के कार्य में संलग्न हैं तथा अपने दल के लिए धनराशि एकत्र करने का काम नहीं कर रहे हैं और इसके बावजूद आपका टिकट चुनाव में नहीं कट रहा है तो इसे आप अपने पूर्व संचित पुण्य का फल ही मान सकते हैं। अन्यथा, आज की राजनीति में तो वही टिका रह सकता है जो साम, दाम, दंड, भेद का प्रयोग करके अपना और अपनों का खजाना भर सके।

आप सरकारी इंजिनीयर हैं और आपने गुणवत्ता बनाए रखते हुए ठेकेदार से पूरा कार्य करवाया और कमीशन तक नहीं लिया तो शुक्र मानिये कि आपको मौत के घाट नहीं उतार दिया गया। यदि आप ठेकेदार हैं और बिना कमिशन दिए अच्छा काम करते हैं और फिर भी आपको काम मिलता रहे तो यह असामान्य है, क्योंकि अधिकांशतः ऐसे ठेकेदारों को विभागों में पसंद नहीं किया जाता है।

यदि आप उद्योगपति हैं और आप सत्ताधारी दल को अच्छा-खासा चंदा नहीं देते, फिर भी आपके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होती, तो आपको खुश होना चाहिए, क्योंकि वास्तविकता यही है कि अपने उद्योग को तेजी से बढ़ाने के लिए सत्ता धारी दल को उपकृत करना अनिवार्य है।

कोई स्वैच्छिक संस्था दलित, आदिवासियों को पर्यावरण अपने हितों की रक्षा के लिए सरकार के विरुद्ध संगठित करें और फिर भी उनका एफ सी आर ए लाइसेन्स निरस्त नहीं हो तो उसे शुक्र मनाना चाहिए वरना संस्थाएं वही फल फूल रही हैं जो सरकार का गुणवान करने में संलग्न हैं। पर्यावरण की निरंतर अनदेखी का ही परिणाम है कि जोशी मठ जैसा पवित्र तीर्थ स्थल ध्वस्त होने के कगार पर है।

उपरोक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि वर्तमान समय में ऐसे अनेक कारक हैं जो नागरिक को गरिमा पूर्ण जीवन से वंचित करने को तत्पर हैं। इसके बावजूद यदि कोई अपना गरिमापूर्ण अस्तित्व बचाए रख पाता है तो उसे स्वयं को सौभाग्यशाली ही मानना चाहिए। यह स्थिति जितनी जल्दी बदले उतना अच्छा है ताकि प्रत्येक नागरिक निश्चिंत होकर गरिमा के साथ जी सके।


**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# ज्ञान-विज्ञान-अनुसंधान-उपचार

हर चिकित्सकीय उपचार - दवा, शल्यक्रिया या अन्य विधि - उसकी सार्थकता की लाभानुभूति का एक पक्ष होता है, प्लेसीबो एफेक्ट जसके अनुसार लाभानुभूति दवा या उपचार से नहीं वरन् उसकी सार्थकता में विश्वास के कारण होती है। दवा के लिए यह आकलन करना सरल है। रोगियों का दो समूह में बांटा जाता है– एक को असली दवा और दूसरे को दवा जैसा दिखने वाला साधारण पदार्थ। किस को क्या दिया गया है, रोगी को नहीं मालूम होता है। लाभानुभूति का आकलन किया जाता है। जिनको असली दवा मिली उनमें कितना प्रतिशत में लाभ हुआ और जिनको दवा की जगह साधारण पदार्थ दिया गया उनमें कितने प्रतिशत में। दूसरे, यानी कंट्रोल ग्रुप में जो लाभ हुआ वह दवा के कारण नहीं है। निष्कर्ष कंट्रोल ग्रुप में भी उतना प्रतिशत लाभ तो विश्वास के कारण ही है। अगर दोनो ग्रुप में लाभानुभूति का प्रतिशत बराबर है तो इसका मतलब होगा कि दवा का कोई असर नहीं। लेकिन शैल्य क्रिया में ऐसा आकलन करना मुश्किल होता है, कारण कौन झूंठी शैल्यक्रिया करवाने की अनुमति देगा। बिना स्वेच्छिम स्वीकृति के यह नहीं किया जा सकता। लेकिन यह आवश्यक है और अब किया भी जा रहा है।

एक रोग है पारकिन्सन डिजिज पैरालिसिस एजिटान्स। इसमें व्यक्ति का अपनी मांसपेशियों को स्वेच्छा और समन्वित रूप से संचालित करने की क्षमता क्षीण हो जाती है। पूरे शरीर की मांसपेशियों में जकड़न आ जाती है, व्यक्ति चाह कर उन्हें ढीली नहीं कर पाता। चेहरे की मांसपेशियों में जकड़न के फलस्वरूप चेहरा भाव सून्य हो जाता है, ऐसा लगता है जैसे कोई मुखोटा (मास्क) पहन रखा हो। शरीर की मांसपेशियों की जकड़न से व्यक्ति ऐसे चलता है जैसे पूरा एक लकड़ी का लट्ठा हो। छोटे-छोटे जल्दी-जल्दी चले अनियंत्रित कदम ';शफ्लिंगगेट'। आगे झुके बदन के कारण ऐसा लगता है जैसे अपनी ग्रेविटि को ही पकड़ने की कोशिश कर रहा हो। साथ ही जब आराम कर रहे हो तब हाथों में विशिष्ट प्रकार का कंपन। उंगलियों में सतत ऐसी हरकत जैसे चूरण की गोलियां बना रहे हो और साथ ही हाथ ऐसा हिल रहा हो जैसे ढोलक बजा रहे हों। ';पिलरोलिंग एन्ड ड्रम बीटिंग' लेकिन यह हरकत केवल तभी जब हाथ से कोई काम न कर रहे हो हाथ से काम करते ही कंपन खतम।

विस्तृत अनुसंधान से ज्ञात हुआ कि यह रोग मस्तिष्क के काले रंग के सबस्टेंसिया नाइग्रा नामक स्थान, जो मध्य मस्तिष्क (मिड ब्रेन) में स्थित होता है, की कोशिकाओं के डोपामिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर हॉर्मोन बनाना बंद करने से होता है। डोपामिन मस्तिष्क के कार्पस स्ट्रायटम द्वारा मांसपेशियों के सुचारू समन्वित संचालन की प्रक्रिया के लिए आवश्यक होता है। सबस्टेंसिया नाइग्रा से डोपामिन न आने पर मांसपेशियों का कार्य संचालन गड़बड़ा जाता है। यह था इस रोग सम्बन्धी अनुसंधान परक ज्ञान।



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

अब विज्ञान की बारी। ऐसी दवाओं की खोज हुई जो डोपामिन का काम कर सके। लेवोडोपा और उसके जैसी दवाओं से कुछ राहत मिली। वैज्ञानिक प्रगति से मालूम हुआ कि भ्रूण में ऐसी कोशिकाऐं होती हैं जो मस्तिष्क की नई कोशिकाओं को जन्म दे सकती हैं। भ्रूण में ऐसी काशिकाओं को खोजा गया जो डोपामिन बना सकती है। फिर प्रयोग कर देखा गया कि क्या ये काशिकायें सबस्टेंसिया नाइग्रा का स्थान ले सकती हैं। प्रयोग के सफल पाये जाने पर तकनीक विकसित की गई। सात से आठ सप्ताह के गर्भपात से मिले मानव भ्रूण से ऐसी कोशिकायें एकत्रित कर उनका संवर्धन किया। फिर अत्याधुनिक न्यूरो सर्जिकल तकनीक से रोगी की खोपड़ी में छेद कर संवर्धित कोशिकाओं को कोर्पस स्ट्रायटम में इन्जेक्ट किया गया। प्रयोग सफल हुआ। इन्जेक्ट की गई कोशिकाऐं न केवल जीवित रही वरन् और नई कोशिकाऐं बना कर डोपामिन स्रावित करने लगी। आकलन पर रोगियों में इसे लाभकारी पाया गया। एम्ब्रियोनिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की यह विधि पारकिन्सन डिजिज के रोगियों की शल्य चिकित्सा के रूप में मान्य हो गई। 1990 के दशक में डॉ. फ्रीडमैन और उनके साथी इस विधि से उपचार करने वालों में प्रमुख थे।

दस साल बाद डॉ. फ्रीडमैन के ग्रुप ने इस शल्य चिकित्सा से होने वाले कथित व प्रचारित लाभ का विधिवत डबल ब्लांइण्ड कंट्रोल विधि से मुल्यांकन किया। 40 रोगयों को दो समुह में बांटा गया। आधों में विधिवत पूरी शल्यक्रिया कर बाकायदा भ्रूण कोशिकाओं को रोगी के मस्तिष्क में पुटामेंन में इन्जंक्ट किया गया (टेस्ट ग्रुप)। समूह के आधे रोगियों में खोपड़ी में छेद तो वैसे ही किए गये पर न अन्दर सुई डाल गई और न भ्रूण कोशिकाऐं। केवल दिखावा किया गया जिस से रोगी को भ्रम बना रहे (प्लसीबो ग्रुप)। किस रोगी में असल आपरेशन किया गया है और किस में मात्र खोपड़ी में छेद किऐ गये हैं रोगी को नहीं मालूम। न ही रोगियों में शल्यक्रिया से लाभ का मूल्याकन करने वाले चिकित्सकों को यह बताया गया। प्रचारित लाभ की अवधारणा गलत साबित हुई। प्लेसीबो ग्रुप की तुलना में टेस्ट ग्रुप में कोई विशेष लाभ नहीं पाया गया। वरन् एक साल के बाद तो कुछ में भ्रूण कोशिकाओं की अनियमित सक्रियता से असहनीय कॉम्प्लीकेशन हुई। कल का विज्ञान अब अज्ञान साबित हुआ।

**डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बेटियों ने जीता गोल्ड मैडल



कांग्रेस के पदाधिकारिओं ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतने पर बेटियों का स्वागत किया।

- **गांव कानावासी एवं हमीरवास की बेटियों ने रचा इतिहास**
- **सादुलपुर पहुंचने पर डीजे पर विजय जुलूस निकाला**

**सादुलपुर,** (निसं)। 44 वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राजगढ (चूरु) के गांव कानावासी एवं हमीरवास की बेटियों द्वारा इतिहास रचते हुए गोल्ड मैडल जीतकर क्षेत्र में लौटने पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने बेटियों का जोरदार स्वागत किया। 44 वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राजगढ (चूरु) के गाँव कानावासी निवासी स्नेहा सवावग एवं हमीरवास निवासी प्रियंका सांगवान ने गोल्ड मैडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

दोनों बेटियों के सोमवार को सादुलपुर पहुंचने पर डीजे पर विजय जुलूस निकाला गया। वहीं स्नेहा सरावाग कानावासी, प्रियंका सांगवान हमीरवास के राजगढ पहुँचने तथा अपने माता-पिता,गाँव औरर तहसील राजगढ का नाम पूरे देश मे रोशन करने पर सीताराम प्रजापत शहर ब्लॉक अध्यक्ष, अशोक पूनिया ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष, पीसीसी सदस्य शिशुपाल पूनिया, विजय पूनिया पंचायत समिति सदस्य, श्याम सुंदर पूनिया, रोहित पूनिया, नगर अध्यक्ष पवन सैनी, सतपाल पांडिया, देवीलाल मेहरा, सुरेश टाडा, धर्मवीर सिहाग, शिलाराम मेघवाल, दलीप मुहाल, अशोक सरावग, नसीम कुरैशी, नरेश पूनिया, संजय बुरडक व रामकिशन पूनिया आदि ने भव्य स्वागत किया और उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए दोनों बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पालिका बोर्ड की सात माह से बैठक नहीं हुई

**सांभरझील,** (निसं)। यहां नगर पालिका में कांग्रेस शासित बोर्ड के गठन के प्रारंभ से लेकर आज तक बोर्ड की बैठक निर्धारित मापदंड के अनुसार समय पर नहीं होने से विकास कार्य एक प्रकार से ठप पड़ा है। बोर्ड की बैठक आहूत नहीं करने से पार्षद अपने-अपने अपने वार्ड में विकास कार्यों को करवाने के लिए कोई योजना नही बना पा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के कई ऐसे पार्षद हैं जो खुलकर सामने तो नहीं आ पा रहे हैं लेकिन अब उनकी भी पालिका की कार्यशैली को लेकर काफी नाराजगी बताई जा रही है। विपक्ष की ओर से बोर्ड की बैठक के ऐजेंडा निर्धारण में कोई राय नहीं ली जाती है। सूची में शामिल अनेक लोगों को दरकिनार करके उन लोगों को प्राथमिकता से पट्टे दिए गए जो लिस्ट में काफी नीचे थे। अनिल कुमार गट्टानी पार्षद व नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि बोर्ड के गठन के बाद से केवल पालिका अपने मन से राष्ट्रीय पर्व और बजट को लेकर ही बैठक आहूत करता आया है। इसके बाद हमारे लिखित में दिए जाने के बाद ही बैठक बुलाई जाती है। अधिशासी अधिकारी हरिनारायण यादव का कहना है कि जनवरी के लास्ट वीक अथवा फरवरी के प्रथम सप्ताह में बैठक आहूत करवा देंगे।

## महज दो-तीन डिग्री पारा बढ़ते ही बीकानेर के स्कूल खुले

**बीकानेर,** (कासं)। तापमान में महज दो-तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होते ही जिला प्रशासन ने स्कूल फिर से शुरू करने का फरमान जारी कर दिया। बीकानेर में सोमवार सुबह तापमान चार डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहा। दो पारी वाली स्कूल सुबह साढ़े सात बजे से लगी, तब तक सर्दी ज्यादा रही। प्राइवेट स्कूल्स ने अपना समय नौ बजे से कर दिया है पर बच्चों को घर से करीब एक से डेढ़ घंटे पहले निकलना पड़ता है। बीकानेर में पिछले चौबीस घंटे में अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा व न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस रहा। रात के समय सर्दी से सामान्य राहत ही मिल सकी। शिक्षा विभाग ने स्कूल समय परिवर्तन का अधिकार भी जिला कलक्टर को दिया है।

# विश्व भाषा की ओर हिन्दी अग्रसर

अमरावती में जन्मे स्व. गुणाकर मुले ने एक 'भारतीय लिपियों की कहानी' लिखी। उसमें उन्होंने लिखा कि जिस लिपि में यह पुस्तक छपी है, उसे नागरी या देवनागरी लिपि कहते हैं जो लगभग 250 वर्ष पहले बनी। इसके विकास होने से अक्षरों में स्थिरता आ गयी। देवनागरी लिपि में मुख्यत: गुजराती, नेपाली, मराठी, संस्कृत, प्राकृत और हिन्दी भाषाएं लिखी जाती हैं अर्थात हिन्दी तथा इसकी विविध बोलियां, संस्कृत एवं नेपाली आदि इसी लिपि में लिखी जाती हैं।

चूंकि हिन्दी भारतीय संस्कृति की आत्मा है इसलिये ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी ने सन् 1917/18 में हिन्दी साहित्य सम्मेलन में सबसे पहले हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता प्रदान कर देने की बात सबके समक्ष रख दी थी। हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता देने के पक्ष में अपने देश के प्रथम प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरु के अलावा अन्य नेता /शिक्षाविद् जैसे पुरुषोत्तम दास टंडन,व्यौहार राजेन्द्र सिंहजी, सेठ गोविन्द दास मालपानीजी जैसे अनेक लोग भी थे।

इन्हीं सबके चलते संविधान सभा ने एकमत से 14 सितंबर 1949 को इसे राजभाषा का दर्जा देने पर सहमति जताई थी। तत्पश्चात 1950 में संविधान के अनुच्छेद 343(1) के द्वारा हिन्दी को देवनागरी लिपि के रूप में राजभाषा का दर्जा प्राप्त हुआ।

लेकिन सेठ गोविन्द दास मालपानी एकमात्र ऐसे राजनेता थे जिन्होंने हिन्दी भाषा के लिये 1961 में मिला पद्मभूषण सम्मान तक न केवल लौटाया बल्कि हिन्दी के विकास के लिये सदन में ऐतिहासिक भाषण दिया।

अब, चूंकि हिन्दी हमारे देश की राजभाषा है इसी कारण से आजकल प्रशासनिक कार्यों और सरकारी कामकाज के अलावा भी सभी क्षेत्र में हिन्दी का प्रयोग धड़ल्ले से होने लग गया है जिसका बहुत हद तक श्रेय हमारे वर्तमान दृढ़निश्चयी प्रधानमंत्री जी को जाता है क्योंकि, जैसा सर्वविदित है, मोदीजी हिन्दी में वार्तालाप ही नहीं करते बल्कि अपने सम्बोधन में भी हिन्दी भाषा को प्रमुखता देते हैं।



गोवर्धन दास बिन्नाणी

- **प्रधानमंत्री जी विश्व पटल पर हिन्दी का जिस सशक्त तरीके से प्रयोग कर रहे हैं उसी के फलस्वरूप विदेश में हिन्दी की पैठ बढ़ रही है**

प्रधानमंत्रीजी शुरु से ही आज तक विश्व पटल पर हिन्दी का जिस सशक्त तरीके से प्रयोग कर रहे हैं उसी के फलस्वरूप विदेश में न केवल हिन्दी की पैठ बढ़ रही है बल्कि आजकल विदेशी शासनाध्यक्ष हो या अन्य उच्च पदाधिकारी भारतीयों के बीच हिन्दी में ही नमस्कार से सम्बोधन शुरू करते हैं। इन्ही सभी कारणों से हम सभी का यही मानना है कि वर्तमान प्रधानमंत्री हिन्दी को एक अलग तरह की वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। आज कल देश में भी हिन्दी के प्रति लोगों का रुझान में जिस तरह से परिवर्तन देखने में आ रहा है वह निश्चित रूप से स्वागत योग्य है।

उपरोक्त सभी कारणों से यह सुस्थापित है कि आज के इस बदले समय में राष्ट्रीय एकता में हिन्दी न केवल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है बल्कि विश्व के अनेक भागों में रहने वालों भारतीयों के साथ साथ विश्वस्तरीय नेताओं के भारतीय नेताओं के बीच व्यवहार में भी।

**गोवर्धन दास बिन्नाणी,**
**जैसलमेर**

## राशिफल मंगलवार 10 जनवरी, 2023



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, अश्लेषा नक्षत्र प्रातः 9:01 तक, प्रीति योग दिन 11:19 तक, विष्टि करण दिन 12:10 तक, चन्द्रमा प्रातः 9:10 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 9:01 तक है। आज भद्रा दिन 12:10 तक है। आज सौभाग्य सुन्दरी व्रत, अंगारक संकष्ट चतुरथी और तिल कुटा चौथ व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 8:51 पर होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:58 से 11:16 तक, लाभ-अमृत 11:16 से 1:52 तक, शुभ 3:10 से 4:28 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:47




### मेष

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।




### वृष

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।




### मिथुन

आर्थिक/वित्तीय मामलों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।




### कर्क

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



### सिंह

मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च में वृद्धि होगी। व्यावसायिक मामलों में संयम रखना ठीक रहेगा।




### कन्या

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



### तुला

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।



### वृश्चिक

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



### धनु

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। मन में असंतोष और भय बना रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।




### मकर

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### कुंभ

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### मीन

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

# देश के विकास में अपना योगदान दें युवा : अनुराग सिंह ठाकुर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को पाली के रोहट स्थित निंबली गांव में भारत स्काउट्स और गाइड्स के18वें राष्ट्रीय जम्बूरी के समापन समारोह को संबोधित किया। ठाकुर ने युवाओं को आव्हान किया कि देश को आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने देशभर से आए स्काउट और गाइड को देश का भविष्य बताते हुए उन्हें आगे बढ़कर कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए कहा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हो रहे जंबूरी कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा नेटवर्क बनाकर स्काउट और गाइड अपना नेटवर्क बढ़ा सकते हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि स्काउट और गाइड की तरह देश के हर नागरिक में टीम इंडिया की भावना की जरूरत है। अगले 25 साल तक भारत के हर नागरिक को पूरी मेहनत के साथ देश को पूरी दुनिया में लीडर बनाने के लिए काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने स्काउट और गाइड को फिट इंडिया कैंपेन से जुड़ने और रोज आधा घंटा व्यायाम करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विभिन्न राज्यों के स्काउट- गाइड की परेड का निरीक्षण भी किया। इससे ठाकुर ने चित्तौड़गढ़ पहुंचकर सांसद खेल महाकुंभ और खेलो इंडिया योजना में स्वीकृत मल्टीपरपज इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास किया। ठाकुर ने कहा कि देश में वर्ष 2014 तक खेलों का बजट 800 करोड़ रुपए होता था, जिसे मोदी सरकार ने कई गुणा बढ़ा दिया है। खेलो इंडिया अभियान के माध्यम से 3 हजार खिलाड़ियों को तैयार किया जाता है। प्रत्येक खिलाड़ी की ट्रेनिंग पर 6 लाख रुपये से ज्यादा रकम खर्च की जायेगी।



केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का पाली के रोहट स्थित निंबली गांव में भारत स्काउट्स और गाइड्स के राष्ट्रीय जम्बूरी के समापन समारोह में गदा भेंटकर स्वागत किया।

- चित्तौड़गढ़ और उदयपुर में किया स्टेडियमों का शिलान्यास व लोकार्पण

ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया अभियान के तहत देशभर में 1 हजार केंद्र खोलने की केंद्र सरकार की योजना है। इसमें से 750 केंद्र खोल दिए गए हैं तथा शेष 250 केंद्र इस वर्ष अगस्त तक खोल दिए जाएंगे। वर्ष 2017 से 2021 के बीच मोदी सरकार ने इस अभियान पर 2600 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। ओलंपिक व अंतरराष्ट्रीय खेलों के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने और उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए मोदी सरकार टारगेट पोडियम स्कीम योजना के तहत खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए 100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने फिट इंडिया अभियान के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि अभियान के दौरान देशभर में 9 करोड़ से ज्यादा लोगों ने इस अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी.जोशी और जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद अनुरा ठाकुर ने उदयपुर में महाराणा भूपाल नोबल्स इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण किया। साथ ही संस्थान द्वारा आयोजित ठा. गुमान सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ व ट्रॉफियों का अनावरण भी किया। इस अवसर पर सांसद अर्जुन लाल मीणा व संस्थान के अध्यापक व अन्य अधिकारी-जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।






# 'हाईकोर्ट के आदेश के विरूद्ध सड़क निर्माण का कार्य कर रही है कोटपूतली नगर परिषद'





शनि मंदिर से सरदार स्कूल तक जा रही सड़क पर कोटपूतली नगर परिषद की जेसीबी तोड़फोड़ के बाद जमीन को समतल करने का कार्य कर रही हैं।

-यादवेन्द्र शर्मा-

**जयपुर**। कोटपूतली नगर परिषद ने विवादित तौर पर कानूनी प्रक्रिया की अवहेलना करते हुए और बिना नोटिस दिये जिन मकानों व दुकानों को ध्वस्त किया था, उसमें एक नया मोड़ आ गया है। जैसा कि विदित है कि नगर परिषद ने शनि मंदिर से सरदार स्कूल तक जा रही सड़क के दोनों ओर बने मकानों व दुकानों को 'सड़क चौड़ा' करने के नाम पर ध्वस्त किया था। इनमें से कई मकान मालिकों ने सड़क निर्माण को रोकने के लिये और न्याय नहीं मिलने तक यथास्थिति बनाये रखने के आदेश अपने हक में हाईकोर्ट से प्राप्त कर लिये थे, इसके वाबजूद नगर परिषद ने इस सड़क पर देर रात तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। गौर फरमाने योग्य है कि 9 जनवरी को ही ऐसे कई मामले जिन पर अदालत ने पहले ही यथास्थिति बनाये रखने के आदेश पारित किये थे और कई मामले जिनमें मकान ध्वस्त करने की वजह से मुआवजे की गुहार की गई थी, इन सबको मिलाकर करीबन 30 मामलों पर न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह की अदालत ने सुनवाई के लिये सूचीबद्ध हुए थे। इनमें से कई मामले ऐसे भी थे जिनमें नगर पालिका ने ही याचिकाकर्ताओं को आवंटित पट्टे खारिज कर दिये थे और याचिकाकर्ताओं ने नगर परिषद के इस फैसले को भी चुनौती दी थी।

इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अर्चित बोरा पैरवी के लिये पेश हुए थे। उन्होंने बताया कि बहस के दौरान सरकार की ओर से कहा गया था कि नगर परिषद ने शनि मंदिर से सरदार स्कूल तक की सड़क जिसमें नेहरू बाजार भी शामिल है, की चौड़ाई

- नगर परिषद द्वारा की गई तोड़-फोड़ की कार्रवाई के विरूद्ध दायर मामलों में पैरवी कर रहे वकील और याचिकाकर्ता का कहना है कि यथा स्थिति के आदेश के बावजूद नगर परिषद सड़क निर्माण कर रही है
- जैसा कि विदित है कि शनि मंदिर से सरदार स्कूल तक जा रही सड़क पर कार्रवाई की गई है, जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में 100 से अधिक मामले दर्ज किये जा चुके हैं, जिनमें से कई पर यथा स्थिति रखने के आदेश भी पारित किये गये हैं।

60 फीट से बढ़ाकर 80 फीट करने के लिये अवैध अतिक्रमण को हटाया है। अर्चित बोरा ने बताया कि सरकार का कहना था कि उनके द्वारा यह कार्रवाई मास्टर प्लान को लागू करने के लिये की गई है। उन्होंने आगे बताया कि जब अदालत ने सरकारी वकील से पूछा कि पुराने मास्टर प्लान में उक्त सड़क कहां वर्णित है और उसकी चौड़ाई क्यों और कब बढ़ाई गई, तब सरकार की ओर से अदालत को संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका, जिस पर अदालत ने टिप्पणी की अगर याचिकाकर्ताओं को गलत तरह से भी पट्टे आवंटित किये गये थे तब भी सरकार उनका मकान तोड़ने की कार्रवाई मुआवजा देकर ही कर सकती है। हर्षित ने आगे कहा कि अदालत ने सरकारी वकील से यह भी पूछा कि जिन अफसरों ने याचिकाकर्ताओं को गलत तरीके से पट्टे आवंटित कर दिये थे, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई? अदालत ने इन मामलों की अगली सुनवाई 18 जनवरी तय की है जिसमें वह 1945 में खेतड़ी महाराज द्वारा जारी किये गये पट्टों और नक्शों का निरीक्षण व परीक्षण करेगी क्योंकि कई याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उन्हें खेतड़ी महाराज द्वारा आवंटित पट्टे जारी हुए हैं।

इस मामले में यह भी उल्लेखनीय है कि कोटपूतली नगर परिषद के खिलाफ हरि प्रसाद शर्मा द्वारा हाईकोर्ट में ही अवमानना याचिका भी दायर की गई है और नगर परिषद को आयुक्त को जवाब तलब भी किया गया है। इस मामले में याचिकाकर्ता का कहना है कि 25 फरवरी 2022 को हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध नगर परिषद ने उक्त सड़क पर तोड़-फोड़ की कार्रवाई करने से पूर्व याचिकाकर्ता को नोटिस नहीं दिया था। इस मामले पर भी हाईकोर्ट में सुनवाई लंबित है। अधिवक्ता अर्चित बोरा का कहना है कि कानूनी प्रक्रिया की पालना नहीं करते हुए, बड़ी आक्रामक तरीके से और भय का माहौल बनाकर तोड़-फोड़ करने की कार्रवाई को अंजाम देने की वजह से कोटपूतली नगर परिषद के विरूद्ध 100 से भी अधिक मामले हाईकोर्ट में दायर किये गये हैं।

## 'बिल्डिंग को ध्वस्त करना स्वागत योग्य'

**जयपुर**। राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने मांग की थी कि रामकृपाल की बिल्डिंग की तरह इन आरोपियों की सम्पत्ति को ध्वस्त किया जाए। जेडीए की अधिगम कोचिंग की बिल्डिंग पर कार्रवाई स्वागत योग्य है, लेकिन सरकार सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण की नामी/ बेनामी संपत्तियों की जांच कर उन्हें जब्त/ध्वस्त क्यों नहीं कर रही? उन्होंने कहा कि सरकार को अधिगम कोचिंग में पढ़ रहे बच्चों की 70-70 हजार रुपए की फीस लौटाने के लिए सुरेश ढाका की संपत्ति नीलाम करनी चाहिए।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# जन आक्रोश सभाओं को जनता का जबरदस्त समर्थन मिला : अरूण सिंह

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान के आमजन में कांग्रेस सरकार के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है, भाजपा की ऐतिहासिक जन आक्रोश यात्रा के माध्यम से खुलकर सामने आया है, भाजपा की यह जन आक्रोश यात्रा प्रदेश की राजनीति में ऐतिहासिक जीत का 2023 में अध्याय लिखेगी, जो युगों-युगों तक याद रखी जाएगी।

अरूण सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा जन आक्रोश यात्रा 1 लाख 15 हजार किलोमीटर चली जो कि देश और प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है, आमजन को 92 लाख पत्रक भी बांटे गए, साथ ही 200 विधानसभाओं में 200 रथों के माध्यम से यात्रा निकलना भी ऐतिहासिक रहा है।

जन आक्रोश यात्रा राजस्थान की सभी पंचायतों और गांव गांव तक पहुंची है और 62 हजार से अधिक नुक्कड़ सभाएं और चौपालें हुई। राजस्थान के 1 करोड़ 20 लाख से अधिक लोगों से सम्पर्क हुआ है, जिसका संदेश प्रदेश के 8 करोड़ लोगों तक पहुंचा है।

- 'गहलोत ने युवाओं के भविष्य पर चलाया हथौड़ा, कांग्रेस की 2023 में विदाई तय, प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार बनेगी'

अरूण सिंह ने कहा कि विकास विरोधी कांग्रेस सरकार में गहलोत के काले कारनामों का काला चिट्ठा यात्रा के माध्यम से खुलकर सामने आया है। राजस्थान में महिला उत्पीड़न, युवाओं के साथ वादाखिलाफी, किसानों का कर्जमाफी का वादा पूरा नहीं करना, जिसके चलते आज राजस्थान का किसान आत्महत्या करने को मजबूर है, जनता 2023 में राजस्थान से कांग्रेस सरकार को विदा करेगी, जिसकी स्थिति मोटरसाइकिल की सवारी लायक रहेगी। जन आक्रोश यात्रा से कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री और सभी विधायक हिल चुके हैं, राजस्थान में जन-जन में और कोने-कोने में कांग्रेस सरकार के खिलाफ आक्रोश है।

अरूण सिंह ने कहा कि राजस्थान का किसान कह रहा है जहां राहुल गांधी भारत जोडो यात्रा राजस्थान में पहुंची, वहां वहां बिजली आई, लेकिन जैसे ही राहुल गांधी चले गए, उन क्षेत्रों से फिर वापस बिजली भी गुल हो गई है, किसान कांग्रेस शासन से इतना परेशान हो चुका है कि आने वाले 20 वर्षों तक भी राजस्थान में कांग्रेस की सरकार नहीं बनने देंगे। अरूण सिंह ने कहा कि राजस्थान की युवा विरोधी कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ खिलवाड करते हुए लगातार 16 बार पेपर लीक हुये, यह निश्चित रूप से कांग्रेस सरकार में बैठे लोगों की संलिप्तता है, अशोक गहलोत बड़े मगरमच्छों को लगातार बचाने में जुटे हैं। राजस्थान का युवा अब संकल्प ले चुका है कि 2023 के विधासभा चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर देगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में तीन चौथाई बहुमत की भाजपा सरकार राजस्थान में बनेगी।

## प्रदेश में केवल 2 ही नए करोना संक्रमित मिले

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश में सोमवार को केवल दो ही नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं दस मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 60 रह गए हैं। इस बीच राज्य में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में सोमवार को जयपुर और उदयपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इससे पहले रविवार को राज्य में 5 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में एक नया संक्रमित मालवीय नगर में सामने आया है। वहीं जिले में 9 मरीज ठीक हुए हैं। उधर प्रदेश में आज 1104 सैम्पल की जांच की गई है।

राज्य में सोमवार को भी नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान 10 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 60 रह गए हैं। इनमें से 54 मरीज जयपुर में बचे है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।


**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक- 13671 जाहिर आम सूचना दि. 06.01.2023

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 65/594 (HIG), (एरिया 189.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री तारा बाबू सोनी पुत्र स्व. श्री देवी लाल सोनी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2793 दिनांक 23.03.2005 को जारी किया गया। श्री तारा बाबू सोनी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 09.01.2008 को उप पंजीयक जयपुर- चतुर्थ, के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री तारा बाबू सोनी की मृत्यु दिनांक 24.04.2018 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती उषा सोनी पत्नी स्व. डॉ. ताराबाबू सोनी द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती उषा सोनी पत्नी स्व. डॉ. ताराबाबू सोनी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। **भवदीय**

**सम्पदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।**

**आम सूचना** सर्व साधारण का सुचित किया जाता है कि म.नं. 2628/8 मोहल्ला नमदगरान, रास्ता नमदगरान, चौकडी रामचन्द्र जी जयपुर, का पोल, चौक, रविशा, तहारत, जहुर अहमद, सईद अहमद पुत्रान कल्लू बादशाह तथा श्री रियाज पुत्र इसरार-उल-हक तथा अब्दुल हक उर्फ बाबू पुत्र स्व. फजले हक का मुश्तर्का हैं। अब्दुल हक उर्फ बाबू से उसका हिस्सा जहुर अहमद, सईद अहमद, रियाज, खरीदने को तैयार है। इनका हक-शफा है। अन्य नहीं खरीदे। अन्यथा स्वयम् जिम्मेदार होगा।

जयपुर (फैजान हुसैन) एडवोकेट
दिनाक मो.882451512

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- **2-झ-15** नाहरी का नाका, जयपुर क्षेत्रफल 110.00 वर्ग गज का आंवटन श्री सत्येन्द सिंह चौधरी पुत्र श्री बलवन्त सिंह चौधरी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5607 दिनांक 31.08.1976 जारी किया गया उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर-नगर में दिनांक 13.05.1988 को करवाया गया। श्री सत्येन्द सिंह चौधरी पुत्र श्री बलवन्त सिंह चौधरी के द्वारा उक्त आवास का मुख्त्यारनामा आम श्री नन्दलाल पुत्र श्री कीमत मल को नियुक्त किया गया। उक्त मुख्त्यारनामा आम दिनांक 17.03.1989 को कार्यालय उप पंजीयक जयपुर नगर में निष्पादित करवाया गया। तत्पश्चात मुख्त्यारनामा आम धारक श्री नन्दलाल पुत्र श्री कीमत मल के द्वारा उक्त आवास का बेचान श्रीमती निर्मला देवी पत्नी स्व. श्री दौलत राम को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर द्वितीय में दिनांक 31.03.1994 को करवाया गया। श्रीमती निर्मला देवी पत्नी स्व. श्री दौलत राम की मृत्यु दिनांक 14.01.2006 को हो गयी। मृतक श्रीमती निर्मला देवी के कुल सात वारिसों में से पांच वारिसों (1) श्रीमती जयवन्ती पत्नी श्री भगवान दास पुत्री स्व. श्री दौलत राम (2) श्रीमती विष्णी उर्फ नेहा पत्नी श्री सुनील काका पुत्री स्व. श्री दौलत राम, (3) श्रीमती कमली पत्नी श्री महादेव पुत्री स्व. श्री दौलत राम (4) श्रीमती ज्योति पत्नी श्री भानु कुमार पुत्री स्व. श्री दौलत राम (5) श्रीमती पायल पत्नी श्री विजय कुमार पुत्री स्व. श्री दौलत राम के द्वारा अपने हिस्से का हकत्याग पत्र अपने भाई श्री गोविन्द राम पुत्र स्व. श्री दौलत राम के पक्ष निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंचम में दिनांक 12.12.2006 को निष्पादित करवाया गया। तत्पश्चात श्री गोविन्द राम पुत्र स्व. श्री दौलत राम एवं श्री जेठानन्द पुत्र स्व. दौलत राम के द्वारा कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंचम में दिनांक 18.12.2006 को उक्त आवास का मुख्त्यारनामा आम श्री महराजुद्दीन कुरेशी पुत्र मो. नजर अहमद को नियुक्त किया गया। तत्पश्चात श्री मुख्त्यारनामा आम श्री महराजुद्दीन कुरेशी पुत्र मो. नजर अहमद के द्वारा उक्त आवास का बेचान श्री हाजी बाबुदीन कुरेशी पुत्र श्री नाजर अली को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंचम में दिनांक 03.07.2007 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री हाजी बाबुदीन कुरेशी पुत्र श्री नाजर अली के द्वारा उक्त आवास का बेचान श्री गुलाम नबी पुत्र स्व. श्री हाजी अब्दुल समद खान को कर विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंचम में दिनांक 07.07.2011 को करवाया गया। श्री गुलाम नबी पुत्र स्व. श्री हाजी अब्दुल समद खान के द्वारा मंण्डल अभिलेख में उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्री गुलाम नबी पुत्र स्व. श्री हाजी अब्दुल समद खान** के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- **14/H/253** इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 128.000 वर्ग मीटर का आवंटन श्री आर.एन.गुप्ता पुत्र स्व. श्री नारायण प्रसाद गुप्ता को किया गया था। जिसका आवंटन कम कब्जा पत्र क्रमांक 627 दिनांक 20.04.2011 जारी किया गया। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर-अष्टम में दिनांक 05.03.2013 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री आर.एन.गुप्ता पुत्र स्व. श्री नारायण प्रसाद गुप्ता के कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर अष्टम में दिनांक 05.03.2013 को उक्त आवास का मुख्त्यारनामा आम श्री वेदपाल पुत्र श्री हरफूल को नियुक्त किया गया। तत्पश्चात मुख्त्यारनामा आम श्री वेदपाल पुत्र श्री हरफूल के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री पुनीत गोयल पुत्र श्री ओम प्रकाश गोयल को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर प्रथम में दिनांक 23.03.2013 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री पुनीत गोयल पुत्र श्री ओम प्रकाश गोयल के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्रीमती केशो देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश मीना को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर चतुर्थ में दिनांक 01.11.2022 को करवाया गया। श्रीमती केशो देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश मीना के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्रीमती केशो देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश मीना** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**खोया पाया**

मेरे प्लाट नं. 186 मूर्तिकला उद्योग नगर का मूल कब्जा पत्र व मांग पत्र वसुंधरा कॉलोनी में गुम हो गये है मिलने पर सूचित करें राजकुमार शर्मा। मो.9869637150

मेरे विनोद बाला कत्याल पत्नी श्री प्राण नाथ कत्याल निवासी 298, विनोबा विहार, मॉडल टाउन की मूल रसीद नम्बर-7374 जो समिति द्वारा 30.11.1980 को जारी की गयी है, मेरे से कहीं खो गई है। मिलने पर सूचित करें। मो.नं. 9950664849

रिजर्व बैंक हाउसिंह कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी की आवासीय योजना- आशिष विहार, जगतपुरा, जयपुर का जविप्रा द्वारा जारी मूल पट्टा, मूल रसीद व मूल साईट प्लान, व पट्टे के साथ संलग्न समस्त मूल स्टाम्पस् आदि कहीं गुम हो गए है। मिलने पर कृपया सूचित करें। अशोक कुमार मट्टू - मोबाईल नम्बर 9868868659

आवास संख्या 118/185 मानसरोवर जयपुर का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। प्रमोद कुमार मो. 9950205185

**नाम परिवर्तन**

मैं कचरे वर्षाराणी महेश पत्नी हवलदार कचरे महेश पांडूरंग आर्मी नम्बर 1692129P निवासी किंदरवाडी पोस्ट पेड, तहसील तासगांव, जि. सांगली, महाराष्ट्र 416312 मैंने अपना नाम वर्षाराणी से बदलकर कचरे वर्षाराणी महेश रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना जावें। Vide Affidavit 22531901112685004295O1 Dated 06.01.2023

I Gouri Shankar Kaimya S/o Kishan Lal Agarwal residing at 2392 Khajane Walaon Ka Rasta, Triveni Bhagwan Jaipur 302001 (Raj.) Chandpole Bazar. Do hereby solemnly affirm and state that have changed my name from G.S. Agarwal, Gori Shanker to Gouri Shankar Kishan in future I will be known and called by m changed name.

After marriage I changed my name form Sharma Laxmi Dindayal to Laxmi Dubey. In future known me Laxmi Dubey W/o Deepak Dubey R/o D-236, Prem Nagar, Krishana Marg, Jhotwara, Jaipur, Raj.

I Have Changed my Name From Mala Jatav To Mala Nikochia W/o Suresh Chand For All Purpose R/o Near Govt. School Ronpur Alwar, Raj.

I Have Changed my Name From Zahina Surendra Dhabai To Zahina Dhabai For All Purpose R/o 43, Gulab Vihar Colon Near Friends Colony Panchyawala Jaipur, Raj.

I Have Changed my Name From Surinder Dhabai To Surendra Dhabai For All Purpse R/o 43, Gulab Vihar Colony Near Friends Colony Panchyawala Jaipur, Raj.

I Banshidhar Khedar S/o Chhotu Lal Khedar R/o Ward No 14, Ratanpura, Sikar, Rajasthan-332712 have changed my name to Bhavin Kheda

# बीकानेर में कांस्टेबल और अजमेर में महिला पटवारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

## बीकानेर नयाशहर थाना पुलिस ने हवालात में बंद युवक की पिटाई नहीं करने के मामले में ली रिश्वत

**बीकानेर,** (कासं) । नयाशहर थाने की हवालात में बंद एक युवक की पिटाई नहीं करने के मामले में पुलिस ने पचास हजार रुपए की रिश्वत मांगी, जिसमें तीस हजार रुपए लेते हुए जांच अधिकारी थानेदार का रीडर रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस अब उसके अन्य ठिकानों पर भी छानबीन कर रही है, वहीं इस मामले में नयाशहर थानाधिकारी से भी पूछताछ हो सकती है। फिलहाल एसएचओ से कोई पूछताछ नहीं हुई है। दरअसल, नयाशहर थाने की हिरासत में प्रदीप नामक युवक बंद है। उस पर नशे का अवैध व्यापार करने का आरोप है। कोटगेट थाने में मामला दर्ज है लेकिन जांच नयाशहर थानाधिकारी वेदपाल शिवराण के पास है। इसी कारण नयाशहर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी के सीआई आनन्द मिश्रा ने बताया कि हिरासत में किसी तरह परेशान नहीं करने और उसके हिसार में बैठे भाई रविंद्र का नाम नहीं लेने के लिए रिश्वत की मांग की गई थी। कांस्टेबल बुद्धराम बिश्नोई के फोन से प्रदीप के भाई को कई बार कॉल किया गया। उससे पचास हजार रुपए की रिश्वत की मांग रखी गई। इस पर रविंद्र ने अपने दोस्त अक्षय चौधरी को बोला, जिसने एसीबी को इस संबंध में शिकायत दी। रविवार को ही एसीबी को शिकायत मिली, तब तक पांच हजार रुपए दिए जा चुके थे। शेष तीस हजार रुपए अब दिए जाने थे।

- **एसएचओ का रीडर गिरफ्तार, थानाधिकारी से भी पूछताछ हो सकती है**

इस पर एसीबी ने शिकायत की पुष्टि करने के बाद सोमवार को तीस हजार रुपए की रिश्वत लेते बुद्धराम को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अब वेदपाल से भी पूछताछ हो सकती है। अब तक वेदपाल से इस रिश्वत प्रकरण का कोई संपर्क सामने नहीं आया है। थानाधिकारी के नाम पर रिश्वत की मांग हो सकती है लेकिन सीधे -सीधे थानाधिकारी की भूमिका अब तक सामने नहीं आई है।

## रिश्वत लेते खानपुरा पटवारी दर्शना संबल गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर एसीबी ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए खानपुरा पटवारी दर्शना संबल को 8 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दर्शना संबल ने यह रिश्वत कृषि भूमि का नामांतरण खोलने की एवज में ली थी। एसीबी दर्शना संबल के आवास एवं अन्य ठिकानों पर भी सर्च किया है। अजमेर एसीबी की अजमेर इकाई को परिवादी ने मामले की शिकायत की थी। इस पर एसीबी ने पूरे मामले का सत्यापन करवाने के बाद दर्शना को 8 हजार के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है।

- **कृषि भूमि का नामांतरण खोलने की एवज में ली थी रिश्वत**



आरोपित पटवारी दर्शना संबल

# जेईई-मेन 2023 में 7.85 लाख विद्यार्थियों ने किया रजिस्ट्रेशन

## 12 जनवरी है आवेदन की अंतिम तिथि

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2023 के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। अंतिम दिनों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी परीक्षा के लिए आवेदन कर रहे हैं। सोमवार शाम तक 7 लाख 85 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। आवेदन की अंतिम तिथि 12 जनवरी तक है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि इस वर्ष जेईई-मेन परीक्षा दो सेशन में जनवरी व अप्रेल माह में संपन्न होगी। जनवरी माह के लिए 8 लाख से अधिक विद्यार्थियों के आवेदन करने का अनुमान है। विद्यार्थी अभी केवल जनवरी जेईई-मेन के लिए ही आवेदन कर रहे हैं। अप्रेल परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को पुनः आवेदन करना होगा। अभी बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी भी हैं जिन्होंने जनवरी जेईई-मेन के लिए आवेदन नहीं किया है। इसका बड़ा कारण परीक्षा की देरी से घोषणा और जनवरी में ही परीक्षा करवाने के साथ-साथ बोर्ड पात्रता को लेकर स्पष्टीकरण नहीं आना है।

इस वर्ष भी जेईई-मेन 2023 परीक्षा के लिए कुल यूनिक कैंडिडेट की संख्या 10 लाख से अधिक हो सकती है। जनवरी जेईई-परीक्षा 24 से 31 जनवरी के मध्य होनी है। ऐसे में 20 जनवरी तक प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे। ऐसे विद्यार्थी जो बोर्ड पात्रता के असमंजस में आवेदन नहीं कर रहे हैं, उन्हें अवश्यक रूप से आवेदन करना चाहिए, क्योंकि जेईई मेन परीक्षा देने के लिए कोई बोर्ड पात्रता बाध्याता नहीं है। साथ ही जेईई-मेन के आधार पर बहुत से इंजीनियरिंग संसथानों में प्रवेश मिलता है, जिनमें बोर्ड पात्रता 75 प्रतिशत से भी कम है।

# एक ही रात में आधा दर्जन मकानों के ताले तोड़े

## 2 लाख की नगदी, आभूषण एवं बाइक चोरी



आखतड़ी गांव में चोरी की घटना के बाद बिखरा पड़ा सामान।

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के पचेवर थानान्तर्गत आखतड़ी गांव में रविवार की रात शातिर चोरों ने धमाचौकड़ी मचाते हुए एक ही रात में आधा दर्जन मकानों के ताले तोड़ 2 लाख रुपये नगद एवं आभूषण सहित बाइक चुरा ली।

ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने रामचन्द्र रैगर के घर में खडी बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने के साथ ही भंवर लाल जाट के मकान में घुस अलमारी व बक्सों के ताले तोड़ 2 लाख रूपये की नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिये। यहां गांव के ही चार अन्य मकानों के भी ताले तोड़े गये लेकिन इस दौरान जाग हो जाने से चोर मौके से भाग छूटे। सूचना पर पचेवर थाना पुलिस मय जाप्ते के आखतडी गांव पहुंची और सभी मकानों का जायजा लिया। शहर के ट्रक स्टैण्ड पर मदन लाल सोनी की दुकान, बस स्टैण्ड के बाहर परचुन की दुकान सहित दर्जनों वारदातों के सीसीटीवी फुटेज थाना पुलिस को दिये जाने के बावजूद भी पुलिस के हाथ आज भी खाली हैं।

# एस.एम.सी. व एस.डी.एम.सी. प्रशिक्षण शुरू

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 9 और 10 जनवरी का एसएमसी और एसडीएमसी के सदस्यों का प्रशिक्षण हुआ ।

प्रशिक्षण में ढाणी छोटी श्री चनानी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय और स्थानीय विद्यालय के एसएमसी व एसडीएमसी के प्रशिक्षण शुरू किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक विद्यालय की प्रबंधन समिति से 6-6 सदस्य प्रशिक्षण ले रहे हैं। केआरपी लक्ष्मीचंद व्याख्याता द्वारा एसएमसी और एसडीएमसी के अधिकार, कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर संस्था प्रधान कृष्ण कुमार मेहरा ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय संचालन और प्रबंधन में कमेटी के दायित्व एवं कृतव्यों को विस्तार से बताते हुए विद्यालय में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।



संस्था प्रधान कृष्ण मेहरा ने संभागियों को जानकारी दी।

## बस-ट्रक की भिड़ंत में आठ घायल

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। उनियारा थाना क्षेत्र के खेलनिया के निकट एनएच 116 पर सोमवार सुबह रोडवेज बस और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में रोडवेज चालक सहित 8 जने घायल हुए हैं। इस हादसे में रोडवेज बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। वहीं ट्रक भी इस टक्कर के बाद पलट गया। इस पूरे हादसे में लगभग एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। इनमें बस चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर उनियारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां हादसे में घायल लोगों को बाहर निकाल कर उनियारा अस्पताल ले जाया गया। रोडवेज बस चालक नईम और अन्य महिलाओं को टोंक रैफर किया गया है।

# सायबर ठग एटीएम बूथ से पैसे निकालते समय गिरफ्तार

**अलवर,** (निसं)। साइबर क्राइम का गढ़ बने अलवर जिले में लोग टटलूबाजू से परेशान रहते हैं। इसी को लेकर तेजस्वनी गौतम पुलिस अधीक्षक जिला अलवर के निर्देशानुसार सायबर अपराधों की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुये सुरेश कुमार खींची अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अलवर व अमित सिंह वृताधिकारी वृत ग्रामीण अलवर के निकटतम् पर्यवेक्षण में टीम का गठन किया गया।

पुलिस की गठित टीम द्वारा सायबर ठगी के अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु अपने सूचना तंत्र को मजबूत कर मुखबिर मामूर किये गये । इस पर सूचना तंत्र के आधार पर मिले इनपुट पर कुछ सायबर ठगों को चिन्हित किया गया तथा टीम द्वारा लगातार उन पर निगरानी रखी गई।

- **आरोपी के कब्जे से 25 एटीएम कार्ड व 1,40,000 नकदी जप्त की**
- **पुलिस को भरतपुर के सायबर ठग द्वारा अलवर के एटीएम से पैसे निकालने की जानकारी मिली**

इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि सोमवार शाम को भरतपुर जिले का एक सायबर ठग अलवर शहर में लगे एटीएम मशीनों से पैसे निकालने आने वाला है। इस सूचना पर टीम सक्रिय होकर सायबर ठग की निगरानी में लगी रही और सम्भावित स्थानों पर नजर रखी गई। इसी दौरान टीम को हनुमान सर्किल पर लगे एटीएम बूथों के इर्द-गिर्द एक सायबर ठग पैसे निकालने की फिराक में घूमता हुआ नजर आया। जिस पर निगरानी रखी गई तो वह शक्स आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम मशीन से अलग-अलग एटीएम कार्ड से लगातार पैसे निकालता रहा। जिसे टीम द्वारा मौके पर ही दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी फारूख अहमद पुत्र हमीद खॉ जाति मेव उम्र 22 साल निवासी लाडमका पुलिस थाना गोपालगढ जिला अलवर है जिसके कब्जे से 25 एटीएम कार्ड व 1,40,000 नकदी जप्त की है।

# रक्षा सम्बन्धी स्थायी समिति ने जैसलमेर का दौरा किया

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। संसद की रक्षा संबंधी स्थायी समिति ने सोमवार को दक्षिणी कमान के तत्वावधान में सेना के संगठनों का दौरा किया, ताकि वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य में "रक्षा बलों की सामरिक परिचालन तैयारियों की समीक्षा" की जा सके । समीक्षा में रक्षा तैयारी, नई और स्वदेशी तकनीक का उपयोग, मानवीय सहायता और आपदा राहत शामिल हैं।

समिति की अध्यक्षता जुआल ओराम सांसद ने की, जिन्होंने 22 अन्य सदस्यों के साथ स्थानों का दौरा किया। यात्रा के दौरान, लेफ्टिनेंट जनरल ए के सिंह, सेना कमांडर, दक्षिणी कमान ने समिति को आजादी के बाद से कमांड के समृद्ध इतिहास और विरासत, राष्ट्र की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका और कार्यों के बारे में अवगत कराया।

- **रक्षा बलों की सामरिक परिचालन तैयारियों की समीक्षा**

दक्षिणी कमान कोणार्क कोर रेगिस्तान सेक्टर में सीमाओं की रक्षा कर रही है। इस क्षेत्र ने 1971 के युद्ध में लौंगेवाला की ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी गई थी, जिसने पश्चिमी मोर्चे पर दुश्मन के प्रयास को विफल कर दिया था। रक्षा संबंधी स्थायी समिति रक्षा नीतियों के विधायी अवलोकन और रक्षा मंत्रालय के निर्णय लेने के उद्देश्य से भारत की संसद द्वारा गठित संसद के चयनित सदस्यों की एक समिति है।

## माफिया के सात डंपर व जेसीबी जब्त

**जोधपुर,** (कासं)। लूणी थाना पुलिस ने सोमवार सुबह 4.30 बजे अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई के तहत 7 डंपर व एक जेसीबी जब्त की गई। नदी में अवैध खनन कर रहे कई लोग पुलिस को देख मौके से भाग गए। पुलिस ने यह कार्रवाई लोलासनी क्षेत्र में लूणी नदी से अवैध बजरी खनन की सूचना पर की। लूणी पुलिस के अनुसार अवैध बजरी परिवहन की सूचना के बाद सोमवार सुबह जाब्ते के साथ लोलासनी इलाके में दबिश दी। मौके पर पहुंचकर अवैध बजरी खनन में इस्तेमाल किए जा रहे डंपर और जेसीबी को जप्त कर लिया गया। सभी वाहन लूणी थाने लाकर खड़े कर दिए । इसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को सूचना दी गई। पुलिस के अनुसार लूणी नदी क्षेत्र में बजरी के अवैध खनन को लेकर शिकायतें मिल रही थीं।

# कुल्हाड़ी से हमला कर पत्नी ने की पति की हत्या

**उदयपुर,** (कासं)। परसाद थाना पुलिस ने घरेलू विवाद में कुल्हाडी से हमला कर पति की हत्या कर मकान के आंगन में गड्डा खोद कर लाश को दफना ने के मामले में पत्नी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 9 जनवरी 2023 को पीडित खरबर ए फला हवात थाना परसाद निवासी हरिश पुत्र भीमा मीणा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 5 दिसंबर 2022 को मेरा भाई रूपलाल (49) पुत्र भीमा मीणा घर से चला गया था। नजर नहीं आने पर मैने भाभी शारदा से पूछा तो मजदूरी करने एवं उससे संपर्क नहीं होने की बात कही।

इस पर 1 जनवरी को पुलिस थाने में एमपीआर दर्ज करवाई। तलाश में खेत की पाल पर पत्थर हटा कर कंकाल खोपडी के संबंध में भाभी से पूछताछ की तो वह बीना जवाब दिए भाग गई। भाभी ने भाई की हत्या कर लाश को दफना दिया। मौके पर भाई का धड नहीं है। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला, पुलिस उप अधीक्षक सराडा राजेन्द्र सिंह जैन के सुपरविजन में सराडा थानाधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने रूपलाल की हत्या करने के आरोपी शारदा पत्नी रूपलाल पूछताछ के बाद पति की हत्या करने के आरोपी में गिरफ्तार किया। आरोपी ने पति की लाश को ठिकाने लगाने के लिए दो नाबालिग पुत्रों की मदद से घरके आगे ही रात में खड्डा खोद कर दफना दिया। इस पर पुलिस ने उसकी निशानदेही से मृतक के शव को बाहरनिकाल परसाद चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया।

# हिस्ट्रीशीटर रूपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में हिस्ट्रीशीटर रूपी उर्फ रूप सिंह।

**हलैना,** (निस)। हलैना थाना पुलिस ने राज्य स्तरीय रूपी गैंग का मुखिया और वैर थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर रूपी (रूप सिंह) उर्फ रूप किशोर जाट को मय रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार किया है। बिना नंबरी बाइक भी बरामद की गई है। हलैना थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि गांव खेरली गुर्जर निकट बाणगंगा नदी के बन्ध पर एक जना घूम रहा है और वह हथियार लेकर लूटपाट एवं अन्य वारदात के प्रयास में खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही नाकेबंदी की। बाणगंगा नदी के पास एक युवक नजर आया। जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसका पीछा कर उसे दबोचा गया। जिसके पास से एक देसी रिवाल्वर और जिंदा एक कारतूस बरामद किया गया। युवक ने पूछताछ में बताया कि वह वैर थाना के गांव बासी जीवद का निवासी है और नाम रूपी है। वैर पुलिस ने युवक को रूपी गैंग का मुखिया और वैर थाना का हिस्ट्रीशीटर बदमाश बताया। वैर के हिस्ट्रीशीटर रूपी उर्फ रूपसिंह के खिलाफ़ भरतपुर, अलवर, दौसा जिले के अनेक थाना पर करीब 17 प्रकरण इंद्राज है।

## दम घुटने से पति-पत्नी की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। बीछवाल थाना एरिया में पति-पत्नी की दम घुटने से मौत हो गई। ये दोनों बिहार के रहने वाले हैं और यहां मजदूरी करने आए हुए थे। बताया जा रहा है कि रात को सिगड़ी जलाकर दोनों सो गए थे और दम घुटने से दोनों की मौत हो गई। बीछवाल पुलिस के अनुसार अनिल (40) व पूर्णिमा (36) अपने घर में सो रहे थे। सुबह घर में कोई हलचल नहीं हुई तो आस-पास के लोगों ने संभाला। दोनों के शरीर में किसी तरह की हरकत नहीं होने पर पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद दोनों को पीबीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। जहां ये सोए हुए थे, वहां पास में ही सर्दी से बचने के लिए सिगड़ी जलाई हुई थी। इसी कारण इनका दम घुटता रहा। दोनों नींद में ही सोए रह गए। दोनों यहां करणी इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री सन्नी वूलन मिल में मजदूरी का काम करते थे और कूच बिहार के रहने वाले थे। उनके परिचित मोर्चरी पहुंच गए हैं। अभी पुलिस ये पता लगा रही है कि इनके बच्चे भी साथ में थे या नहीं।

- **सिगड़ी जलाने से दम घुटता रहा, दोनों नींद में ही सोते रह गए**
- **बिहार से मजदूरी के लिए आए थे बीकानेर**

# बहरोड़ थाने के बाहर पुलिस प्रशासन जिंदाबाद, महंत बालक नाथ मुर्दाबाद के नारे लगे

## रविवार को अलवर सांसद बाबा बालकनाथ और डीएसपी आनंद राव के बीच हुई तीखी बहस के बाद घटा घटनाक्रम

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। बहरोड कस्बे में रविवार को अलवर सांसद बाबा बालकनाथ और डीएसपी आनंद राव के बीच हुई तीखी बहस के मामले में सोमवार को बड़ी तादाद में लोग बहरोड थाने के बाहर जुटे । उन्होंने विधायक बलजीत यादव समर्थकों ने कस्बे में पुलिस प्रशासन जिंदाबाद, महंत बालक नाथ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाते हुए शक्ति प्रदर्शन कर थाने के मुख्य दरवाजे पर अलवर सांसद बालक नाथ का पुतला फूंका।

गौरतलब है कि जिला अस्पताल के गोली कांड मामले में रविवार को जहां अलवर सांसद बालक नाथ के नेतृत्व में चार निर्दोष लोगों को भारी जनसमूह के साथ बचाने का प्रयास किया गया। वहीं सोमवार को नीमराना सरपंच सतीश मुद्गल के नेतृत्व में विधायक बलजीत यादव के समर्थकों ने अलवर सांसद महंत बालक नाथ की शवयात्रा निकालते हुए डीवाईएसपी आनंद राव के साथ हुए दुर्व्यवहार के लिए कस्बे में सांसद का पुतला लेकर थाने के मुख्य दरवाजे पर पहुंचकर पुलिस की हौसला अफजाई करते हुए सांसद का पुतला फूंका।

बहरोड उप प्रधान गजराज सिंह यादव ने बताया कि थाने के मुख्य दरवाजे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए विधायक बलजीत यादव के समर्थकों ने नांगलखोड़िया की दो निर्दोष महिलाओं के पैरों में गोली लगने पर सांसद द्वारा उनके प्रति सहानुभूति नहीं जताने तथा दूसरी तरफ उसी गोलीकांड की जांच में सहयोग करने के लिए निर्दोष 4 लोगों की आड़ में पुलिस के साथ राजनीतिक तानाशाही का प्रयोग कर पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच में बाधा डालने की घोर निंदा की।

इस दौरान बहरोड़ पंचायत समिति के उप प्रधान गजराज यादव मैनेजर, वीरेंद्र यादव तथा नीमराना के पूर्व सरपंच सतीश मुद्गल सहित कपिल यादव, रामजस प्रधान, नीरज यादव, शीतल तथा जनता सेना के अनेक लोग मौजूद रहे।



विधायक बलजीत सिंह यादव के समर्थकों ने सांसद बालकनाथ का पुतला फूंका।

# जयपुर में 11-12 जनवरी को होगा अखिल भारतीय विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन

## राजस्थान विधानसभा में होगा आयोजन, उपराष्ट्रपति व लोकसभा अध्यक्ष करेंगे उद्घाटन

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । अखिल भारतीय विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन 11 व 12 जनवरी को जयपुर स्थित राजस्थान विधानसभा में होगा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इसका उद्घाटन करेंगे। इससे पहले 10 जनवरी को विधानमंडलों के सचिवों का 59वां सम्मेलन होटल मैरियट में होगा। करीब 11 वर्ष बाद राजस्थान को इस सम्मेलन की मेजबानी का मौका मिला है, इससे पहले भी तीन बार ऐसे सम्मेलन प्रदेश में हो चुके हैं। यह जानकारी सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी ने दी।



विधानसभा अध्यक्ष सी.पी.जोशी

- **दो सत्रों के माध्यम से जी-20 में लोकतंत्र की जननी भारत का नेतृत्व; संसद एवं विधानमंडलों को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी व उत्पादकतायुक्त बनाने की आवश्यकता; डिजिटल संसद के साथ राज्य विधानमंडलों का संयोजीकरण और संविधान की भावना के अनुरूप विधायिका व न्यायपालिका के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंध बनाये रखने की आवश्यकता पर चर्चा की जायेगी**
- **विधानमंडलों के सचिवों का 59वां सम्मेलन आज जयपुर की होटल मैरियट में होगा**

जोशी ने बताया कि राजस्थान विधानसभा में 11-12 जनवरी को आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में उद्घाटन के पश्चात दो सत्रों में जी-20 में लोकतंत्र की जननी भारत का नेतृत्व, संसद एवं विधानमंडलों को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी एवं उत्पादकतायुक्त बनाने की आवश्यकता, डिजिटल संसद के साथ राज्य विधानमंडलों का संयोजीकरण और संविधान की भावना के अनुरूप विधायिका व न्यायपालिका के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंध बनाये रखने की आवश्यकता पर सार्थक चर्चा होगी। सम्मेलन में भाग लेने के लिए अभी तक 21 अध्यक्ष, 12 उपाध्यक्ष, 6 चैयरमेन और 6 डिप्टी चैयरमेन की मंजूरी हमें मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को राजस्थान विधानसभा में सांस्कृतिक संध्या होगी, जहां प्रदेश के प्रख्यात 200 लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। राज्य के विभिन्न भागों के लोक कलाकार मीराबाई की भक्ति, सूफियाना और लंगा मांगणियारों की परंपरा को लोक संगीत के जरिये पेश करेंगे।

जोशी के मुताबिक पीठासीन अधिकारियों के साथ राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया भी समारोह में भाग लेंगे। विधानमंडलों के सचिवों का 59वां सम्मेलन 10 जनवरी को जयपुर की होटल मेरियट में होगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि इसमें 29 विधानसभाओं के सचिवों के आने की सूचना हमें मिली है। इन दोनों सम्मेलनों में देश के सभी राज्यों से अधिकारी आयेंगे। इन्हें राजस्थान की संस्कति, कला और पर्यटन को दिखाने के लिए 13 जनवरी को भ्रमण कार्यक्रम रखा गया है। तीन दलों में यह अधिकारी रणथम्भौर, अल्बर्ट हॉल और आमेर समेत कई पर्यटन स्थलों का अवलोकन करेंगे। जोशी ने बताया कि राजस्थान को इस सम्मेलन के आयोजन का मौका 11 वर्ष बाद मिला है। इससे पूर्व 23वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन 14-16 अक्टूबर, 1957 को, 44वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन 21-22 अक्टूबर 1978 को तथा 76वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन 21-22 सितम्बर 2011 को आयोजित हुआ था। ये सभी सम्मेलन जयपुर में आयोजित हुए थे।

## संक्षिप्त

### बंदूक की नोंक पर युवक से कार छीनी

**जयपुर** । जवाहर सर्किल इलाके में बदमाश चालक की कनपटी पर पिस्टल लगा कर क्रेटा कार लूट ले गए। पुलिस ने बताया कि गांव सावर थाना केकड़ी जिला अजमेर निवासी प्रकाश कुमार जैन रविवार दोपहर अपनी पत्नी, दो बच्चों और ड्राइवर के साथ क्रेटा कार लेकर जयपुर आया था। यहां वह करीब साढ़े तीन बजे जीटी में परिवार के साथ खरीदारी करने के लिए चला गया। इस दौरान चालक हीरालाल कार लेकर बाहर रोड किनारे खड़ा इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद चालक हीरालाल शनि मंदिर के सामने रेल्वे पटरी की तरफ कार लेकर चला गया और यहां कार खड़ी कर मालिक प्रकाश का इंतजार करने लगा। करीब साढ़े 6 बजे हीरालाल ने मालिक से आने के लिए पूछा था। इसके कुछ देर बाद ही वह कार स्टार्ट कर जीटी की तरफ आने लगा तो दो लड़के आए, जिनमे एक लड़का परिचालक सीट और दूसरा पीछे वाली सीट पर बैठ गए। आरोप है एक लड़के ने चालक हीरालाल की कनपटी पर पिस्टल लगा दी और कार चलाने के लिए कहा। इसके बाद गोनेर तिराहा, आगरा रोड तक चालक हीरालाल खुद कार लेकर पहुंचा, यहां पर बदमाशों ने उसे नीचे उतार दिया। इसके बाद कार और चालक का मोबाइल लूट कर फरार हो गए।

### एटीएम से बैट्रियां चुराने वाला पकड़ा

**जयपुर** । कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने शास्त्री नगर इलाके में कार्रवाई करते हुए एटीएम बूथों से बैटरियां चुराने वाले गिरोह के 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चुराई गई 6 बैटरियां बरामद की है। डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया गिरोह के शातिर बदमाश सौभाग मल नागर (43) निवासी श्याम वाटिका कलावाला सांगानेर, सुरेन्द्र सिंह (31) निवासी कठूमर जिला अलवर, मोहम्मद आकिब (27) निवासी जानी खुर्द जिला मेरठ हाल किशनपोल बाजार और मोहम्मद फरमान मलिक (30) निवासी पुराना जालूपुरा को गिरफ्तार किया कर छह बैटरी बरामद की है।

### नकल करते फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**जयपुर** । माणक चौक इलाके में कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से आयोजित परीक्षा में एक परीक्षार्थी ब्लूटूथ के साथ पकड़ा गया। थानाधिकारी रण सिंह ने बताया 8 जनवरी की सुबह स्थित शहीद अमित भारद्वाज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से सीईटी-2022 की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस दौरान चेकिंग टीम को रूम नंबर-25, में परीक्षार्थी पवन कुमार शर्मा (22) निवासी गांव दनाऊ खुर्द, तुंगा के पास ब्लूटूथ ईयर फोन मिला, जिसे बरामद कर उसकी ओएमआर शीट जब्त कर आरोपित को गिरफ्तार किया है।

### चाइल्ड पोनोग्राफी में युवक पकड़ा

**जयपुर** । रामगंज पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया गिरफ्तार आरोपित मोहित कुमार महावर (20) चौकडी हुजूरी तोपखाना, रामगंज का रहने वाला है। आरोपित ने एक नाबालिग की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड की थी। इस पर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

## वर्ल्ड डायटेटिक्स डे पर स्वास्थ्य परिचर्चा आज

**जयपुर** । आमजन को स्वास्थ्य, फिटनेस और आहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ल्ड डायटेटिक्स डे-2023 के अवसर पर महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर और नारायण मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 10 जनवरी को स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन होगा।

महावीर इंटनेशनल के अध्यक्ष वीर सुभाष गोलेछा ने बताया कि कार्यक्रम जनता कॉलोनी स्थित महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन के कार्यालय भवन में दोपहर 1 से 2 बजे तक होगा। स्वास्थ्य परिचर्चा में सीनियर कंसलटेंट स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. उषा अग्रवाल और डायटीशियन आस्था जैन अपने विचारों को साझा करेंगी। कोषाध्यक्ष अनिल वैध ने बताया कि महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों और परिवार को तो भरपूर ध्यान रखती हैं लेकिन अपने खान-पान और पौष्टिकता को नजरअंदाज कर जाती हैं। इन्हीं विषयों को ध्यान में रखकर परिचर्चा के दौरान न्यूट्रीशन व डायटेटिक्स के बारे में लोगों के मन में उठ रही जिज्ञासाओं और उनके सवालों के जवाब भी विशेषज्ञ देंगे। शरीर के भार और माप पर आधारित बॉडी-मास इंडेक्स के अनुसार शरीर के लिए प्रतिदिन ज़रूरी वसा, कार्बोहाईड्रेट व प्रोटीन की मात्रा का निर्धारण कर व्यक्ति के खान-पान के साथ ही बेहतर डाइट प्लान भी साझा करेंगे। स्त्री रोग विशेषज्ञ महिलाओं की गायनी संबंधी समस्याओं पर चर्चा के लिए अलग सैशन लेंगी।

## ओसवाल सोप ग्रुप के श्रीपार्श्व प्रेम विहार धाम का उद्घाटन

**जयपुर**, (कासं)। जयपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग महला में श्रीपार्थ प्रेम विहार धाम का उद्घाटन और मंगल प्रवेश किया गया। ओसवाल सोप ग्रुप की ओर से स्वर्गीय दादा-दादी सीतादेवी, देशराजजी और स्वर्गीय मातुश्री गुणमाला जैन की पुण्य स्मृति में श्री पार्श्व प्रेम विहार धाम का निर्माण कार्य कराया गया है। श्रीपार्श्व भक्ति प्रेम फांउडेशन जयपुर की ओर से अजमेर हाईवे पर महला के पास निर्मित श्री पार्श्व प्रेम विहार धाम का उद्घाटन के दौरान कुलचन्द्र सुरीश्वर महाराज की उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन और मंगल प्रवेश कार्यक्रम के दौरान



ओसवाल सोप परिवार के देवेन्द्र कुमार ओसवाल, सुरेन्द्र कुमार ओसवाल, यतेन्द्र कुमार ओसवाल एवं वीरेन्द्र कुमार ओसवाल ने मंगल प्रवेश के बाद दिव्य संतों का आशीर्वाद लिया। आपको बता दे कि प्रेम विहार धाम अजमेर रोड़ पर पंचशील पार्क टोल टैक्स से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

## कार्यक्रम में मिले पुराने दोस्तों ने यादें ताजा की तो भावुक व रोमांचित हुए

### महावीर स्कूल एलुमनी एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन आयोजित

**जयपुर** । महावीर स्कूल के एलूमनी (पूर्व छात्रों की) संस्था महावीर स्कूल एलुमनी एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल परिसर में हर्षोल्लास से मनाया गया। एलुमनी एसोसिएशन के मानद सचिव सीए सुनील जैन ने बताया कि एसोसिएशन की ओर से महावीर बिजनेस फोरम की स्थापना की जाएगी। स्कूल एलुमनी के चैप्टर देश व विदेश के प्रमुख शहरों में खोले जाएंगे।

अध्यक्ष अखिलेश कुमार जैन ने बताया कि अब तक संस्था के लगभग 1800 सदस्य है जिनकी संख्या को निकट भविष्य 7500 तक ले जाने का लक्ष्य है जिसके लिए सोशल मीडिया व आधुनिक टेक्नोलोजी का इस्तेमाल किया जाएगा। वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि स्कूल के पूर्व छात्र डॉ. प्रदीप कुमार व्यास, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य सचिव महाराष्ट्र सरकार ने कहा कि मैं स्कूल के दिनों के स्मरणों को याद कर व पुराने मित्रों से मिलकर रोमांचित महसूस कर रहा हूं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल के पूर्व छात्र रहे महेन्द्र पारख आईएएस कमिशनर ऑफ इंडस्ट्रीज, राजस्थान ने अपनी जीवन शैली को पुराने मित्रों से साझा किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मौन व्रत व सूर्य अस्त पूर्व भोजन जीवन में लाभकारी होते हैं। एलुमनी एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा ने बताया कि देश व विदेश के विभिन्न स्थानों से लगभग 600 पूर्व छात्रों ने अधिवेशन में भाग लिया तथा 50 पूर्व छात्रों ने स्पॉट पंजीकरण कर ऐसासिऐशन की सदस्यता ली तथा अधिवेशन में विद्यालय के पूर्व शिक्षकों का सम्मानतथा मेघावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

इसके अतिरिक्त वर्ष 1979-80 एवं 1980-81 में विद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। अधिवेशन के समन्वयक साकेत माथुर ने मंनोरजन कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर पंकज झाझरी, रोहित सांड, संजीव पाटनी समेत पूर्व आईएएस एवं एलुमनी एसोसिएशन के संस्थापक चेयरमैन एनके सेठी तथा महावीर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल सांघी, सचिव सुनील बक्शी व कोषाध्यक्ष महेश काला व स्कूल के पूर्व छात्र व जयपुर नगर निगम ग्रेटर के उपमहापौर सहित कई प्रतिष्ठत पूर्व छात्र जिसमें वरिष्ठ डॉक्टर्स, आईएएस व आईपीएस अधिकारी, न्यायाधीश, वरिष्ठ उद्योगपति एवं व्यापारी आदि शामिल रहे।



**महावीर स्कूल एलुमनी एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल परिसर में सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया गया।**

## जयपुर में चाइनीज मांझा बेचते दुकानदार गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। सुभाष चौक थाना पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपित दुकानदार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में चाइनीज मांझा जब्त किया है।

थानाधिकारी रामफूल ने बताया गिरफ्तार आरोपित अल्ताफ कुरैशी (45) मकान संख्या-4017, रामगंज बाजार का रहने वाला है। आरोपित अल्ताफ की पतंग वालों के मोहल्ले में मांझे-पतंग की दुकान है। वहीं, पुराना आमेर रोड स्थित नटवाड़ा हाउस में उसका गोदाम है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपित अल्ताफ धड़ल्ले से चाइनीज मांझा बेच रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए उसके गोदाम से 8 कार्टन में रखी 480 चाइनीज मांझे की चर्खियां जब्त करते हुए आरोपित अल्ताफ को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं राजस्थान सरकार ने प्रदेश भर में सुबह और शाम के समय पतंगबाजी पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए गृह विभाग ने इसकी एडवाइजरी जारी की है। गृह विभाग ने सभी कलेक्टरों को धारा 144 के प्रावधानों के हिसाब से सुबह 6 से 8 बजे और शाम को 5 से 7 बजे तक पतंगबाजी पर रोक लगाने को कहा है। कई जिलों में कलेक्टर इससे संबंधित आदेश पहले ही जारी कर चुके हैं। गृह विभाग की एडवाइजरी में सुबह शाम पतंगबाजी पर रोक लगाने के पीछे पतंग उड़ाने में चाइनीज मांझा, प्लास्टिक, सिन्थेटिक मांझा, आयरन, ग्लास के धागों का उपयोग करने से पक्षियों और आम लोगों के जीवन पर खतरे का हवाला दिया गया है। प्रदेश में पिछले दिनों कई जगहों पर चाइनीज मांझे से गला कटने की घटनाएं हो चुकी हैं।

इसी तरह रेलवे प्रशासन ने भी एडवाइजरी जारी की है। जिसमें कहा गया है कि लोग रेलवे ट्रैक से दूर रहकर पतंगबाजी करें। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशिकिरण ने बताया कि हर वर्ष रेलवे ट्रैक के पास पतंगबाजी के चलते कई लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में लगभग सभी रेल खंडों पर इलेक्ट्रिक मोड पर रेलगाड़ियां संचालित की जा रही है। रेलवे ट्रैक के ऊपर गुजर रही विद्युत तारों में 25 हजार वोल्ट की विद्युत का प्रवाह रहता है। इन तारों से पतंग की डोर के संपर्क में आ जाने पर तेज विद्युत का करंट लग सकता है। उन्होंने बताया कि विशेषकर धातु युक्त मांझे से यह करंट तीव्र गति से झटका पहुंचा सकता है, जो कि जानलेवा भी हो सकता है। साथ ही रेलवे ट्रैक पर गुजर रही तीव्र रेलगाड़ियां से आप दुर्घटना का शिकार भी हो सकते हैं।

## नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

- **पुलिस ने 24 घंटों में वारदात का पर्दाफाश कर आरोपी को कोटा में दबोचा, वह नाबालिग को पंजाब ले जाने की तैयारी में था**
- **फेसबुक पर नाबालिग से दोस्ती कर अपहरण की साजिश रची थी**

**जयपुर** । जयपुर की एसएमएस थाना पुलिस ने नाबालिग से अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को चौबीस घंटे में कोटा से पकड़ लिया है। डीसीपी ईस्ट डॉ. राजीव पचार ने बताया कि 6 जनवरी को एक महिला ने उसकी 16 साल की बच्ची के अपहरण का मामला एसएमएस थाने में दर्ज कराया था। एडिशनल डीसीपी अवनीश शर्मा के निर्देशन में और एसएमएस अस्पताल थानाधिकारी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया। डीसीपी पचार ने बताया कि आरोपी हुकमचंद केवट (25) निवासी रवाजना डूंगर जिला सवाई माधोपुर ने फेसबुक पर नाबालिग से दोस्ती की थी। आरोपी पंजाब में कैंटीन में खाना बनाने का काम करता था। उसने पंजाब से जयपुर आकर नाबालिग को बहला फुसलाकर शादी करने का झांसा दिया और उसका अपहरण कर कोटा ले गया। आरोपी ने पकड़े जाने के डर से मोबाइल फोन भी बंद कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ ही तकनीक व अन्य सूचनाओं के आधार पर 24 घंटे के अंदर आरोपी को कोटा से धर दबोचा। उसके कब्जे से नाबालिग को मुक्त करवाकर दस्तयाब कर लिया। नाबालिग को कोटा से पंजाब ले जाने की तैयारी आरोपी ने कर रखी थी, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया।

## नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग पर जयपुर में जुटे सैंकड़ों लोग




**नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी के साथ सैकड़ों लोगों ने सोमवार को जयपुर पहुंचकर एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पर प्रदर्शन किया।**

**जयपुर** । नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग को लेकर कांग्रेस विधायक सुरेश मोदी के नेतृत्व में सोमवार को जयपुर में एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पर जनसभा की गई। जन सभा के बाद विधायक सुरेश मोदी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएम अशोक गहलोत को इस बारे में प्रतिवेदन दिया और मांग की कि राज्य के बजट में नीमकाथाना को जिला बनाने की घोषणा की जाए। मोदी ने बताया कि नीमकाथाना की जनता काफी सालों से ये मांग कर रही हैं, यहां अंतिम छोर पर बसे गांव की सीकर जिला मुख्यालय से 125 किलोमीटर की दूरी हैं और जनता को सरकारी कामकाज में भारी परेशानी आती है। नीमकाथाना जिला बनने के सारे मापदंड पूरे करता हैं और इसकी ये मांग पूरी की जानी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल ने कहा कि सीएम गहलोत ने आश्वासन दिया हैं कि उनकी मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि नीम का थाना को जिला बनाने से सरकार पर कोई ज्यादा वित्तीय भार भी नहीं आएगा। वहां सिर्फ कलेक्टर और एसपी बैठाने है। अधिकांश कार्यालय वहां पर है। शहीद स्मारक पहुंचने पर विधायक समेत तमाम जनप्रतिनिधियों का साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

## सार-समाचार

### प्रतियोगिता में 300 बॉडी बिल्डर्स शामिल



**जयपुर** । इंडो बॉडी बिल्डर्स फिटनेस एसोसिएशन की ओर से सोमवार को फैडरेशन कप प्रतियोगिता टोंक रोड स्थित कृषि भवन ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। इंडो बॉडी बिल्डर्स फिटनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष मंसूर खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो कि देश के अलग-अलग राज्यों से भाग लेने आए थे। इस प्रतियोगिता में चीफगेस्ट के रुप में वाहिद अली मिस्टर यूनिवर्स आए और उन्होंने बच्चों को सम्मानित किया। इस चैंपियनशिप में बॉडी बिल्डिंग चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब रहीम अब्बासी ने चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता। इस चैंपियनशिप में मेन फिजिक्स चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब रोहित रो पानी के नाम रहा।

### कुलदीप वर्मा को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार



**जयपुर**, (कासं) । भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से हुब्बली-धारवाड़, कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में जयपुर, राजस्थान के कुलदीप वर्मा को वर्ष 2019-20 के लिए समुदाय के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।कुलदीप जयपुर जिले के जालसू पंचायत समिति के ग्राम देवगुढ़ा के एक मध्यम परिवार के रहने वाले है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को हुबली और धारवाड़ शहरों में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। वर्मा ने कोविड-19 जैसी भयंकर महामारी के दौरान मास्क वितरण, सैनिटाइजर छिड़काव, जरूरतमंदों को भोजन वितरण और स्वच्छता एवं जल संरक्षण अभियान, पौधारोपण अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, ग्रामीण क्षेत्रों को खुले में शौच से मुक्त करवाकर ओडीएफ प्लस ग्राम बनाने में योगदान, महिला सशक्तिकरण, युवा सशक्तिकरण एवं अन्य आयोजनों में नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया।

### महेंद्र सिंह सिसोदिया निदेशक बने



**जयपुर**, (कासं)। भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र संगठन राजस्थान में प्रमोशन पर महेंद्र सिंह सिसोदिया ने राज्य निदेशक का कार्यभार आज संभाल लिया। इस अवसर पर नेहरु युवा केंद्र दिल्ली के निदेशक डॉ भुवनेश जैन, एस पी पपटनायक क्षेत्रीय निदेशक श्रीकांत पांडे, एस एस जोशी, संयुक्त निदेशकप्रकाश वेद, प्रभात वर्मा ने बधाई दी। सिसोदिया को राज्य में 32 जिलों के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ कार्य करने का अच्छा खासा अनुभव प्राप्त है। इन्होंने राजस्थान के झालावाड़ कोटा बूंदी जयपुर भीलवाड़ा बाड़मेर बारा उदयपुर भरतपुर दौसा टोंक आदि जिलों में जिला युवा अधिकारी के रूप में कार्य किया है।

### 'अल्पसंख्यकों के लिए बजट मिले'

**जयपुर**, (कासं)। जमाअते इस्लामी हिन्द, राजस्थान की ओर से सोमवार को प्रदेश कार्यालय में एक बजट-पूर्व चर्चा का आयोजन किया गया। चर्चा में प्रदेशाध्यक्ष मुहम्मद नाज़िमुद्दीन के अतिरिक्त प्रदेश महासचिव डॉ. मुहम्मद इक़बाल सिद्दीक़ी, प्रदेश सचिव नईम रब्बानी, सामाजिक कार्यकर्त्ता निदा हाशमी तथा जयपुर महिला सदन की अध्यक्ष डॉ. ज़ाहिदा शबनम ने भाग लिया। डॉ. ज़ाहिदा शबनम ने आश्वासन दिया कि वे अल्पसंख्यकों के मुद्दे सरकार तक पहुँचाएंगी। चर्चा के बाद जमाअत के पदाधिकारी मीडिया से भी रूबरू हुए तथा चर्चा के मुख्य बिन्दुओं से अवगत कराया। जमाअत के पदाधिकारियों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि राज्य के बजट में पिछले कई सालों से अल्पसंख्यकों के लिए आवंटित होने वाला बजट 0.06 से 0.09 प्रतिशत ही बना हुआ है जो उनकी जनसंख्या और आवश्यकताओं को देखते हुए बहुत कम है। जमाअत ने मांग की है कि आगामी बजट में इसे बढ़ा या जाए साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि स्वीकृत बजट का 100 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए ख़र्च किया जाए। जमाअत ने मांग की कि मदरसों के आधुनिकीकरण पर समुचित ध्यान दिया जाए और उनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये प्रयास किये जाएं तथा योग्य शिक्षकों को नियुक्त किया जाए ताकि मदरसों के विद्यार्थी धार्मिक शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर अन्य विद्यार्थियों के समकक्ष आ सकें। मदरसों में साफ़ सुथरे शोचालय तथा अन्य आधरभूत संरचनाओं (इंफ्रास्ट्रक्चर) की कमी को पूरा किया जाए साथ ही मदरसों में अकादमिक सहायता तथा निगरानी की उचित प्रक्रिया निर्धारित की जाए।

### 'राजस्थानी को राजभाषा का दर्जा मिले'

**जयपुर** (कासं)। राजस्थानी युवा समिति ने राजस्थानी भाषा को राज भाषा का दर्जा दिलाने के लिए सोमवार को जयपुर में सभा की और कैंडल मार्च किया। इस मुद्दे को लेकर प्रवासी भारतीय दिवस के दिन यहां शहीद स्मारक पर बड़ी संख्या में एकजुट होकर लोगों ने अपनी एकता का सन्देश दिया। इस अवसर पर एनएसयूआई अध्यक्ष अभिषेक चौधरी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रविन्द्र सिंह भाटी, जेएनवीयू छात्रसंघ अध्यक्ष अरविंद सिंह भाटी, महासचिव राजस्थान विश्विद्यालय अरविंद जाझड़ा, छात्रसंघ अध्यक्ष कोटा विश्विद्यालय अजय परेटा, अजमेर से छात्रसंघ अध्यक्ष महिपाल, सर्व समाज के अध्यक्षों एवं अलग-अलग जिलों के युवा मौजूद रहे। इस मौके इन लोगों ने राजस्थानी भाषा को राज भाषा का दर्जा देने की मांग की। पूरे राजस्थान में राजस्थानी भाषा को राज्य भाषा का दर्जा मिले इसके लिए हर जिले, संभाग में "हेलों मायड़ भासा रौ" के नाम से कार्यक्रम किये जा रहे है। राजस्थानी युवा समिति के अध्यक्ष अरुण राजपुरोहित ने कहा कि राजस्थानी भाषा को राज्य भाषा का दर्जा नहीं मिला तो राजस्थान के लोग आंदोलन करेंगे। यदि सरकार 23 जनवरी से पहले मिलने का समय नहीं देती है तो पूरे राजस्थान के युवा पूरी ताकत से आंदोलन करेंगे और आंदोलन में राजस्थान के हर संभाग से युवा शामिल होंगे।

### नियुक्ति न देने पर मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रयोगशाला सहायक पद के लिए पात्रता रखने और साक्षात्कार के लिए चयनित होने के बाद भी अभ्यर्थी को नियुक्ति नहीं देने पर चिकित्सा विभाग से जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश अशोक भडाना की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता हितेश बागडी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता चिकित्सा विभाग में संविदा पर प्रयोगशाला सहायक के पद पर कार्यरत था। इस दौरान विभाग ने प्रयोगशाला सहायक के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे। जिसमें आवेदन करने पर याचिकाकर्ता का चयन साक्षात्कार के लिए कर लिया गया। वहीं बाद में दस्तावेज सत्यापन के दौरान उसका नाम चयनित अभ्यर्थियों की सूची में शामिल नहीं किया गया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता के पूरी तरह से पात्र होने के बावजूद उसे बिना कारण बताए चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया और उसके स्थान पर किसी अन्य अभ्यर्थी को नियुक्ति दी गई है। ऐसे में उसे प्रयोगशाला सहायक के पद पर नियुक्ति दी जाए।

### 'नवजीवन योजना पोर्टल की समीक्षा हो'

**जयपुर**, (का.सं.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देश दिए कि नवजीवन योजना हेतु विकसित पोर्टल की नियमित समीक्षा करते हुए प्रभावित वर्ग के शत-प्रतिशत व्यक्तियों का सर्वे करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, भंडारण व्र विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों/समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान तथा पुनर्वास हेतु संचालित नवजीवन योजना हेतु नवीन पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि नवजीवन पोर्टल के तहत सर्वे उपरांत चिह्नित व्यक्तियों के डाटा का इंद्राज, विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रगति की समीक्षा तथा सर्वे के डाटा पर विश्लेषण के आधार पर चिह्नित व्यक्तियों-समुदाय के पुनर्वास की रूपरेखा बनाएं।



## Peculiar People Day

Peculiar People Day is here to celebrate the leaders of the strange and unusual, those who refuse to succumb to the world's idea of what is normal and sane. They challenge the status quo and utterly rebuke the concept that that which is out of the ordinary is bad. Whether they simply dress in their own style, or have very clear ideas of what is right and normal, Peculiar People Day is their opportunity to shine.

#SOLAR-SYSTEM

# A Freak in Space?

Since the landmark discovery in 1992 of two planets orbiting a star outside of our Solar System, thousands of new worlds have been added to a rapidly growing list of 'exoplanets' in the Milky Way galaxy.



We've learnt many things from this vast catalogue of alien worlds orbiting alien stars. But one small detail stands out like a sore thumb. We've found nothing else out there like our own Solar System.

This has led some to conclude that our home star and its brood could be outliers in some way - perhaps the only planetary system of its kind.

By extension, this could mean life itself is an outlier; that the conditions that formed Earth and its veneer of self-replicating chemistry are difficult to replicate.

If you're just looking at the numbers, the outlook is grim. By a large margin, the most numerous exoplanets we've identified to date are of a type not known to be conducive to life: giants and subgiants, of the gas and maybe ice variety.

Most exoplanets we've seen so far orbit their stars very closely, practically hugging them; so close that their sizzling temperatures would be much higher than the known habitability range.

It's possible that as we continue searching, the statistics will balance out and we'll see more places that remind us of our own backyard. But the issue is much more complex than just looking at numbers. Exoplanet science is limited by the capabilities of our technology. More than that, our impression of the true variety of alien worlds risks being limited by our own imagination.

What's really out there in the Milky Way galaxy, and beyond, may be very different from what we actually see.

### Expectations

Exoplanet science has a history of subverting expectations, right from the very beginning.

"If you go back to that world I grew up in when I was a kid, we only knew of one planetary system," says planetary scientist Jonti Horner of the University of Southern Queensland.

"And so that was this kind of implicit assumption, and sometimes the explicit assumption, that all planetary systems would be like this. You know, you'd have rocky planets near the star that were quite small, you'd have gas giants a long way from the star that were quite big. And that's how planetary systems would be."

For this reason, it took scientists a while to identify an exoplanet orbiting a main sequence star, like our Sun. Assuming other solar systems were like ours, the tell-tale signs of heavyweight planets tugging on their stars would take years to observe, just as it takes our own gas giants years to complete an orbit.

Based on such lengthy periods of a single measurement, it didn't seem worth the trouble to sift through a relatively short history of observations for many stars to conclusively sift out a fellow main-sequence solar system.

When they finally did look, the exoplanet they found was nothing like what they were expecting: a gas giant half the mass (and twice the size) of Jupiter orbiting so close to its host star, its year equals 4.2 days, and its atmosphere scorches at temperatures of around 1,000 degrees Celsius (1800 degrees Fahrenheit).

Since then, we've learnt these 'Hot Jupiter' type planets aren't oddities at all. If anything, they seem relatively common.



We know now that there's a lot more variety out there in the galaxy than what we see in our home system. However, it's important not to assume that what we can currently detect is all that the Milky Way has to offer. If there's anything out there like our own Solar System, it's very possibly beyond our detection capabilities.


"Things like the Solar System are very hard for us to find, they're a bit beyond us technologically at the minute," Horner says.

### What's Out There?

By far, the most numerous group of exoplanets is a class that isn't even represented in the Solar System. That's the mini-Neptune - gas-enveloped exoplanets that are smaller than Neptune and larger than Earth in size.

Most of the confirmed exoplanets are on much shorter orbits than Earth; in fact, more than half have orbits of less than 20 days.

Most of the exoplanets we've found orbit solitary stars, much like our Sun. Fewer than 10 percent are in multi-star systems. Yet most of the stars in the Milky Way are members of a multi-star systems, with estimates as high as 80 percent seen in a partnership orbiting at least one other star.



Jasdev Singh writes in the autobiography "At the end of the Second World War it was decided to host the World Jamboree of Boy Scouts. The battlegrounds where the fierce battles were fought in the north of France were selected as the venue. In all about 25,000 Boy Scouts from all over the world attended it. The Indian contingent consisted of 165 Boy Scouts from all parts of India. The (Rajputana) Rajasthan contingent consisted of seven Boy Scouts from Mayo College, Ranbir Sinh, Chanchal Singh, Nahar Singh, Prithivi Singh, Bhim Singh, Guman Singh and Aftab from Jamia Milia of Ajmer. And also Nasrulla from Indore's Daly College joined the Rajputana contingent. Danmal Mathur of Mayo College was the Scout Master. GTJ Thadeus of Kerala was the leader of the Indian contingent.

# "Jab Wo Gulam Gaye The Aur Aazaad Laute"

#JASDEV SINGH REMEMBERS



Jasdev Singh.



Prakash Bhandari
*The writer is a senior journalist*

The tradition of scouting in Jaipur is more than 90 year old. Not many people know that the Maharaja Sawai Man Singh had made Scouting a part of the curriculum in schools, though not compulsory. From class fifth, one could opt between scouting and tailoring and a large number of boys opted for scouting as it was interesting.

Celebrated commentator Jasdev Singh, who was part of the Indian contingent to the Paris World jamboree in 1947 and represented Jaipur state, has written his memoirs about scouting and his experience in the Paris World Jamboree in his book "Main Jasdev Singh Bol Raha Hoon".

Jasdev has vividly described his school days when he was studying in Chaksu near Jaipur where his father was an overseer in the state's PWD department. Jasdev Singh was a Sikh, but his family had long ago migrated to Jaipur from Gujranwala which is now in Pakistan.

He was raised in Boali and Chaksu and later he shifted to Jaipur to complete his school education.


While in school, he along with a few other boys opted for Scouting, one has to pass it by securing the minimum passing marks.

Jasdev Singh describes how while training as a scout, they were taught how to live in tents, prepare food, fix knots in ropes, make beds, cut bushes and cut bamboos or wood from trees for various use.



Jasdev Singh in childhood.

Jasdev has vividly described his school days when he was studying in Chaksu near Jaipur where his father was an overseer in the state's PWD department. Jasdev Singh was a Sikh, but his family had long ago migrated to Jaipur from Gujranwala which is now in Pakistan.



### King's Scout Badge

Jasdev remembers that he went to the first camp in a small village that had a deep forest close to it, Kothun, near Chaksu. Three four friends went inside the forest and chose a place and started cutting the bushes to clean the place. Eventually a large area was cleaned for beds and kitchen. His friend Hari Shankar Sharma was the son of a village priest and was a staunch Bramhin. He would not allow others to touch the food while it was being made.

He literally made the food himself which was nothing much than Dal and Baati and he would not allow anyone to sit on a durry and eat food.

Hari Shankar Sharma believed in cast system also and would often ask the caste of a young boy even before talking with him.

Jasdev continued with his interest in scouting even after shifting to Jaipur and worked hard to get his King"s Scout badge and also certificate for 24 efficiencies in scouting. He was presented the King's Scout badge by the Maharaja of Jaipur Sawai Man Singh in a function at Jaipur. King's Scout badge was given to those who could learn first aid, path finder and Jasdev could win all the four badges. After this he was made the Scout troupe leader in his school Maharaja's School which is now called Manak Chowk Higher Secondary School.

Jasdev Singh was influenced by Ram Swaroop Dhiman, who was the organising secretary of the Jaipur state scout. Dhiman belonged to Delhi, but he chose to settle down in Jaipur because of his interest in scouting. Dhiman was Jasdev's father's friend also.

When it was decided to send a team of Jaipur boys for the world jamboree, the Maharaja sanctioned three scouts and Dhiman as the teacher-guide. But Dhiman was a great person. He told the state officials that rather than sending him, a youngster should be sent for the world jamboree. Such was the sacrifice that Dhiman made. The team left for Paris with Dhiman dropping himself. However, in 1965 when the Indian team went to the Manila jamboree, Dhiman was part of the Indian delegation.

At the end of the Second World War, it was decided to host the World Jamboree of Boy Scouts. The battlegrounds where the fierce battles were fought in the north of France were selected as the venue. In all about 25,000 Boy Scouts from all over the world attended it. The Indian contingent consisted of 165 Boy Scouts from all parts of India.

Dhiman was later involved in hosting the first-ever jamboree in Jaipur. This was the second all-India jamboree which that Purna Chandra Tunkalia, Nathmal Tunkalia and a host of others managed to hold. Thus scouting movement picked up pace in Jaipur.

### War-wrecked Ship

Jasdev Singh wrote the memoirs of his journey to the World Scout jamboree in his autobiography" Main Jasdev Singh Bol Raha Hoon." In this autobiography, he devoted an entire chapter' Ghulam Gaye, Azad Laute". Jasdev Singh writes that ever since his childhood he had a deep desire to see the world. The luck smiled on the young Sikh boy when he was in class 16 and had appeared for his matriculation examination when he was selected in the four-member team from Jaipur State to go to the 1947 Paris. Jasdev Singh having won the King's Batch and other awards and accolades was an automatic choice. He along with three others was sponsored by the Jaipur state government to go to Paris and their entire expenditures were met by the Jaipur State Government. Interestingly, out of the four boys, two were Sikhs! The other Sikh was PP Singh. The others were H. N Nigam and SK Kaul.

Jasdev Singh writes in the autobiography "At the end of the Second World War it was decided to host the World Jamboree of Boy Scouts. The battlegrounds where the fierce battles were fought in the north of France were selected as the venue. In all about 25,000 Boy Scouts from all over the world attended it. The Indian contingent consisted of 165 Boy Scouts from all parts of India. The (Rajputana) Rajasthan contingent consisted of seven Boy Scouts from Mayo College, Ranbir Sinh, Chanchal Singh, Nahar Singh, Prithivi Singh, Bhim Singh, Guman Singh and Aftab from Jamia Milia of Ajmer. And also Nasrulla from Indore's Daly College joined the Rajputana contingent. Danmal Mathur of Mayo College was the Scout Master. GTJ Thadeus of Kerala was the leader of the Indian contingent.


An interim government was already formed in the country and India was to win its well-deserved freedom on August 15. The ship, SS Alexandra that we boarded was a war-wrecked ship whose only two of the five engines were working. Thus the journey which normally should have taken 15 days to reach from Bombay Port to Southampton in England took 21 days to reach the shore of England.

As they sailed from Bombay port, we all got emotional. Leaving our land of an undivided India with members from Punjab and Sindh which are now part of Pakistan was a great experience

The ship SS Alexendra was leaving the shore of Bombay traversing waves that became bigger and bigger as the ship deep sea.



Jasdev Singh with Dilip Kumar.



Jasdev Singh with Lal Bahadur Shastri.

We would go on the deck and see how the sea looked and how the ship pierced through the water to make way. A scout from Bihar, who as a teenager was also a poet, would sing"

*Chhor Diya Matribhoomi Tera Kinara*
*Jaate Samay Lelo Namaskar Hamara*

Standing on the deck of the ship we would see the last part of India. And how the sight disappeared under the sky.

On the sea sojourn we faced sea sickness and a lot of our members fell sick. The sea waves were making the ship bumpy. Those suffering from seasickness could not eat food. But all that was over in five days and everybody got used to the new life on a ship. We would play games on the deck and share food and the swim-the ship had a swimming pool. We reached Sudan crossing the intense heat of the Red Sea. From Khartoum, we took a motor journey to go to Cairo to see the pyramids. We saw pyramids and mummies and were reminded that our Albert hall Museum had a mummy that the Maharaja had imported from Egypt. After spending a night in Cairo, we were back on our ship.

Writing further in "Main Jasdev Singh Bol Raha Hoon" the ship sailed facing many storms and rough seas to reach Southampton port and from there we were taken to London by train.

The next destination to London was a big British-oriented program under which all the Commonwealth countries would join hands together to show the world the power of the British Empire. King George VIII and Queen Elizabeth invited the Commonwealth delegates to the Buckingham Palace lawn party. It was July 29th and on August 15 we in India was gaining freedom. It was a matter of just 17 days. The British media focused on India as unusual things were happening during the era. While an undivided India was getting freedom, the undivided nation was getting split into two-India and Pakistan.

### Arch of Triumph

Jasdev Singh further writes that on reaching France and the jamboree venue the Indian contingent saw the great efforts made by the French people to organize the world jamboree. The Jamboree was held just after World War 11 when the economy was poor and the people were reeling under the scarcity of food. Yet, the French people saved their food for the jamboree. They were drinking tea and coffee without sugar and as wheat was in shortage, they were eating maize bread. Milk powder was used and this was also given to us. But, what was creditable was the sacrifice of the French people and they managed with rationed food. We received cheese and butter for our breakfast.

During our journey on the English Channel on our way to France, we were served tea coffee on board that had no sugar. During this journey by steamer, we could get a hint that France is facing food shortage.

Earlier, in London we were amazed to see that the railway stations had no ticket checkers and everybody travelled by buying tickets.

In London, we saw a war memorial in Trafalgar Square and noticed that the English men and women and even children, who passed through the memorial saluted the soldier's monuments. They would take off their hats and bow in respect before the monuments. They were those soldiers, who lost their lives in the two wars. We also saluted.


On August 9, 1947 hours before the opening ceremony of the world jamboree, 16 members from each nation were taken to the Paris "Arch of Triumph" which was a war memorial and we placed a wreath there. It was a very emotional moment as we paid our respected soldiers, who sacrificed their lives for the nation.

Part of the Forest of Moisson, tightly held in a loop of the Seine 50 miles above Paris, was used by the Luftwaffe as a bombing range during the war. The vast tented camp made an intricate stippled pattern of green and white and yellow specks.

One of the laws of this world-wide youth movement demands that each member be a friend to all "and a brother to every other Scout, no matter to what country, class, or creed the other may belong," and here it is being observed faithfully – but easily and naturally – by some 40,000 boys of very nearly every country, class, creed, and colour. In a pleasing confusion, an orderly disorder, camp dovetails into camp, their occupants consistently spilling and mingling, making themselves understood where there is no common language by the Esperanto of mime. Here, indeed, the nations are united.

We Indian- Sikhs, Muslims, Hindus, Parsis, Christians, and even Jews found no trouble at all in living together with neither blows nor bitter arguments.

We stood together at the camp site to celebrate India's freedom while the flags of the Union of India and Pakistan were hoisted side by side We sang Tagore's Jana Gana Mana and Saare Jahan Se Accha.........History was being made at Paris as our tricolour was raised and we saluted the national flag proudly.



### Fun-filled Journey

Everywhere there were boys chattering, grimacing, bartering, singing, sunbathing, and playing musical instruments. Girls, too, for 1,500 French Guides are brought into the camp each day to help with the administrative work. The smoke from a thousand campfires pierces the haze of dust, and as the day goes on with assorted cooking smells, becomes increasingly oppressive to one who is not 16 and a Scout.

The world jamboree was a great experience and every member of the Indian contingent thought they were privileged. We visited a few French cities before returning to London. In London, we stayed for a few days and saw the city. We had to travel by a huge ship SS Strathmore from Southampton to Bombay. This was the same ship on which Mahatma Gandhi travelled from Bombay when he went to attend the Round Table conference. The 1936 Indian hockey team, which to the Berlin Olympiad under hockey wizard Dhyan Chand also travelled by this ship. The Captain of the ship hoisted the Indian tricolour, when the ship was nearing Bombay. It's a tradition that the ship entering a particular nation would show the flag of the nation where the ship would anchor.

When we reached the port of Bombay, this meant the end of three months of a fun-filled journey. Ghulam Gaye The, Azad Laute. We had gone as British subjects and returned as free Indians. The contingent members departed to their respective cities and towns after hugging and promising to meet again.

When we reached the port of Bombay, this meant the end of three months of a fun-filled journey. Ghulam Gaye The, Azad Laute. We had gone as British subjects and returned as free Indians. The contingent members departed to their respective cities and towns after hugging and promising to meet again.

Scout movement in the state flourished after the jamboree and the movement picked up with the formation of the Rajasthan State Scouts & Guides which had its headquarters first in Bani Park and now the building is located in Jawahar lal Nehru Marg.

The Organization has grown quantitatively and qualitatively and the Rajasthan State Association is a pioneer state in the map of the country.

Various activities of the organization are made functional separately for boys and girls under Scout and Guide sections separately, State Commissioners of Scout & Guide sections use to work as Head of Departments (Sections), State Chief Commissioner is the head of both sections. Senior officers of all India services and prominent administrators of the State viz. Sh. S. K. Zibbo, Sh. L L. Joshi, Sh. J. S. Mehta, Sh. R. S. Kumat, Sh. A.K. Garg, Sh. Niranjan Arya and Sh. J.C. Mohanty have been the State Chief Commissioner. Presently Shri Niranjan Arya, former I.A.S, Chief Secretary, of Rajasthan is working as the State Chief Commissioner.

writetoarbit@rashtradoot.com



Jasdev Singh with Lata Mangeshkar.

#HEALTHIFY

# Hair-friendly Food

Hair care is not only about using cosmetic products, it is also about eating healthy foods that will provide adequate nutrition to the hair.



We all wish for long and lustrous hair, but it must be known that healthy hair requires a lot of effort, patience, and dedication. Much like the skin, hair care is not only about using cosmetic products, it is also about eating healthy foods that will provide adequate nutrition to the hair. Wondering what are these healthy hair-friendly foods? That's exactly what we are here to tell you about, courtesy of Pooja Makhija, a health and beauty expert, who shared the foods she swears by for healthier, more lustrous hair.

*Eggs: 1 whole + 3 whites.
"Protein + biotin = keratin + hair growth." she says.
*Nuts: 2 soaked peeled almonds and 2 walnuts.
"These give you vitamin E, B vitamins, zinc, and essential fatty acids." she says.
*Seeds:
1 tsp - Sunflower
1 tsp - Flax
1 tsp - Chia
"Massive nutrition, very few calories. They give my hair selenium, omega 3, zinc, B vitamins and vitamin E." she said in the Instagram video.




*Virgin coconut oil:
1 tsp on an empty stomach for healthy, lustrous hair. "The most important on the list" she added.

According to Harvard Health Publishing, specific vitamins are associated with improving hair health. Some of these include B vitamins: B-1 (thiamin), B-2 (riboflavin), and B-7 (biotin). B-1 can be found in fortified breakfast cereals, rice, trout, black beans, tuna, and acorn squash. B-2 is found in oats, yoghurt, milk, beef, clams, almonds, and cheese. A good source of B-7 is eggs.

'Sebum', the natural oil on the hair, covers straight hair better than curly hair - thus straight hair tends to appear shinier.

Karishma Shah, Integrative Nutritionist & Health Coach, also weighed in. "Hair needs protein and biotin as well, so eat a lot of protein and biotin rich foods for healthy, lustrous hair. Eggs are a great source of biotin and protein. If you're vegetarian - eat avocados, good quality nuts and a lot of seeds such as flaxseeds. Coconut is another thing that's great, not just to put in the hair as oil but to eat as well. All of these nutrients are the key to great hair."

THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# आरोपियों के परिजनों ने कोर्ट परिसर में मीडिया के सामने अपनी बात रखी

## युवराज फोर्ट पर शनिवार को हुए सवाई सिंह हत्याकांड का मामला

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर के निकटवर्ती ग्राम बासेली के युवराज फोर्ट पर 7 जनवरी शनिवार को हुए सवाई सिंह हत्याकांड में पुष्कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले से जुड़े एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व मुख्य आरोपी सूर्य प्रताप सिंह को पुष्कर पुलिस ने 8 जनवरी की देर रात को गिरफ्तार कर लिया था।

आरोपी सूर्य प्रताप और धर्म प्रताप के परिजन पेशी के दौरान न्यायालय परिसर में आ गए और मीडिया के सामने अपनी बात रखी। सूर्य प्रताप की धर्मपत्नी नीमा सिंह ने कहा कि इस पूरे मामले और पूर्व में हुए ब्लैकमेल कांड की जांच सीबीआई से की जानी चाहिए। उन्होंने अजमेर से पूर्व विधायक रहे राजकुमार जयपाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि सीबीआई से इस मामले की जांच करवाई जाएगी तो दोनों मामलों में सच सामने आ जाएगा। आरोपी के परिवार जनों ने बताया कि मामले में आरोपी धर्म प्रताप और सूर्य प्रताप को जबरन फंसाया जा रहा है।


फायरिंग मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया।

फिलहाल पुष्कर पुलिस दोनों आरोपियों का मेडिकल मुआयना करवा पूछताछ की तैयारियों में जुटी हुई है। विनय द्वारा सवाई सिंह की हत्या के पूर्व 7 दिनों तक रैकी की गई थी।

- **आरोपी के रिश्तेदार विनय प्रताप सिंह ने ने कि थी मामले में रैकी**


अजमेर पुलिस के ग्रामीण सीओ इस्लाम खान ने बताया कि सवाई सिंह हत्याकांड को अंजाम देने से पूर्व आरोपी सूर्य प्रताप और उसके भाई धर्म प्रताप ने अपने रिश्तेदार अजमेर पावर हाउस के पास ज्वाला प्रसाद नगर मजार पुलिस थाना अलवर गेट निवासी विनय प्रताप सिंह पुत्र किशोर सिंह को मृतक सवाई सिंह की रैकी के लिए भेजा था। अजमेर पुलिस के सीओ ग्रामीण इस्माइल खान ने बताया कि पुलिस मर्डर के इस मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति इख्तियार किए हुए हैं। जिसके चलते तकनीकी साक्ष्य और मुखबीरो की सूचना के आधार पर मामले में विभिन्न टीमों के जरिए अजमेर सहित राजस्थान भर के विभिन्न इलाकों में दबिश दी जा रही है।

# बाड़ी रिंग रोड को लेकर पूर्व और वर्तमान विधायक आमने-सामने

## सर्कुलर से हटकर मलिंगा करा रहे रिंग रोड का निर्माण : जसवंत गुर्जर

**धौलपुर, (निस)।** बाड़ी शहर में बनाए जा रहे रिंग रोड को लेकर बीजेपी के पूर्व विधायक जसवंत सिंह गुर्जर एवं कांग्रेस के वर्तमान विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा आमने-सामने हो गए हैं। बीजेपी विधायक के रिश्तेदार ने रिंग रोड निर्माण को रोकने के लिए हाई कोर्ट में पिटीशन दायर किया था। जिसे लेकर कांग्रेस के विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने जसवंत गुर्जर पर विकास में रोड़ा लगाने के आरोप लगाए थे।

मीडिया से मुखातिब होते हुए बीजेपी के पूर्व विधायक जसवंत सिंह गुर्जर ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि रिंग रोड का निर्माण सर्कुलर के मुताबिक नहीं हो रहा है। रिंग रोड के लिए जो शर्त और टेंडर प्रक्रिया है उसका उल्लंघन कर विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा प्रशासन से सांठ-गांठ कर निर्माण करवा रहे है। उन्होंने कहा विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा के चहेते लोगों ने पहले ही बाईपास के आस-पास जमीन को खरीद लिया था। ऐसे में भू माफियाओं की जमीन के आस-पास टेढा मेडा कर बाईपास को निकाला जा रहा है।


पूर्व बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर ने प्रेस वार्ता की।

उन्होंने मलिंगा को घेरते हुए कहा कि वर्तमान में बाड़ी शहर के अंदर पेयजल योजना के अंतर्गत करीब 35 करोड़ की लागत से पाइप लाइन डाली जा रही है। उस पाइप लाइन का काम कछुआ चाल से भी धीमा चल रहा है। पूर्व विधायक गुर्जर ने कहा बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में विकास के नाम पर कमीशन खोरी का खेल चल रहा है। उन्होंने प्रेस वार्ता में आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों को जमीन के हक के मुताबिक मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। पूर्व विधायक गुर्जर का आरोप है कि जब तक 70 मुआवजा नहीं दिया जाता तब तक सर्कुलर के मुताबिक निर्माण नहीं होना चाहिए।

# बागोलिया बांध का पानी नहीं खोलने की मांग, मावली कस्बा बंद रहा

## मावली की आम जनता और व्यापार मंडल एक साथ नजर आए

**मावली, (निसं)।** बागोलिया बांध का पानी सिंचाई के लिए इस वर्ष नही खोलने और विभाग द्वारा कराई जा रही नहरों की सफाई रोकने के लिए मावली की आम जनता और व्यापार मंडल एक साथ नजर आए तथा सभी व्यापारी एक साथ नजर आए। फल सब्जी किराना मनिहारी आदि व्यापारी एवं आस-पास के किसान एवं नेतागण ने हजारों की संख्या में रैली निकाल कर तहसील कार्यालय के बाहर धरना दिया।

सुबह करीब 11 बजे व्यापार मंडल और बाघोलिया संघर्ष समिति के आव्हान पर लोग पुराने बस स्टेंड पर एकत्रित हुए और वहां से रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे आगे हजारों की संख्या में ग्रामीण भी मुख्य चौराहे पर मौजूद थे सभी ने मिलकर करीब 15 मिनट मुख्य चौराहे पर प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी तहसील कार्यालय पहुंचे जहां पर रैली सभा में परिवर्तित हो गई।

जहां वक्ताओं ने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए एक तरफा कार्यवाही का आरोप लगाते हुए किसी भी कीमत पर बागोलिया बांध का पानी नही खोलने की मांग की, वक्ताओ ने राजनेताओं पर भी चुनाव जीत कर फिर बागोलिया की तरफ ध्यान नही देने का आरोप लगाया।

शाम को करीब चार बजे तहसीलदार को ज्ञापन देने प्रतिनिधि मंडल पहुंचा, तहसीलदार पर्वत सिंह को ज्ञापन देने के बाद नहर की सफाई का काम बंद करने, बाघोलिया के विषय में जो भी ऊपरी आदेश आए उसको पहले प्रतिनिधि मंडल को बता कर उनकी राय लेकर कार्य करने और रविवार को दर्ज किए गए मुकदमे वापस लेने की बात पर सहमति बनी इसके बाद लोग धरने से उठे।

इस दौरान मावली व्यापार मंडल अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा, पूर्व सरपंच भगवत सिंह गुर्जर, मावली सरपंच भूपेंद्र गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य नटवर गुर्जर, सहित एक हजार से ज्यादा महिलाएं पुरुष उपस्थित थे।

## मसूदा पुलिस ने दो बाइक चोर पकड़े

**मसूदा, (निसं)।** थानाधिकारी दिनेश जीवनानी ने बताया कि बीते दिनों जीवणा से बाइक चोरी की वारदात हुई थी। जिसको लेकर मसूदा थाने में मामला दर्ज हुआ था। जिसको लेकर मसूदा पुलिस ने हेड कांस्टेबल कैलाश चन्द, कांस्टेबल जसराज व कांस्टेबल दिनेश खिंची की टीम गठित की गई थी। सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि दो जने बाइक के साथ रामगढ़ केंपू चौराहे पर खड़े हैं। पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों युवकों को पकड़ा एवं बाइक को लेकर पूछताछ की लेकिन दोनों युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसको लेकर टीम ने आसन निवासी मुकेश पुत्र मेवा व ब्यावर निवासी सूरज पुत्र कंवर लाल तेली को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला



आपदा प्रबंधन कार्यशाला में जानकारी देते टीम के सदस्य।

**सादुलपुर, (निसं)।** सोमवार 9 जनवरी को सिद्धमुख के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एनडीआरफ की टीम द्वारा आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित की गई।

इस अवसर पर एनडीआरएफ टीम के बाबूलाल यादव और अनिल कुमार दाधीच ने बाढ, भूकंप,आगजनी एवं दुर्घटनाओं में घायल और पीडित व्यक्ति के जीवन को बचाने हेतु विभिन्न प्रकार की जीवन रक्षक प्रणालियों की जानकारी दी गई। संस्था प्रधान कृष्ण कुमार मेहरा ने टीम का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को प्राप्त ज्ञान को किसी दुर्घटना में पीडित व्यक्ति के जीवन को बचाने में काम लेने का आ ान किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अवैध शराब मामले में तीन साल की सजा

**सादुलपुर, (निसं)।** न्यायिक मजिस्ट्रेट राजगढ अभिलाषा जेफ ने सात साल पुराने घर में अवैध शराब मिलने के प्रकरण में एक आरोपीको दोषी ठहराते हुए तीन साल के साधारण कारावास की सजा एवं 5 हजार रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे सहायक अभियोजन अधिकारी विनोद बेनिवाल ने बताया कि प्रकरण अनुसार 24 सितम्बर 2014 को तत्कालीन एसआई संदीप शर्मा प्रहराधिकारी आबकारी निरोधक दल राजगढ ने मय जाब्ता गाँव लिलकी पहुँचे तो जरीये मुखबीर सूचना मिली कि गाँव का सत्यवीर पुत्र रेडाराम जाति जाट निवासी लिलकी अपने कब्जे के मकान में अवैध शराब रखता व बेचता है।

मौके पर तलाशी के दौरान सत्यवीर जाट मकान पर मौजूद मिला तथा मकान की तलाशी के दौरान दो कार्टूनों में 24 बोतल नीम्बू देशी शराब व दो कार्टूनों में 50-50 पव्वे सहित कुल 100 पव्वे असली निम्बू मशालेदार देशी शराब फॉर सेल हरियाणा तथा एक कार्टून में 12 बोतल सुपीरियर 5000 बीयर फॉर सेल बिना लाईसेंस व परमीट के मिली। जिस पर अनुसंधान के बाद आबकारी निरोधक दल राजगढ ने चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। जिस पर विद्वान पीठासीन अधिकारी न्यायिक मजिस्ट्रेट राजगढ अभिलाषा जेफ ने प्रकरण में आये मौखिक एवं लिखित साक्ष्यों को गहन अवलोकन करते हुए आरोपी सत्यवीर पुत्र रेडाराम जाति जाट निवासी लिलकी को धारा 14,19/54 आबकारी अधिनियम के मामले में दोषी मानते हुए फैसला सुनाया।

## संघर्ष समिति ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

**बांसवाड़ा, (निसं)।** सात सुत्रीय मांगों को लेकर पिछले 12 दिनों से आनंदपुरी डिस्कॉम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों ने सरकार व प्रशासन द्वारा मांगों के समाधान की दिशा में कोई कार्यवाही नहीं करने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सद्बुद्धि यज्ञ कर नारियल होम किया। समिति संयोजक एडवोकेट विनोद डामोर ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा किसानों को फर्जी बिल थमा कर वसूली के नाम पर धमकाया जा रहा है वहीं बिल नहीं भरने पर कनेक्शन काटे जा रहे हैं जिससे फसलों की सिंचाई नहीं हो पाने से लोगों में आक्रोश बढ रहा है। उन्होंने बताया कि मांगो के समाधान के लिए कार्यकर्ता पिछले 12 दिनों से धरना दे रहे हैं लेकिन सरकार नींद में सोई हुई है। धरना प्रदर्शन करने वालों में हेप्पीसिंह, लवजी महाराज, केशवलाल, गजेन्द्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बायोडीजल टैंकर में लगी आग, ड्राइवर-खलासी हुए घायल

**पिंडवाडा, (निसं)।** पिण्डवाड़ा के सिरोही रोड़ से सिरोही मार्ग के रीको इंडस्ट्री के क्षेत्र के मुख्य मार्ग हनुमान मंदिर के पास अवैध बायो डीजल के टैंकर में सोमवार को दोपहर करीब 3 बजे भीषण आग लग गई। इस दौरान बायो डीजल के टैंकर में आग लगने से दो से तीन धमाके हुए। काले धुए के गुब्बार आसमान में दूर-दूर तक दिखाई दिए। इन धमाकों की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में शहरवासी एकत्रित हो गए। आग की चपेट में आने से ड्राईवर व खलासी झुलसने से गंभीर से घायल हो गये।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस थानाधिकारी चंपालाल बारड उपखंड अधिकार हंसमुख कुमार तहसीलदार मादाराम मीणा पुलिस उप अधीक्षक जेठू सिंह करनोत थानाधिकारी चंपालाल बारड सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट जेके सीमेंट फैक्ट्री आबूरोड नगर पालिका सिरोही नगर पालिका से अग्निशमन यंत्र मंगाकर दो घंटे की कडी मशक्कत के बादआग पर काबू पाया गया। लेकिन इस घटना में चालक लोकेश पुत्र रामचंद्र गांव जोइरा चित्तौडगढ व खलासी रूप सिंह गांव सीकर बुरी तरह झुलस गए। दोनों को गंभीर उपचार के लिए आगे रेफर किया। पिण्डवाड़ा के रीको क्षेत्र के वीर बावसी मंदिर के सामने अरुणा ट्रांसपोर्ट के पीछे गोदाम में बायोडीजल टैंकर किराए पर ले रखा है जो सोमवार दोपहर 3 बजे करीब बायोडीजल से भरा हुआ ट्रक आया और खाली पेट टैंकर में भरने लगे। उसी दौरान अचानक आग लग गई और देखते ही देखते टैंकर को आग ने अपने चपेट में ले लिया। उसी दौरान चालक और खलासी आग की चपेट में आ गए और अपने को बचाते उससे पहले ही आग से बुरी तरह झुलस गए। पुलिस की बहादुर टीम ने टैंकर के आगे के कांच को तोड़कर चालक को बाहर निकाला। लेकिन जलन के कारण चालक उतर कर सडक पर भागने लगे। उसी दौरान समाजसेवी कुपाराम हीरागर गोविंद सिंह, इंद्र सिंह ने मिट्टी और कंबल डालकर चालक को बचाने के प्रयास किए और पुलिस ने तुरंत ही घायल को राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार कर उदयपुर इलाज के लिए रेफर किया।

दरअसल पिंडवाडा के आसपास क्षेत्र में किराए की प्लॉट लेकर बायो डीजल के बेचने का गोरख धंधा बेरोकटोक जारी है। लगभग दोपहर 3 बजे अचानक आग लग गई। आग सबसे पहले बायो डीजल से भरे टैंकर में लगी। इस दौरान 2 से 3 धमाके भी हुए। आग की चपेट में पास में खड़े 2 टैंकर सहित मारुति कार ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अन्य सामान भी आ गया। जो पूरी तरह जलकर खाक हो गए। आग लगने की सूचना मिलते ही जेके सीमेंट फैक्ट्री अल्ट्राटेक अग्निशमन यंत्र नगर पालिका फायर वाहन पहुंचा तथा कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## एडीएम ने उर्स मेले की बैठक ली

**अजमेर, (कासं)।** अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भावना गर्ग की अध्यक्षता में सोमवार को उर्स मेले के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। एडीएम भावना गर्ग ने कहा कि उर्स मेला 2023 के दौरान जायरीन के बड़ी संख्या में आने की संभावना है। उसी के अनुरूप समस्त व्यवस्थाएं की जानी चाहिए। मेला क्षेत्र में सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। नगर निगम द्वारा अतिरिक्त दल लगाकर सफाई की जाए। मुख्य मार्गों के साथ-साथ गलियों की भी नियमित सफाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में नालियों पर अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों को नोटिस जारी किए जाए। अतिक्रमण नहीं हटाने वाले का सामान जब्त करने की कार्यवाही होनी चाहिए। क्षेत्र की समस्त नालियां खुली होनी आवश्यक है। निराश्रित जानवरों को पकड़ने की कार्यवाही तत्काल आरम्भ होगी।

## हादसे में अधेड़ की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** कुराबड़ थाना क्षैत्र में ट्रक ने बाइक को चपैट में ले लिया। हादसे में अधेड की मौत हो गई। रविवार सांय कुराबड़ थाना क्षैत्र टोडी से सुरो का गुडा रोड़ पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।हादसेमें बाइक चालक पदमेला निवासी केरिंग पुत्र सवार मीणा की मौत हो गई। केरिंग बाइक पर अपने लालपुर निवासी साथी नंगाराम के लेकर बाइक पर धोबीघाट की तरफ जा रहा था। जहां बीच रास्ते सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर घायल होने पर उसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## नकदी व बाइक लूटी

**उदयपुर, (कासं)।** राह चलते बाइक चालक व साथी को धमका कर नकदी व बाइक लूटने वाले बदमशों के खिलाफ सेमारी थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित पहाडा फला डोल थाना कल्याणपुर निवासी नाथूलाल पुत्र जीवा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 5 जनवरी को इण्टाली पाल गांव में आयोजित सामाजिक समारोह में शामिल होकर वहां से बाइक पर वापस घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते बाइक खराब होने पर परिचित को फोन कर बुलाया। इस पर रस्सी से बांध कर बाइक ले जा रहे थे। जहां बीच रास्ते भोराई पुलिया के समीप रस्सी खुलने पर वापस बांध रहे थे।

# डिस्कॉम ने 1,32,556 घरेलू कनेक्शन देकर बनाया रिकॉर्ड

- **शहरी क्षेत्रों में 28,954 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 1,03,602 घरेलू कनेक्शन जारी किए**
- **दीपावली से पूर्व अभियान चलाकर 24,384 उपभोक्ताओं को कनेक्शन जारी किए हैं**

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने इस वित्तीय वर्ष में दिसम्बर माह तक 132556 घरेलू उपभोक्ताओं को कनेक्शन जारी कर उनके घर रोशन किए हैं। इस वित्तीय वर्ष में दिसम्बर माह तक अजमेर डिस्कॉम ने शहरी क्षेत्रों में 28954 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 103602 घरेलू कनेक्शन जारी कर रिकॉर्ड बनाया है।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी एन.एस.निर्वाण ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार अजमेर डिस्कॉम हर घर बिजली पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अजमेर डिस्कॉम की टीम द्वारा आवेदकों के लिए निर्धारित दस्तावेज जमा होने पर तयसमयानुसार कनेक्शन जारी किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि दीपावली से पूर्व अभियान चलाकर 24384 उपभोक्ताओं को कनेक्शन जारी किए है। चालू वित्तीय वर्ष में दिसम्बर माह तक अजमेर डिस्कॉम ने रिकॉर्ड 132556 घरेलू कनेक्शन जारी कर रिकॉर्ड बनाया है।

प्रबंध निदेशक निर्वाण ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जारी किए घरेलू कनेक्शनों के तहत अजमेर सिटी सर्किल में 4912 कनेक्शन, अजमेर जिला में 6859, भीलवाड़ा में 14441, नागौर में 15732, झुंझुनू में 10974, सीकर में 14113, बांसवाड़ा में 6093, डूंगरपुर में 5002, चित्तौड़गढ़ में 7074, प्रतापगढ़ में 2600, राजसमंद में 6201 तथा उदयपुर में 9601 घरेलू उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया गया है। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में जारी किए घरेलू कनेक्शनों के तहत अजमेर सिटी सर्किल में 1245, अजमेर जिला में 2358, भीलवाड़ा में 3603, नागौर में 3014, झुंझुनू में 2927, सीकर में 5673, बांसवाड़ा में 1475, डूंगरपुर सर्किल में 557, चित्तौड़गढ़ में 1559 कनेक्शन, प्रतापगढ़ सर्किल में 329 कनेक्शन, राजसमंद सर्किल में 751 कनेक्शन तथा उदयपुर सर्कल में 5463 घरेलू उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया गया है।

## 21 जनवरी तक होगा इंटरलोकिंग कार्य

- **कोटा-बीना-कोटा ट्रेन रुठियाई तक होगी संचालित**

**कोटा, (निसं)।** पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मण्डल के बीना-गुना सेक्शन के पिपरईगांव, गुनेरू बामोरी, मुंगावली एवं कंजिया स्टेशन पर इंटरलाकिंग कार्य 06 जनवरी से 21 जनवरी (15 दिन) तक किया जा रहा हैं। जोकि बीना-गुना लाइन दोहरीकरण के लिए आवश्यक है इस कार्य के तहत नियमित ब्लॉक लेकर निर्धारित ब्लॉक की अवधि में कार्य सम्पन्न किया जा रहा हैं। गुना-बीना सेक्शन के कंजिया-पिपरईगाँव स्टेशनों के मध्य नॉन इंटरलॉकिंग का काम पूरा होने के बाद रेल संरक्षा आयुक्त (मध्य वृत) के निरीक्षण व अनुमति के उपरांत इस खण्ड पर रेल यातायात खोल दिया जायेगा। मंडल के परिचालन, इंजीनियरिंग, संकेत एवं दूर संचार, विद्युत विभाग के विभागाध्यक्ष अधिकारियों के समन्वय से रेल विकास निगम लिमिटेड के मुख्य परियोजना प्रबन्धक के नेतृत्व में यह काम किया जा रहा है। इस कार्य के पूर्ण हो जाने पर इस खण्ड पर रेल यातायात सुगम हो जाएगा। गाड़ी संख्या 11603/ 11604 कोटा-बीना-कोटा मेमो रुठियाई स्टेशन तक टर्मिनेट/ ओरिजनेटिंग है अर्थात बीना-रुठियाई के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है लेकिन विकास हेतु कार्य किया जाना आवश्यक है।

# कभी भी जा सकती है गहलोत की सरकार: अरुण चतुर्वेदी

## 'गहलोत की सरकार को असलियत में माफिया ही चला रहे हैं'

**मासलपुर / करौली, (नि.स.)।** प्रदेश सहित करौली जिले में भाजपा द्वारा चलाई जा रही अनाक्रोश यात्रा के तहत द्वितीय चरण के समापन पर मासलपुर कस्बे में आयोजित हुई करौली विधानसभा की जनाक्रोश सभा के दौरान पार्टी के वरिष्ट नेताओं व वक्ताओं ने कहा कि कभी भी जा सकती है गहलोत सरकार, चुनाव के लिए तैयार रहें।

सोमवार को मासलपुर में जिले भर से भारी सख्या में लोगों की भीड़ जुटी। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस माफिया राज रोकने के नाम पर सत्ता में आई थी लेकिन अशोक गहलोत की सरकार को असलियत में माफिया ही चला रहे हैं। पिछले 4 साल में भ्रष्टाचार,पेपर लीक और बढ़ते अपराधों में प्रदेश की जनता को परेशान कर दिया है। हर मोर्चे पर सरकार विफल हो चुकी है।


मासलपुर में पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

देशभर में डीजल के भाव सबसे ज्यादा राजस्थान में है। उन्होंने कहा कि माफिया से घिरी यह सरकार कभी भी जा सकती है। उन्होंने कहा की कांग्रेस राज में हिंदुओं की यात्रा रोकी जा सकती है। कावड़ रोकी जा सकती है मगर ताजियों को नहीं रोका जाता है ऐसा क्यों जवाब दो अशोक गहलोत साहब। इसके अलावा टोंक सवाईमाधौपुर के सांसद सुखवीर सिंह जौनापुरिया ने सभा को संबोधित करते हुए देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। सभा को भाजपा जिला संगठन प्रभारी प्रभारी सुशील दीक्षित, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष हेमेंद्र वशिष्ठ, यात्रा के संयोजक किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री अशोक सिंह धाबाई,यात्रा के सह संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त

### युवक को मारपीट कर घायल किया

**टोंक, (निसं)।** पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में बीती रात को शहर के गांधी पार्क स्थित सिटी सेंटर के पास एक युवक के साथ अज्ञात लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया, जिसको इलाज के सआदत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शहर के गांधी पार्क स्थित सिटी सेंटर के पास रविवार रात्रि को आरिष पुत्र मोहम्मद शाहिद निवासी मेहंदीबाग टोंक के साथ अज्ञात लोगो ने आकर मारपीट की और उसको गंभीर रुप से घायल कर दिया, जिसको इलाज के लिए सआदत अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने घायल की ओर से अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

### रिंकू व मनीषा अवार्ड के लिए चयनित

**चाकसू, (निसं)।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली द्वारा स्कूली विद्यार्थियों में सृजनात्मक एवं नवाचारी सोच विकसित करने के उद्देश्य से कक्षा 6 से 10 तक के आयु वर्ग 10 वर्ष से 15 वर्ष तक के स्कूली विद्यार्थियों के लिए संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना वर्ष 2022-23 में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जानकी वल्लभपुरा, (ग्रा.पं काठावाला)चाकसू की छात्राएं रिंकू गुर्जर पुत्री राम सहाय गुर्जर एवं मनीषा गुर्जर पुत्री रामलाल गुर्जर निवासी-चौंसला दो बेटियों का चयन हुआ है।

### पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता की

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** खटीक समाज चौमूं अध्यक्ष रामलाल बुटोलिया, सचिव लाखन बागोरिया कोषाध्यक्ष किशोर कुमार बुटोलिया व समिति के पदाधिकारी डॉ महेश गंगवाल, भारत बागोरिया, मनीष बागोरिया, बलवंत बागोरिया, शशिराज बागोरिया व कृष्ण गंगवाल द्वारा पलसाना में सड़क हादसे में सामोद के खटीक समाज के पीड़ित परिवार की सहायतार्थ खटीक समाज चौमूं द्वारा 81 हजार रुपए नगद परिवार के मुखिया कैलाश, सुवालाल मल्होत्रा सामोद को दिए गए तथा भविष्य में भी खटीक समाज चौमूं आगे भी इस परिवार की सहायता के लिए तत्पर रहेगा।

### मन्नीदेवी तहसील अध्यक्ष बनी

**निवाई, (निसं)।** राजस्थान पंचायत समिति सदस्य संघ के तहसील अध्यक्ष पद पर मन्नीदेवी गुर्जर को नियुक्त किया गया। संघ की जिलाध्यक्ष हंसा देवी गुर्जर ने राजस्थान पंचायत समिति सदस्य संघ ने प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह सुरपुरा की अनुशंषा पर मन्नीदेवी गुर्जर को निवाई तहसील अध्यक्ष पर नियुक्ति दी है।

# 'प्रदेश की जनता गहलोत व पायलट के वर्चस्व की लड़ाई के बीच फंस गई है'



राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने कोटपूतली में कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

- राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर व जिला प्रमुख रमा चौपड़ा सहित अन्य ने किया सम्बोधित
- भाजपा की जन आक्रोश महासभा का आयोजन

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के कृष्णा टॉकिज रोड पर सोमवार को हाल ही में निकाली गई जन आक्रोश यात्रा की समापन महासभा आयोजित हुई। जहां हजारों की संख्या में लोगों ने समापन महासभा में भाग लिया।

इस दौरान राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने करीब आधा घण्टे तक अपने सम्बोधन में प्रदेश की कांग्रेस सरकार से लेकर कोटपूतली के स्थानीय विधायक व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव पर जमकर निशाने साधे। डॉ. मीणा ने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के वर्चस्व की लड़ाई के बीच फंस गई है। उन्होंने कहा कि हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि जनता गहलोत व पायलट नामक पाटों के बीच फंस कर पिस रही है। प्रदेश का किसान व युवा त्रस्त है, किसानों की ऋण माफी के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस पार्टी ने हालात इतने बुरे कर दिये है कि आज किसानों के खेत खलिहान व मकान बिकने की कगार पर हैं।

मीणा ने कहा कि लगातार 16 विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक प्रकरण ने राज्य सरकार को नंगा कर दिया है। इस बात के पुख्ता सबूत मुख्यमंत्री तक पहुंचाये गये हैं कि पेपर लीक में कांग्रेस के मंत्री शामिल हैं फिर भी आरोपियों को क्लीन चिट दे दी गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि देश को तोड़ने वाले देश जोड़ने की बात कर रहे है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जहां नफरत मिटाने की बात करते हैं वहीं गहलोत सरकार साम्प्रदायिक तुष्टिकरण में लगी है।

उन्होंने कहा कि कोटपूतली में मृतक विकास प्रजापत की हत्या के घटनाक्रम का खुलासा नहीं हुआ है। यह प्रदेश के गृहमंत्री और सरकार के लिए बड़ी शर्म की बात है वहीं नगरपरिषद् द्वारा कोटपूतली में रातों रात 250-300 व्यापारियों की दुकानें तोड दी गई। अगर समय पर मुझे याद कर लेते तो ऐसा नहीं होता। डॉ. मीणा ने कहा कि हम सबको एकजुट होकर आने वाले चुनाव में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनानी है।

सभा को सम्बोधित करते हुए जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर व जिला प्रमुख रमा चौपड़ा ने कहा कि गहलोत सरकार में महिलाओं व दलितों पर लगातार अत्याचार की घटनायें हो रही है। इसका जवाब राजस्थान की जनता को देना है। भाजपा नेता मुकेश गोयल ने भी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कोटपूतली की चौपट कानून व्यवस्था को लेकर बात कही। उन्होंने कहा कि गृह राज्यमंत्री का क्षेत्र होने के बावजूद भी आये दिन क्षेत्र में चोरी, डकैती, लूट व फायरिंग की घटना हो रही है, कोटपूतली अपराधियों व गुण्डा तत्वों की शरण स्थली बन गया है।

सभा को भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने सम्बोधित करते हुए भारी भीड़ के उमडने पर आभार व्यक्त किया। संचालन जिला महामंत्री एड. सुरेन्द्र चौधरी ने किया। इससे पूर्व सभा को वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड. हीरालाल रावत, पूर्व जिला मंत्री यादराम जांगल, जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर बोकन, युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री विनोद सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष भगवान शर्मा, एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुबेसिंह मोरोडिया, पूर्व जिला पार्षद धुड़सिंह शेखावत, पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर,एड. अशोक बंसल, दिनेश कमान्डेंट सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान जिला मंत्री रविन्द्र सिंह व सुभाष शर्मा, मंडल अध्यक्ष इंजी. सुभाष घोघड़, गोपाल मोरीजावाला, एड. रमेश रावत, संजय सिंह, कैलाश स्वामी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महेन्द्र गुर्जर व कमल सैनी, टिंकु सिंह पाथरेड़ी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल व सिद्धार्थ टोरडा, भाजपा नगर मंडल महामंत्री बालकृष्ण सैनी, शशि मित्तल, इंजी. विक्रम कसाना, एड. विकास जांगल, पुष्कर शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि मुखिया पायला, पूर्व सरपंच रविन्द्र मीणा, रमन सैनी, सीताराम बंसल, कमलेश प्रजापत, पूर्व सरपंच जयराम गुर्जर व एड. बजरंग लाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व आमजन मौजूद थे।

इस दौरान कांग्रेस के पूर्व जिला पार्षद सावित्री देवी, बानसूर के पूर्व जिला पार्षद राजाराम सैनी, ठाकुर सिंह पंवार, बसई सरपंच प्रतिनिधि सत्यवीर मीणा, पूर्व सरपंच भगवत प्रसाद मीणा, हँसराज गुर्जर पीटीआई, पूर्व सरपंच यादराम सिरोडिया, मिरचूराम व जयराम पोषवाल ने भाजपा की सदस्यता गृहण की।

### क्षतिग्रस्त पोल हादसे को दे रहे निमंत्रण

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में वर्षों पूर्व डिस्कॉम द्वारा लगाए गए कई बिजली के पोल क्षतिग्रस्त होकर गिरने के कगार पर खड़े हैं।

वहीं डिस्कॉम द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देने के कारण किसी भी समय बिजली पोल इन दिनों बड़े हादसे के कारण बन सकते हैं। एक बिजली का पोल तो दो हिस्सों में बटा हुआ है जिसके लोहे के सरिए दूर से ही नजर आते हैं उसी के आगे खड़ा दूसरा पोल झुका हुआ है जिसे चारदीवारी और बबूल की झाड़ियों बांधकर सहारा दिया गया है।

यह दोनों पोल लगभग गिरने की कगार पर हैं जो कभी भी एक बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। इस संबंध में कॉलोनी वासियों ने बताया कि विद्युत विभाग का ऑफिस हमारी कॉलोनी के बिल्कुल सामने ही है और इस संबंध में हमने बहुत बार कर्मचारियों से लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं लेकिन लंबा समय गुजर जाने के बाद भी संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे पा रहा है।

# बेरोजगार कला शिक्षक अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया

- कला शिक्षकों के द्वितीय व तृतीय श्रेणी के पद सृजित कर भर्ती शुरू करने की मांग की




बेरोजगार कला शिक्षक अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

**टोंक, (निसं)।** जिले के बेरोजगार कला शिक्षक अभ्यर्थियों ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 10 तक अनिवार्य कला शिक्षा (चित्रकला संगीत) विषय के शिक्षण किये बिना ही प्रतिवर्ष लाखों बच्चों को 100 अंकों का फर्जी मूल्यांकन कर बच्चों की अंक तालिकाओं में फर्जी ग्रेडिंग दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि न कला शिक्षा पुस्तक उपलब्ध है न ही राजकीय विद्यालयों में कला शिक्षकों के पद सृजित हैं जिससे बच्चों को कला शिक्षा का सृजनात्मक रचनात्मक शिक्षण से वंचित रहना पड़ता है। जबकि दूसरी तरफ राजस्थान के महाविद्यालय व विश्वविद्यालय में कला शिक्षा चित्रकला, संगीत, मूर्तिकला, दक्षता प्रदान कर कला शिक्षकों की डिग्री दे कर बेरोजगार बनाया जा रहा है। 1992 से कला शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई। कला शिक्षा के फर्जीवाडे पर रोक लगे व योग्यता प्राप्त कला शिक्षकों के द्वितीय व तृतीय श्रेणी के पद सृजित होकर भर्ती शुरू हो आदि मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया।

जिले के प्रभारी नरेंद्र साहू ने बताया कि 17 जुलाई 2020 में तत्कालीन निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग बीकानेर ने कला शिक्षा विषय कि नियमित भर्ती करने के मामले में राजस्थान सरकार को पत्र भेजा था, लेकिन अभी तक नियमित भर्ती नहीं कि गई जिससे बेरोजगार कला शिक्षक अभ्यर्थियों में भारी रोष व्याप्त है। जल्द निर्णय कर कला शिक्षा विषय के फर्जीवाडे रोक नहीं लगाकर कला शिक्षकों के द्वितीय व तृतीय श्रेणी के पद सृजित कर नियमित भर्ती शुरू नहीं की गई। कलाकार पुरूषोत्तम सोनी ने बताया कि आगामी विधानसभा सत्र में प्रदेश का बेरोजगार कला शिक्षक अभ्यर्थी अपनी पेन्टिगों व संगीत वाद यन्त्रों के साथ घेराव करेगा उसके बाद यदि सुनवाई नहीं की गई तो शिक्षा मन्त्री का पेन्टिगों व वाद यन्त्रों के साथ घेराव किया जायेगा। ज्ञापन देने कलाकारों में शाहिद नकवी, पुरूषोत्तम सोनी, नरेन्द्र साहू, महेश गुर्जर, नित्यानन्द महावर, परसराम मीना , गिरिराज प्रसाद शर्मा, जितेन्द्र रघुवंशी आदि कलाकार सम्मलित थे।

## सार-समाचार

### विराटनगर को जिला बनाने की मांग



**पावटा, (निसं)।** विराटनगर की जनता की भावनाओं को समझते हुए सोमवार को भाजपानेत्री रत्नाकुमारी के नेतृत्व में विराटनगर उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम विराटनगर को जिला बनाए जाने और कोटपूतली जिले में शामिल नहीं किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। भाजपानेत्री रत्नाकुमारी ने बताया कि महाभारत कालीन विराटनगर जो अनेक सयताओं को अपने अंदर समाहित किए हुए है। जो भारत के 16 महाजनपदों में से एक मत्स्य महाजनपद की राजधानी रहा है। जिस विराटनगर की पावन धरा पर योगेश्वर श्रीकृष्ण, आचार्य चाणक्य, सम्राट अशोक, चीनी यात्रा पहुंचे हो। किसी जमाने में अपने वैभव और विलासिता के साथ साथ बौद्ध धर्म के सबसे बडे आध्यात्मिक केंद्रों में से एक राजा विराट की नगरी विराटनगर राजनैतिक उपेक्षा का शिकार होते हुए आज इस स्थिति में पहुंच गया है कि इसे कोटपूतली जिले का हिस्सा बनाया जाना प्रस्तावित हुआ है। जबकि यहां के पौराणिक, आध्यात्मिक पुराअवशेष इस बात को स्पष्ट करते है कि इसे किसी भी जिले का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। बल्कि यह अपने आपमें ही जिला बनाएं जाने के सभी मापदंडों को पूरा करता है। इस दौरान संतोष मोदी, शिवदान फागणा, सुरेश बादलीवाल, सत्यनारायण सैनी, प्रकाश सैनी, बडी संया में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अघोषित विद्युत कटौती का विरोध



**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा-टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत निगम द्वारा की जा रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर सोमवार को किसानों व भाजपाईयों का गुस्सा फूट पड़ा। विधायक कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय से रैली के रूप में जमकर सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए न्यायालय परिसर पहुंचे। किसानों व भाजपाईयो ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम रामकुमार वर्मा को सौंपे ज्ञापन में बताया कि अघोषित विद्युत कटोती से विद्यार्थियों की पढाई चौपट हो रही है। औधोगिक इकाईयां ठप हो जाने से प्रतिदिन लाखों रूपयों का व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। रात के अंधेरे में किसानों को सिंचाई के लिए थ्री फेश विद्युत सप्लाई देने व बार-बार ट्रिपिंग सहित अघोषित कटोती से रातभर किसान कडाके की ठण्ड में ठिठुर रहा है। निगम के अधिकारियों को गांव में विधुत समस्या से अवगत करवाये जाने के बावजूद समाधान को लेकर घौर लापरवाही बरती जा रही है। साथ ही विधायक ने कडे शब्दों में कहा कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मजबूरन सडकों पर उतर आंदोलन करना पड़ेगा।

### अतिक्रमण हटाने के आदेश

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सोमवार को पीपलू उपखंड के झिराना ग्राम पंचायत के चारागाह भूमि, जोहड व रास्तों के अतिक्रमण 3 माह में हटवाने के टोंक कलेक्टर को आदेश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल व न्यायाधीश शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश झिराना के निवासी श्योराज जाट व अन्य द्वारा एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा मालपुरा के जरिये दायर की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। जनहित याचिका में बताया गया है झिराना पंचायत में गांव की चारागाह भूमि पर गांव के प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर रखे हैं, इस बारे में ग्राम पंचायत के सरपंच व ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय अधिकारियों को अवगत करवाया किंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई तथा ग्रामीणों ने चारागाह पर सरसों की खेती कर रखी है। इससे गांव के पशुधन को चराने में दिक्कतें हो रही हैं, साथ ही आम रास्तों सहित जोहड व तालाब पर भी कब्जे हो रखे हैं। खण्डपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद टोंक कलेक्टर को तीन माह में अतिक्रमण हटवाने के आदेश दिए हैं।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**निवाई, (निसं)।** गांव नोहटा में रविवार की देर शाम को ट्रेक्टर की टक्कर से एक युवक की मृत्यु हो गई। बरोनी थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि रविवार की शाम को नोहटा में रामनगर रोड स्थित माताजी तिराहे पर बंटी वर्मा उम्र 23 वर्ष पुत्र रामदेव वर्मा निवासी नोहटा कृषि कार्य कर वापस पैदल ही आ रहा था। इसी दौरान एक ट्रेक्टर ने उसके पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। परिजन तत्काल सीएचसी झिलाय लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। झिलाय अस्पताल में मेल चिकित्सक नहीं होने व मोर्चरी की व्यवस्था नहीं होने के कारण शव को निवाई भेज दिया। शव को मोर्चरी में रखवा दिया। सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौप दिया।

# जमीन को फर्जी तरीके से बेचने का आरोप

**पावटा, (निसं)।** पावटा कस्बे की श्याम कॉलोनी में कब्जशुदा जमीन की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने का मामला सामने आया है। इससे नाराज लोगों ने तहसीलदार समेत राजस्वकर्मियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया तथा जमकर नारेबाजी की।

लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मामले की जांच करवाने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। स्थानीय लोगों ने बताया कि श्याम कॉलोनी में लोग सन 1980 से जमीन खरीदकर रह रहे हैं। इनमें कुछ प्लाट स्टांप व कुछ रजिस्ट्री पर बिके हुए हैं। स्टांप पेपरों पर बिके प्लॉट आज भी राजस्व रिकॉर्ड में बेचान करने वालों के नाम दर्ज है। इसका फायदा उठाकर मुलीदेवी ने महेंद्र गुर्जर को प्लाट बेच दिया तथा उसकी रजिस्ट्री करवा दी। जबकि मौके पर कोई भी खाली प्लाट नहीं है। लोगों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान बडी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड ने कहा कि भू माफियाओं द्वारा इन कॉलोनी के लोगों के साथ अन्याय किया गया है। प्रशासन को भू माफिया पर लगाम लगानी चाहिए। 21 दिसंबर को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खाता खोल रजिस्ट्री की गई है ज्योंकि की अधिकारियों की बदनियति को दर्शाता है। इसलिए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए व खाते को तुरंत प्रभाव से शुन्य करते हुए 30 साल से कॉलोनी में बसे लोगों को राहत देते हुए कॉलोनी का सर्वे करवा कर आबादी में परिवर्तित करवा कर उनके पट्टे बनाने की बात कही।

### नाबालिग बेहोशी हालत में मिला

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा पुलिस थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम एक नाबालिग बच्चा पावटा अंबेडकर पार्क के पास बेहोशी की हालत में मिला। जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

11 वर्षीय नाबालिग बच्चे का कोटपुतली के राजकीय चिकित्सालय में उपचार जारी है। सोमवार देर शाम एक 11 वर्षीय बच्चा पावटा नवोदय कट की तरफ से आ रहा था। पावटा अंबेडकर पार्क के पास के बेहोशी की हालत में मिला।

जिसके बाद परिजनों ने उसे तुरंत कोटपुतली राजकीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसका उपचार जारी है। वहीं प्रागपुरा थाना पुलिस के अनुसार बच्चे के मुँह पर कपड़ा बंदा हुआ था। वहीं परिजनों के अनुसार किसी ने बच्चे का अपहरण करने का प्रयास किया है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ वाइस चेयरमैन व पार्षदों ने नगरपालिका में प्रदर्शन किया

**पावटा, (निसं)।** पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका में विभिन्न स्तरों पर व्याप्त भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की मांग को लेकर वाइस चेयरमैन अशोक कुमार सैनी, नरपत सिंह शेखावत सहित पार्षदों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा।



पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की मांग को लेकर वाइस चेयरमैन अशोक कुमार सैनी, नरपत सिंह शेखावत सहित पार्षदों का अनिश्चितकालीन धरना छठे दिन भी जारी रहा।

- दस्तावेज पर वर्तमान ईओ के नाम पर प्राईवेट कर्मचारी के हस्ताक्षर को लेकर मचा बवाल

अपनी मांगों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को नगरपालिका में वाइस चेयरमैन सहित पार्षदों ने प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। वहीं बीमारी के कारण तीन-चार दिन से छुट्टी पर चल रही ईओ मनीषा यादव के आने पर उन्हें अवगत करवाते हुए पार्षद सांवर मल बंसल ने बताया कि मोबाइल टावर को लेकर पालिका द्वारा जारी एनओसी देने में दोषी कर्मचारियों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है वहीं एक फर्जी दस्तावेज लगाकर पट्टा बनवाने वाले के खिलाफ कार्य वाही की मांग की।

वहीं पार्षद संजय सैन द्वारा नाली निर्माण में बरती अनियमिताओं के बारे में बताया। वहीं पार्षद राकेश मीणा द्वारा पालिका मे दलालो पर रोक लगाने की बात कहीं। वहीं पालिका में हंगामा जब मचा जब बीमारी के कारण तीन-चार दिन से छुट्टी पर चल रही ईओ मनीषा यादव के नाम एक प्राईवेट कर्मचारी के हस्ताक्षर मय सील दस्तावेज पर मिले। वाइस चेयरमैन अशोक कुमार सैनी, नरपत सिंह शेखावत ने बताया कि डीएलबी अधिकारियों व ईओ मनीषा यादव द्वारा पोल स्ट्रीट लाइट के कार्य को रोकने के बाद भी कार्य अनवरत जारी है। जो कि अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना है। पार्षद मिंटू शर्मा, मनीष निमोरिया का कहना है कि पहले कार्यरत अधिशासी अधिकारी व जेईएन द्वारा पोल स्ट्रीट लाईट लगाने में ठेकेदार को दोषी माना था, फिर भी वह कार्य कर रहा है। पार्षदों ने बताया कि नगरपालिका द्वारा फर्जी तरीके से जारी की गई एनओसी, विकास कार्यों के टेंडरों को ऑफलाइन कर उसमें भ्रष्टाचार व मनरेगाकर्मियों की फर्जी उपस्थितियों, स्ट्रीट लाईटों को एस्टिमेट के अनुसार नहीं लगा फाउंडेशन में घटिया मेटेरियल का उपयोग, उसमें लगे पोल कंपनी के लगाने व अधिक पॉवर वाली एलईडी लगवाने को लेकर, नगरपालिका के वार्डो के साथ ही किए जा रहे भेदभाव व अन्य अनियमितताओं की जांच की मांग कर रहे हैं।

नगरपालिका क्षेत्र में अव्यवस्था, लापरवाही और भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिसके कारण आमजन की समस्याओं का समाधान नहीं होता है। मनमानी के चलते शहर में विकास कार्य ठप हो गए हैं। इसमें जनता पिस रही है और जनता के मूलभूत कार्य में अटके हुए हैं। जब तक प्रशासन उनकी मांगो को नही मानता व दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं सुनवाई नहीं होने पर धरने को आमरण अनशन में बदला जायेगा। वही अधिशासी अधिकारी मनीषा यादव, चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी ने एनओसी मामले में दोषी व कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस मौके पर वाईस चेयरमैन अशोक कुमार सैनी नरपत सिंह शेखावत, श्याम सिंह शेखावत, महेंद्र कुमार वर्मा, मिंटू शर्मा, संजय सैन, मनीष सैनी, सोयचंद सैनी ,साहिल खान, सुनीता जाजोरिया, राकेश मीणा, सांवरमल बंसल, लोकेश शर्मा, महिपाल सिंह ,नवरत्न सोनी, कैलाश गोठवाल, महेंद्र रेगर, गिरधारी लाल शर्मा, मनीष निमोरिया, संदीप मीणा, रामजीलाल सैनी, मुकेश सोलंकी, विक्की सोनी, सोनू शर्मा, विकास शर्मा, जगदीश ओला सहित अन्य पार्षद व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### 'एक और प्रोफेसर के खिलाफ परिवाद दर्ज'

**जयपुर, (निसं)।** बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर के राजनीति विज्ञान के निलंबित एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.रमेश बैरवा की शिकायत पर शिवाजी पार्क थाने में कला कॉलेज के राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ.विनय कुमार पिंजानी के खिलाफ परिवाद दर्ज हुआ है। शिकायत में आरोप लगाया है कि डॉ.पिंजानी ने मुख्यमंत्री एवं उच्च अधिकारियों को झूठी शिकायतें भेजकर इन्हें हानि पहुंचाई है।

21 मई 2022 को इन्होंने मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, उच्च शिक्षा सचिव,आयुक्त कॉलेज शिक्षा जयपुर सहित अन्य को डॉ. बैरवा के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करवाने के लिए मिथ्या और मनगढ़ंत सूचनाओं पर आधारित शिकायत भेजी थी। प्राचार्य (कार्यवाहक) डॉ.लवलीना व्यास ने भी इस शिकायत के आधार पर इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की मांग थी।

इस मिथ्या शिकायत के कारण इनका सेवा से निलंबन और भारी क्षित हुई है। इस शिकायत में भेजी मिथ्या सूचना के कारण माननीय उच्च न्यायालय से निलंबन पर इन्हें स्थगन नहीं मिला। इनके परिवार को भारी आर्थिक व मानसिक हानि पहुंचाई है।


# तंबाकू उत्पादों की रोकथाम के लिए बैठक



उपखंड अधिकारी सुनीता मीणा की अध्यक्षता में तंबाकू उत्पादों की रोकथाम के लिए ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई।

**नारायणपुर, (निसं)।** क़स्बा स्थित मिनिसचिवालय में सोमवार को उपखंड अधिकारी सुनीता मीणा की अध्यक्षता में बीडी, सिगरेट, और अन्य तंबाकू उत्पादों की रोकथाम के लिए ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में एसडीएम सुनीता मीणा ने बताया कि जिला कलेक्टर की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर हो रही तम्बाकू उत्पाद की बिक्री को लेकर कार्रवाई करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू उत्पादों पर बिक्री की रोकथाम और सेवन नहीं करने को लेकर अधिकारियों निर्देशित किया गया है। उन्होंने ने बताया कि नारायणपुर ब्लॉक में सार्वजनिक स्थानों पर जहां कही भी तंबाकू उत्पादों की बिक्री या सेवन किया जायेगा, उसके खिलाफ कोटपा एक्ट में सख्त कार्रवाई कर जुर्माना किया जायेगा। एसडीएम ने बताया कि 2 जनवरी से 10 फ़रवरी तक 40 दिन विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसको लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगो को तंबाकू के दुष्प्रभाव को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर तहसीलदार ओमप्रकाश लखेरा, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ.सुरेश मीणा, बिजली सहायक अभियंता रमेश गुर्जर, अतिरिक्त विकास अधिकारी गिर्राज प्रसाद मीणा, रामेश्वर दयाल मीणा, संसार सागर, महेश जैमन, कृषि पर्यवेक्षक मुंशी सैनी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे ।



,"जिदान फ्रांस है। लीजैंड का इस तरह अपमान नहीं किया जाता।"

काइलियान एमबाप्पे

फ्रांस के महान फुटबालर, फ्रांस फुटबाल महासंघ के अध्यक्ष द्वारा जिनेदिन जिदान को लेकर की गयी टिप्पणी पर

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## मिचेल स्टार्क



ऑस्ट्रेलिया के चोटग्रस्त गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने अंदेशा जताया है कि वह भारत के खिलाफ अगले महीने शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गये बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान कैच पकडते हुए स्टार्क के गेंदबाजी वाले हाथ में चोट लग गयी थी, जिसकी वजह से वह तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके थे। ऑस्ट्रेलियाई एसोसियेटेड प्रेस ने सोमवार को स्टार्क के हवाले से कहा, मैं पहले टेस्ट से बाहर रह सकता हूं। हम देखेंगे कि महीने के अंत में स्थिति क्या है। उम्मीद है कि मैं दूसरे टेस्ट तक खेलने के लिये फिट हो जाऊंगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# साल की पहली वनडे सीरीज में श्रीलंका से भिडेगा भारत

गुवाहाटी, 9 जनवरी। नये कप्तान के साथ टी20 सीरीज जीतने के बाद भारतीय टीम साल की पहली एकदिवसीय शृंखला में श्रीलंका का सामना करेगी, जिसकी शुरुआत मंगलवार को यहां बरसपारा स्टेडियम में पहले वनडे के साथ होगी।

यह सीरीज इसी साल स्वदेश में होने वाले एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप के लिहाज से महत्वपूर्ण है। भारत ने टी20 विश्व कप 2022 की विस्मरणीय हार के बाद न्यूजीलैंड और बंगलादेश के खिलाफ भी वनडे सीरीज खेली, लेकिन एक जनवरी को विश्व कप को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई बैठक के बाद यह टीम का पहला वनडे अभियान है।

बीसीसीआई ने एक जनवरी की बैठक में चर्चा की थी कि वह विश्व कप के लिये 20 खिलाड़ियों को चुनकर उनके साथ काम करेगी और अगले 10 माह में इन सभी खिलाड़ियों को अवसर मिलने की उम्मीद है।

फिलहाल इस सीरीज में चोट से लौट रहे कप्तान रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल ओपनिंग करेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने हाल ही में बंगलादेश के विरुद्ध तीसरे वनडे में मिले मौके को भुनाते हुए दोहरा शतक जडा था, हालांकि रोहित ने मैच की पूर्व संध्या पर बताया है कि गिल को प्राथमिकता दी जायेगी।

विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और लोकेश राहुल की उपस्थिति में भारत का मध्यक्रम मजबूत है। छठे नंबर पर उपकप्तान हार्दिक पांड्या गेंदबाजी में भी महत्वपूर्ण विकल्प प्रदान करते हैं, सातवें नंबर के लिये हालांकि टीम प्रबंधन को अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर में से किसी एक को चुनना होगा। दोनों ही ऑलराउंडर गेंद और बल्ले से अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं, हालांकि रवींद्र जडेजा की गैरमौजूदगी में अक्षर ने टी20 टीम में भी अपनी जगह पक्की की है।

बीसीसीआई ने जसप्रीत बुमराह को इस सीरीज में भी आराम करने का निर्णय लिया है। ऐसे में मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी के साथ उमरान मलिक या अर्शदीप सिंह भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण को पूरा कर सकते हैं।

श्रीलंका ने भी विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस सीरीज के लिये टीम चुनी है। वह इससे पूर्व अफगानिस्तान के साथ 1-1 से ड्रॉ खेलकर आ रही है और भारत को उसकी सरजमीन पर हराना दसुन शनाका की टीम के आत्मविश्वास को अद्भुत तरीके से बढायेगा। श्रीलंका ने जहां अपने पिछले तीन वनडे मुकाबलों में से तीन में जीत दर्ज की है, वहीं भारत ने अपने पिछले पांच में से सिर्फ दो मुकाबले जीते हैं। बरसपारा स्टेडियम की छोटी बाउंड्रियां और सपाट पिच के कारण यहां बड़ा स्कोर बनने की संभावना है। यहां पर 2018 में खेले गये एकमात्र वनडे में वेस्टइंडीज ने आठ विकेट पर 322 रन बनाये थे, जिसे भारत ने आसानी के साथ 43वें ओवर में ही हासिल कर लिया था। बारिश के कारण इस मैच में खलल पड़ने की उम्मीद नहीं है।

**संभावित भारतीय एकादश :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह

## चोटिल हेनरी की जगह ब्रासवेल भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिये न्यूजीलैंड टीम में

आकलैंड, 9 जनवरी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज डग ब्रासवेल को चोटिल मैट हेनरी की जगह भारत और पाकिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखलाओं के लिये टीम में शामिल किया गया है। हेनरी के पेट की मांसपेशियों में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के आखिरी दिन खिंचाव आ गया था। उन्हें दो से चार सप्ताह का समय इससे उबरने में लगेगा। न्यूजीलैंड के लिये 68 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके ब्रासवेल ने आखिरी वनडे श्रृंखला नीदरलैंड के खिलाफ अप्रैल में खेली थी। वह घरेलू क्रिकेट में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन करते आये हैं। वह बुधवार को पाकिस्तान पहुंचेंगे। भारत दौरे के लिये टिम साउदी की जगह तेज गेंदबाज जैकब डफी को शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड टीम का भारत दौरा 18 जनवरी को हैदराबाद में पहले वनडे से शुरू होगा। इसके बाद रायपुर और इंदौर में मैच होने हैं।

भारत दौरे के लिये न्यूजीलैंड की वनडे टीम : टॉम लाथम ( कप्तान ), फिन एलेन, डग ब्रासवेल, माइकल ब्रासवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, जैकब डफी, जॉकी फर्ग्युसन, डेरिल मिशेल , हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनेर, हेनरी शिपले, ईश सोढी और ब्लेयर टिकनेर।

# श्रीलंका वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे बुमराह



मुंबई, 9 जनवरी। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार से शुरू होने वाली एकदिवसीय शृंखला में नहीं खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इसकी पुष्टि की।

बीसीसीआई सचिव शाह ने कहा कि बुमराह को गेंदबाजी करने के लिये तैयार होने के वास्ते कुछ और समय की जरूरत है और यह निर्णय 'एहतियाती उपाय' के रूप में लिया गया है। चयनकर्ता समिति ने फिलहाल बुमराह की जगह किसी खिलाड़ीको टीम में शामिल नहीं किया है।

बुमराह सितंबर 2022 से क्रिकेट से दूर थे और पीठ की चोट के कारण आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में भी शामिल नहीं हुए थे। टी20 विश्व कप से पहले भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुई टी20 सीरीज के लिये बुमराह को टीम में वापस बुलाया गया, लेकिन दो मैचों के बाद उनकी पीठ की समस्या बढ गयी थी।

बीसीसीआई ने तीन जनवरी को बताया था कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने बुमराह को रिहैब से गुजरने के बाद फिट घोषित कर दिया है। बीसीसीआई ने कहा था, तेज गेंदबाज रिहैब से गुजरा है और उसे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसी) ने फिट घोषित कर दिया है। वह जल्द ही टीम इंडिया की वनडे टीम में शामिल होंगे।

बोर्ड ने कहा था कि बुमराह को चयनकर्ता समिति की सिफारिश पर टीम में शामिल कर लिया गया है, हालांकि अब बीसीसीआई ने एनसीए की सिफारिश के आधार पर उन्हें वनडे सीरीज में नहीं खिलाने का फैसला लिया है।

क्रिकेट समाचार वेबसाइट क्रिकबज़ ने बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से कहा कि बोर्ड बुमराह के साथ 'जल्दबाज़ी' नहीं करना चाहता। क्रिकबज़ ने कहा कि यह निर्णय ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने होने वाली टेस्ट सीरीज और अक्टूबर में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सूत्रों के अनुसार बुमराह न्यूजीलैंडके विरुद्ध 18 जनवरी से शुरू होने वाली सीमित ओवर शृंखलाओं में खेल सकते हैं।

बुमराह 10 जनवरी को होने वाले पहले एकदिवसीय मैच के लिये गुवाहाटी नहीं पहुंचे हैं, हालांकि श्रीलंका टी20 सीरीज से बाहर रहने वाले रोहित शर्मा, लोकेश राहुल, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर जैसे वरिष्ठ खिलाड़ीटीम में शामिल हो गये हैं।

## हमें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना होगाः शनाका

गुवाहाटी, 9 जनवरी। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने सोमवार को कहा कि वह भारत के खिलाफ हाल में संपन्न टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान दे रहे हैं और मंगलवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में कडी चुनौती पेश करेंगे।

श्रीलंका पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय को जीतने के करीब पहुंचा था लेकिन उसे दो रन से हार का सामना करना पडा। टीम ने दूसरे टी20 में भारत को 16 रन से हराया।

राजकोट में तीसरे और अंतिम टी20 में हालांकि सूर्यकुमार यादव के तूफानी शतक ने भारत के श्रृंखला 2-1 से जीतने की नींव रखी। शनाका ने एकदिवसीय श्रृंखला की पूर्व संध्या पर कहा, "पिछले कुछ समय में दक्षिण अफ्रीका के अलावा कोई भी टीम भारत में जीत दर्ज नहीं कर पाई है। हमने मुंबई में कड़ी टक्कर दी थी लेकिन वे मजबूत बनकर उभरे, हमें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने की जरूरत है।" अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत पर जोर देते हुए शनाका ने कहा, "यह श्रीलंका के लिए महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है क्योंकि यहां भारत में विश्व कप होना है इसलिए इस श्रृंखला को लेकर उत्साहित हैं।"

उन्होंने कहा, "यह काफी अच्छी तैयारी होगी क्योंकि परिस्थितियां समान होंगी। खिलाड़ीइसके लिए तैयार हैं, उन्हें इस टूर्नामेंट का महत्व पता है।" श्रीलंका के कप्तान ने टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 187.87 के स्ट्राइक रेट से अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 124 रन बनाए। उन्होंने कहा, "यहां आने से पहले मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था, अधिक अभ्यास किया, भारत के खिलाफ अच्छा खेलना बेहद महत्वपूर्ण है।" श्रीलंका के कप्तान का मानना है कि यह बड़े स्कोर वाला मैच होगा। उन्होंने कहा, "हमने विकेट देखा है और यह बड़े स्कोर वाला मुकाबला लग रहा है।"

## स्टार इंडिया ने बीसीसीआई से सौदे में 'छूट' मांगी

नयी दिल्ली, 9 जनवरी। भारत के घरेलू सत्र के मीडिया अधिकार धारक स्टार इंडिया ने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से मौजूदा सौदे में 130 करोड़ रुपये की 'छूट' की मांग की है, जबकि जर्सी प्रायोजन से बाहर हो रहा बायजूस चाहता है कि बोर्ड वर्तमान समझौते के तहत उसकी 140 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी को भुना ले।बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने सोमवार को शीर्ष परिषद की आपात बैठक में दोनों विषयों पर एक घंटे से अधिक समय तक चर्चा की। यह एक वर्चुअल मीटिंग (ऑनलाइन बैठक) थी।

बायजूस ने नवंबर में बीसीसीआई को सूचित किया था कि वह भारतीय क्रिकेट टीम के जर्सी प्रायोजन से बाहर निकलना चाहता है। बोर्ड ने हालांकि इस एडटेक कंपनी को कम से कम मार्च 2023 तक करार जारी रखने के लिए कहा था। बायजूस ने जून में लगभग 35 मिलियन डॉलर (लगभग तीन अरब रुपये) के साथ जर्सी प्रायोजन समझौते को नवंबर 2023 तक बढ़ा दिया था। इसमें बीसीसीआई को 140 करोड़ रुपये बैंक गारंटी के माध्यम से भुगतान किए जाने हैं जबकि शेष 160 करोड रुपये किश्तों के माध्यम से भुगतान किए जाएंगे। बीसीसीआई से जुडे एक सूत्र ने कहा, " इस बैठक में केवल बायजूस और स्टार इंडिया के मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन इसमें भी एक घंटे से अधिक का समय लगा। यह एक गंभीर मुद्दा है जिसमें लाखों डॉलर का मामला था इसलिए इसमें समय लगना स्वाभाविक था।" बायजूस फीफा विश्व कप के प्रायोजकों में से एक था। उसने मार्च तक कंपनी को मुनाफे में लाने के लिए अपने 50,000 कर्मचारियों में से ढाई हजार की छंटनी करने की घोषणा की है।

# रोहित के साथ ईशान को करनी चाहिये ओपनिंगः इरफान पठान

नयी दिल्ली, 9 जनवरी। पूर्व भारतीय गेंदबाज इरफान पठान ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट में रोहित शर्मा के साथ ईशान किशन को भारत के सलामी बल्लेबाज की भूमिका में रखा जाना चाहिये।

पठान ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक विशेष बातचीत में कहा, मेरा मानना है कि अभी आपको तीन सलामी बल्लेबाज रखने की जरूरत है। मेरे लिये सलामी जोड़ा में रोहित शर्मा, ईशान किशन पहले आते हैं और फिर उनके बाद शुभमन गिल। गिल बेशक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, उनके दो टी20 मैच भले ही अच्छे नहीं गये, लेकिन उनके पास क्षमता है और गिल ने एकदिवसीय क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन भी किया है। इसलिये उनका नंबर तीन पर होना जरूरी है, लेकिन मैं रोहित और ईशान किशन के साथ शुरुआत करूंगा क्योंकि ईशान ने हाल फिलहाल में अच्छी क्रिकेट खेली है और रन बनाये हैं।

किशन ने हाल में बंगलादेश के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला में मिले एकमात्र मौके को भुनाते हुए 210 रन की ताबडतोड पारी खेली थी। उन्होंने अपने पहले दोहरे शतक में 10 छक्के और 24 चौके जडे थे। मेजबान भारत मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला की शुरुआत करेगा। यह सीरीज अक्टूबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होगी।

इरफान ने कहा, सीरीज जीतना जरूरी है, चाहे हम कोई भी सीरीज खेलें। द्विपक्षीय सीरीज आप घर में खेलें या बाहर, उसे जीतना आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिये महत्वपूर्ण है, लेकिन इसका उद्देश्य 2023 विश्व कप होगा जो इस साल अक्टूबर में भारत में हो रहा है। इसलिये विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हमें टीम संयोजन पर काम करना होगा और उसके अनुसार ही एकादश चुननी होगी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि टीम इंडिया इन 20 मैचों में केवल उन्हीं खिलाड़ियों को मैदान में उतारेगी जो 2023 विश्व कप खेलेंगे ताकि सभी को खुद को तैयार करने के लिये पर्याप्त समय मिले। विश्व कप की यह तैयारी भारत बनाम श्रीलंका सीरीज से शुरू होती है।

इरफान ने कहा कि इस सीरीज में रोहित शर्मा का फॉर्म में लौटना जरूरी है। बंगलादेश के विरुद्ध खेले गये दूसरे वनडे में रोहित का अंगूठा फ्रैक्चर होने के बाद वह टीम से बाहर थे और इस सीरीज में वह टीम में वापसी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, चोट से वापस आना कभी आसान नहीं होता है। रोहित शर्मा के लिये फॉर्म में वापस आना सबसे बड़ी चुनौती होगी, जो एक कप्तान लिये महत्वपूर्ण होता है। देखिए, भारत के लिये सीमित ओवर क्रिकेटर के रूप में रोहित शर्मा ने पिछले कुछ वर्षों में जबरदस्त प्रदर्शन किया है और उन्हें इस फॉर्म को जारी रखना होगा और अपनी विरासत को और बेहतर बनाना होगा। उनकी फॉर्म में वापसी के साथ ही फिटनेस एक चुनौती होगी, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि वह इन चुनौतियों से पूरी तरह पार पाने में सफल रहेंगे।

## विश्व कप की विफलता के बाद भी जर्मनी के लिए उपलब्ध है म्यूलर

दोहा, 9 जनवरी। थॉमस म्यूलर ने फुटबॉल विश्व कप में जर्मनी की विफलता के बाद सोमवार को अंतरराष्ट्रीय संन्यास की संभावना को खारिज करते हुए कहा कि वह चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

बायर्न म्यूनिख के इस फारवर्ड ने एक दिसंबर को संकेत दिया था कि वह जर्मनी के लिए अपना अंतिम मैच खेल चुके हैं। जर्मनी के लगातार दूसरे विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद उन्होंने प्रशंसकों की सराहना करते हुए ऐसे संकेत दिए थे। अगले हफ्ते जर्मनी का घरेलू सत्र बहाल होने से पहले कतर में बायर्न के साथ शीतकालीन ट्रेनिंग सत्र के दौरान 2014 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य म्यूलर ने कहा कि उन्होंने जर्मनी के कोच हेन्सी फ्लिक से बात की है और फैसला किया है कि वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास नहीं लेंगे। म्यूलर ने सोमवार को कहा, "मैच के बाद मैं भावुक था और यह दुखद लम्हा था।" उन्होंने कहा, "मैं सोच-विचार कर रहा था और हेन्सी फ्लिक के संपर्क में था।

# विश्व कप में हिस्सा लेने ओडिशा पहुंची फ्रांस की टीम

भुवनेश्वर, 9 जनवरी। फ्रांस की टीम ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 में हिस्सा लेने भुवनेश्वर पहुंच गयी है। इस टीम ने पुरुष वर्ल्ड कप 2018 में सभी को अपने प्रदर्शन से आश्चर्यचकित कर दिया था और अब एफआईएच ओडिशा पुरुष विश्व कप के लिये भी यह टीम अच्छे प्रदर्शन के इरादे से उतरी है।

टीम के मुख्य कोच फ्रेडरिक सोयेज ने कहा, हम फिलहाल खिताब की तलाश में नहीं हैं। हमारी टीम का ध्यान प्रतियोगिता के पहले पर केंद्रित है। आगे देखते हैं कि हम कहां तक पहुंचते हैं। हम इस प्रतियोगिता में इस बार पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करने का मकसद लेकर आये हैं और मुझे लगता है कि हमारी टीम के खिलाड़ियों में शीर्ष टीमों के खिलाफ अच्छा खेल दिखाने का दम है।

कुछ खिलाड़ियों पर फोकस करने की जगह हम एक टीम बनकर खेलेंगे।

इस बीच, फ्रांस के कप्तान विक्टर चैरलेट ने प्रतियोगिता में शामिल कुछ टॉप टीमों के खिलाफ उनकी टीम की मजबूती को रेखांकित करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाने की नीयत से खेलने का इरादा साफ किया है।

उन्होंने कहा, निश्चित रूप से इस प्रतियोगिता को जीतना हमारा लक्ष्य है और हम आक्रामक हॉकी खेलने उतरेंगे। हमारी टीम के खिलाड़ियों का खेल दमदार है और प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रही किसी भी बडी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं।

अपनी तेज और आक्रामक हॉकी के बल पर हमारे खिलाड़ी यह करने में सक्षम हैं। एक टीम के रूप में हम ट्रॉफी जीतकर इतिहास बनाना चाहते हैं। इस प्रतियोगिता में फ्रांस की टीम को ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल ए में रखा गया है। इस पूल में फ्रांस को अपना पहला मैच ऑस्ट्रलिया के खिलाफ 13 जनवरी को भुवनेश्वर में खेलना है।

# प्रिटोरियस ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

जोहान्सबर्ग, 9 जनवरी। दक्षिण अफ्रीका के 33 वर्षीय ऑलराउंडर ड्वेन प्रिटोरियस ने क्रिकेट जगत को चौंकाते हुए सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। प्रिटोरियस ने बताया कि वह दुनियाभर की टी20 लीगों पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

प्रिटोरियस ने अपने बयान में कहा, मैं अपने बाकी के करियर में अपना ध्यान टी20 और खेल के अन्य छोटे प्रारूपों पर दूंगा। एक आज़ाद एजेंट होने से मुझे छोटे प्रारूप का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। ऐसा करके मैं अपने करियर और अपने पारिवारिक जीवन के बीच बेहतर संतुलन रख सकूंगा।

उन्होंने कहा, एक विशेष उल्लेख फाफ डु प्लेसिस का भी, जिन्होंने मुझे पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम से जाने के बाद वापस लाये और जिन्होंने मुझे समर्थन दिया और मुझे एक बेहतर खिलाड़ी बनने में मदद की।

इसके अलावा उन्होंने हार्डस विल्जोएन, क्रिस मॉरिस, निकी वैन डेन बर्ग, रासी वैन डेर डूसन, स्टीफन कुक, तबरेज शम्सी, एनरिक नॉर्खिया, नील मैकेंजी और अलग-अलग क्रिकेट मंचों पर उनके कोचों का भी शुक्रिया किया।

साल 2016 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले प्रिटोरियस ने दक्षिण अफ्रीका के लिये 30 टी20, 27 वनडे और तीन टेस्ट खेलते हुए सभी प्रारूपों में कुल 77 विकेट लिये। दो विश्व कप खेल चुके प्रिटोरियस दक्षिण अफ्रीका के लिये सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ों (पाकिस्तान के खिलाफ 17 रन पर पांच विकेट) का रिकॉर्ड रखते हैं और टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनका बल्लेबाजी स्ट्राइक-रेट 164.15 का है।

## गोफिन ने ऑकलैंड में बुबलिक को हराया

ऑकलैंड, 9 जनवरी। बेल्जियम के डेविड गोफिन ने सोमवार को यहां एएसबी टेनिस क्लासिक के पहले दौर के मैच में कजाखस्तान के पांचवें वरीय एलेक्सांद्र बुबलिक को हराया।

बेसलाइन पर मजबूत खेल दिखाने वाले गोफिन ने बुबलिक के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ीबुबलिक ने कई बार 220 किमी प्रति घंटा की सर्विस की लेकिन इसके बावजूद गोफिन ने चार बार उनकी सर्विस तोडी।

इससे पहले फ्रांस के कोंस्टेंट लेस्टिएने ने अर्जेन्टीना के पेड्रो केचिन को 6-1, 6-3 से हराया। रिचर्ड गास्केट ने न्यूजीलैंडके वाइल्ड कार्ड धारक किरणपाल पन्नु को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी जबकि अमेरिका के जेनसन ब्रूकस्बी ने फाबियो फोगनिनी को 6-7 (2), 6-1, 6-3 से हराया।

# भारत में विश्व कप खेलना सपने के सच होने जैसाः अभिषेक

राउरकेला, 9 जनवरी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा फॉरवर्ड अभिषेक ने सोमवार को कहा कि स्वदेश में विश्व कप खेलना सपने के सच होने जैसा है और वह इसके लिये बहुत उत्साहित हैं।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले सत्र में पदार्पण करने वाले 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, भारत के लिये स्वदेश में विश्व कप खेलना सपने के सच होने जैसा है। मैं इसके लिये बहुत उत्साहित हूं, लेकिन मैं थोड़ा घबराया हुआ भी हूं। न सिर्फ यह मेरा पहला विश्व कप होगा, बल्कि इतनी बड़ी भीड़ के सामने खेलने का पहला अनुभव भी होगा। ओडिशा के लोग हॉकी को लेकर बहुत जोशीले हैं और उनके सामने खेलना मेरे लिये बहुत बड़ा अनुभव होगा। अभिषेक ने हॉकी का सफर हरियाणा के सोनीपत में 11 वर्ष की आयु में शुरू किया था। अपने एक दोस्त को हॉकी खेलता देख उन्होंने भी कोच शमशेर सिंह के अधीन रहकर खेल सीखना शुरू कर दिया। अभिषेक ने बताया, अपने स्कूल से शुरू करने के बाद, मुझे राष्ट्रीय हॉकी अकादमी, दिल्ली में चुना गया और 2013-2015 के बीच राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हरियाणा के लिये खेलने के बाद मैंने जूनियर कैंप में जगह अर्जित की। अभिषेक उस भारतीय टीम का हिस्सा थे जिसने बंगलादेश में अंडर-18 एशियाई कप 2016 जीता था। उन्होंने फाइनल में मेजबान टीम के खिलाफ टीम की 5-4 से जीत में विजयी गोल किया, हालांकि वह आगे नहीं बढ़ सके और उन्हें जूनियर राष्ट्रीय कैंप से बाहर कर दिया गया। उन्होंने कहा, मैं जूनियर विश्व कप 2016 में जगह नहीं बना पाया क्योंकि मेरी उम्र कम थी। मुझे जूनियर राष्ट्रीय कैंप से बाहर कर दिया गया जो मेरे लिये बहुत निराशाजनक था। लगभग तीन साल बाद अभिषेक की मेहनत रंग लाई और पंजाब नेशनल बैंक को पहली हॉकी इंडिया इंटर-डिपार्टमेंट राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2021 में तीसरा स्थान हासिल करवाने के बाद उन्हें राष्ट्रीय कैंप में तलब किया गया। अभिषेक ने कहा, वे तीन साल मेरे लिये चुनौतीपूर्ण थे, लेकिन मेरे कोच और विभाग ने मेरा पूरा समर्थन किया। उन्होंने मुझे उस कठिन दौर से उबरने में मदद की और 2021 में एक अच्छा घरेलू सीजन गुजरने के बाद मुझे मुख्य समस्याओं के लिये चुने जाने का भरोसा था। हरियाणा से आने वाले 23 वर्षीय फॉरवर्ड ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021/22 में तीसरे स्थान पर रहने वाली और बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अब वह विश्व कप में भी भारत को पदक जिताने के लिये उत्सुक हैं।

# भारत के पास पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 जीतने की क्षमता है : अशोक कुमार

झांसी 9 जनवरी। हॉकी के जाने माने खिलाड़ी एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार ने सोमवार को कहा कि भारतीय टीम के एफआईएच ओडिशा मेन्स वर्ल्ड कप 2023 जीतने की पूरी क्षमता है।

वर्ष 1975 में हॉकी की विश्व विजेता बनी भारतीय टीम की न केवल हिस्सा रहे बल्कि फाइनल में अपने करिश्माई गोल के बल पर टीम को रोमांचक जीत दिलाने वाले अर्जुन पुरस्कार विजेता ओलंपियन अशोक कुमार ने बातचीत में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि घरेलू मैदान पर अपने देश की टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने संभावनाएं प्रबल हैं, बशर्ते उसे 1975 की भारतीय टीम की उस ऐतिहासिक जीत को अपने जहन में रखकर इस मेगा इवेंट में 1975 के प्रदर्शन को दोहराना होगा। भारत के पास अच्छे स्ट्राइकर, पेनाल्टी कॉर्नर लेने वाले और अच्छे गोलकीपर हैं इसलिए इस विश्वकप में उनके पास इस विश्वकप में दूर तक जाने के लिए सभी अनुकूल परिस्थितिया मौजूद हैं।

अशोक कुमार ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी बहुत उत्साहित या भावुक हो जाते हैं लेकिन अगर वो अपना फोकस रख सके तो ऑस्ट्रेलिया के साथ विश्व कप जीतने के सबसे बडे दावेदारों में से एक हैं। नीदरलैंड का विश्व कप में हमेशा अच्छा प्रदर्शन रहता है और उसे नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता है। पिछले कुछ टूर्नामेंटों में उन्होंने काफी सुधार किया है, इसलिए मुझे उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि भारत के साथ साथ बेल्जियम, अर्जेंटीना और इंग्लैंड भी काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए, कम से कम छह-सात टीमें हैं जो शीर्ष पर हो सकती हैं। यह बेहद दिलचस्प होगा क्योंकि टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले होने वाले है और हॉकी को इसकी जरूरत है। भारत स्पेन, इंग्लैंड और वेल्स के साथ ग्रुप डी में है।

वर्ष 1975 विश्वविजेता टीम के सदस्य राइट इन अशोक कुमार ने ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की सराहना की और बताया कि वह इतने सफल क्यों हैं? क्योंकि हरमनप्रीत सिंह शांत स्वभाव के साथ साथ सुकून भरा रवैया है।

वह वास्तव में शानदार खिलाड़ी है क्योंकि वह अपनी ताकत और विपक्षी टीमो की कमजोरियों से भलीभांति परिचित है। जब वह पेनल्टी कार्नर ले रहा होता है तो वह इस पर ज्यादा जोर नहीं देता कि सामने कौन है। हालांकि मुझे लगता है कि उस पर दबाव काफी ज्यादा होगा।

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के सुपुत्र और ओलंपियन अशोक कुमार ने कहा कि भारत के पास युवा ड्रैग फ्लिकरों का एक मजबूत पूल है जो एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में टीम की मदद करेगा।

उन्होंने कहा मौजूदा भारतीय टीम की सबसे बड़ी ताकत यह है कि उनके पास फॉर्वर्ड लाइन में मनदीप और मिडफल्ड में मनप्रीत, विवेक सागर के रूप में अच्छा कॉम्बिनेशन है इसके साथ साथ 4-5 वास्तव में अच्छे पेनल्टी कार्नर लेने वाले खिलाड़ी हैं जो स्कोर कर सकते हैं। अगर वे सभी अच्छा करेंगे, तो इससे हरमनप्रीत सिंह पर दवाब कम रहेगा। मैं उम्मीद कर सकता हूं कि भारतीय खिलाड़ी1975 की विश्व विजेता बनने की हमारी कहानी को एकबार पुनः दोहराने मे सक्षम है।

गौरतलब है कि हॉकी विश्व कप 1971 के प्रथम विश्व कप मे कांस्य पदक, 1973 के द्वितीय विश्व कप मे रजत पदक और 1975(विश्व विजेता) स्वर्ण पदक भारत को जीतकर देने वाले अशोक कुमार 1978 में वर्ल्ड कप खेलने वाली भारतीय हॉकी टीम का भी हिस्सा रहे।

इसके अलावा 1972 जर्मनी म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक व 1976 ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम में शामिल रहे अशोक कुमार ने 04 एशियन हॉकी के रजत पदक सहित भारत के लिए कुल 08 पदक जीते।

## दिल्ली, राजस्थान राष्ट्रीय सब जूनियर वॉलीबॉल चैंपियन

नयी दिल्ली, 9 जनवरी। दिल्ली और राजस्थान की टीमों क्रमशः बालक और बालिका वर्ग में सोमवार को 44वीं राष्ट्रीय सब जूनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।

कडकडडूमा के लक्ष्मी पब्लिक स्कूल में खेले गये फाइनल में दिल्ली ने बालक वर्ग में गुजरात को 3-1 (25-21, 25-21, 22-25, 25-22) से हराया। बालिका वर्ग के फाइनल में राजस्थान ने उत्तर प्रदेश को 3-1 (15-25, 25-20, 25-20, 25-19) से मात दी। दिल्ली भारतीय वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ अच्युत सामंत ने विजेता टीमों को 30-30 हजार और उपविजेता टीमों को 20-20 हजार रुपये इनाम देकर सम्मानित किया।

भारतीय वॉलीबॉल संघ के महासचिव अनिल चौधरी, सीईओ राम अवतार सिंह जाखड, फेनसिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव राजीव मेहता और डीडीसीए के निदेशक श्याम सुंदर ने फाइनल में उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साह बढाया।




*सैकण्ड ग्रेड शिक्षक भर्ती पेपर लीक के मास्टरमाइंड सुरेश ढाका के जयपुर में गोपालपुरा बाईपास स्थित कोचिंग सैंटर पर सोमवार को प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया। जे.डी.ए. ने "अधिगम" नाम से संचालित कोचिंग सैंटर की 500 वर्गगज में बनी 5 मंजिला इमारत को 3 घंटे में ढहाकर ज़मींदोज कर दिया। यह बिल्डिंग अवैध तरीके से व सड़क पर कब्जा करके बनाई गई थी, आरोपियों ने सड़क पर कब्जा करके तीन कमरे बना रखे थे। भारी पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया।*

# शिक्षक भर्ती पेपर लीक के आरोपियों के कोचिंग सेन्टर "अधिगम" पर गरजा बुलडोज़र

## जयपुर में गोपालपुरा बाईपास पर बनी 5 मंजिला इमारत को जे.डी.ए. ने 3 घंटे में जमींदोज़ किया

- **दो आवासीय प्लॉट्स को जोड़कर ज़ीरो सेटबैक में 500 वर्ग गज जमीन पर बनाई थी अवैध इमारत।**
- **आरोपियों ने सड़क सीमा पर कब्जा करके भी अवैध निर्माण कर रखा था, तीन अवैध कमरे, बालकनी सड़क की सीमा में थे।**
- **बिल्डिंग मालिकों ने जे.डी.ए. ट्रिब्युनल में अपील करके स्टे लेना चाहा, लेकिन वहां भी कोई राहत नहीं मिली।**

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 9 जनवरी। शिक्षक भर्ती पेपर लीक के मास्टरमाइंड बदमाश भूपेन्द्र सारण और सुरेश ढाका के जयपुर स्थित "अधिगम" कोचिंग सैन्टर को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने सोमवार को ध्वस्त कर दिया। गोपालपुरा बाईपास पर गुर्जर की थड़ी स्थित इस 5 मंजिला अवैध इमारत पर सुबह साढ़े 7 बजे बुलडोजर से तोड़फोड़ शुरू की गई। करीब सवा दो घंटे में जेडीए टीम ने पूरी 5 मंजिला बिल्डिंग को धराशायी कर दिया। बताया जा रहा है कि यह अवैध इमारत दो आवासीय कॉर्नर प्लॉट को जोड़कर जीरो सैटबैक में 500 वर्गगज में बनाई गई थी। यहां तक कि सड़क पर कब्जा करके भी तीन कमरे और बालकनी बना दी गई थी। भारी पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि पेपर लीक गिरोह के सरगना एवं कोचिंग संचालक भूपेन्द्र सारण, सुरेश ढाका, धर्मेंद्र चौधरी व बिल्डिंग मालिक अनिल अग्रवाल को गत दिनों नोटिस जारी करके 8 जनवरी तक जवाब पेश करने का समय दिया था। उन्होंने कहा "हमने टैक्नीकल टीम से 3 दिन पहले बिल्डिंग की जांच करवाई थी। इसमें पाया गया था कि बिल्डिंग जेडीए से अनुमति लिए बिना और बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन करके बनाई गई है। ये इमारत दो आवासीय प्लॉट को जोड़कर बनाई गई है, जबकि इसका उपयोग कॉमर्शियल हो रहा था। करीब 500 वर्गगज जमीन पर बनी इस अवैध इमारत के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर कॉमर्शियल गतिविधियां चलती थीं। पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल पर अधिगम की कोचिंग चलती थी। पांचवी मंजिल पर एक अवैध पेंट हाउस बना हुआ था। कॉर्नर प्लॉट होने के कारण सड़क के किनारे जो जमीन सरेंडर करनी थी, उस जमीन पर भी कब्जा करके निर्माण किया हुआ था।

उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह साढ़े 7 बजे जेडीए की टीम गुर्जर की थड़ी स्थित "अधिगम" कोचिंग सैन्टर की इस अवैध इमारत को ढहाने पहुंची। एक पोकलेन मशीन, तीन जेसीबी मशीन, 12 लोखंडा, 3 ड्रिल और 2 कटर मशीन के साथ 30 से ज्यादा मजदूरों ने 3 घंटे बाद सुबह 10.45 बजे पूरी बिल्डिंग को धाराशायी कर दिया। बिल्डिंग का दूसरा हिस्सा शाम करीब सवा 4 बजे धराशायी किया गया। यह इमारत दो पार्ट में बनी थी, दूसरा हिस्सा गिराने में जेडीए को भारी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान पॉकलैण्ड चलाने वाला एक ड्राइवर तो आधा काम करके वापस चला गया, फिर दूसरा ड्राइवर बुलवाकर काम शुरू करवाया गया। दूसरे हिस्से को गिराने के पीछे सबसे बड़ा डर बिल्डिंग का गिरने वाला मलबा था क्योंकि केवल एक ही हिस्से में बिल्डिंग को गिराने का विकल्प था। काफी मशक्कत के बाद शाम करीब 4:15 बजे बिल्डिंग के दूसरे हिस्से को भी धराशायी कर दिया गया।

रघुवीर सैनी ने बताया कि इस कोचिंग सैन्टर को ध्वस्त होने से बचाने के लिए बिल्डिंग मालिक अनिल अग्रवाल ने जेडीए ट्रिब्यूनल में पीठासीन अधिकारी नंदनी व्यास की कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस मामले में सोमवार को सुनवाई हुई, जिसमें अनिल अग्रवाल के वकील सोहन सोलंकी ने बताया कि जेडीए ने हमें अवैध निर्माण तोड़ने का समय नहीं दिया, हम अपने स्तर पर अवैध निर्माण हटा लेते। वहीं सुनवाई में अपना पक्ष रखते हुए जेडीए ने कहा कि बिल्डिंग का अधिकांश हिस्सा गिराया गया था, बचे हुए हिस्से से जनहानि हो सकती थी, इसलिए इसे पूरा गिराना जरूरी था। इस पर कोर्ट ने पूरी सुनवाई के बाद जेडीए को आदेश दिए कि जो बिल्डिंग टूट चूकी है, उसका मलबा 2 दिन में हटाया जाए, ताकि यातायात आवागमन वहां सुचारू हो सके। इसके साथ ही भविष्य में भूखण्ड के टाइटल या अन्य तकनीकी पहलुओं पर जेडीए कार्यवाही करता है तो पहले पीड़ित का पक्ष सुनना होगा।

ज्ञात रहे कि जेडीए प्रशासन ने पिछले साल भी रीट भर्ती पेपर लीक मामले में लिप्त रहे रामकृपाल मीणा के स्कूल की चार मंजिला बिल्डिंग को भी ध्वस्त किया था। उस समय जेडीए ने जयपुर के गोपालपुरा स्थित जगन्नाथपुरी कॉलोनी में बने एसएस कॉलेज और एसएस पब्लिक स्कूल की 4 मंजिला इमारत हटाई थी। ये बिल्डिंग रामकृपाल की थी और सरकारी जमीन पर बनी थी।

उस समय भी जेडीए ने पहले अपने स्तर पर जमीन और बिल्डिंग की जांच करवाई थी और उसके बाद नोटिस जारी करके बिल्डिंग को दो दिन के अंदर जमींदोज कर दिया था।

## '2024 में प्र.मंत्री सुनक और उनके 15 मंत्री हार जायेंगे'

लंदन, 9 जनवरी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के लिए नए वर्ष के आगाज के दौरान ही बुरी खबर आ गई है। ब्रिटेन के अखबार 'द इंडिपेंडेंट' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में होने वाले आम चुनावों में प्रधानमंत्री सुनक, उप प्रधानमंत्री डोमिनिक राब और स्वास्थ्य मंत्री स्टीव बार्कले सहित कई वरिष्ठ मंत्रियों पर हार का खतरा मंडरा रहा है। यह रिपोर्ट एक सर्वे पर आधारित है, जिसे चुनावों के पूर्वानुमान के तौर पर प्रकाशित किया गया है। इस पूर्वानुमान ने ब्रिटेन की सत्ता में खलबली पैदा कर दी है।

आपको बता दें कि ऋषि सुनक ऐसे वक्त में ब्रिटेन के पीएम बने जब उनका देश आर्थिक मंदी की मार झेल रहा था। बेकाबू महंगाई के चलते पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन और उनके बाद पीएम बनी लिज ट्रस को महज दो माह के भीतर ही इस्तीफा देना पड़ गया था। इसके बाद ऋषि सुनक को पार्टी के आंतरिक चुनाव में पीएम चुना गया।

# 10 जनवरी को होने वाली ए.एस.आई. पदोन्नति परीक्षा पर रोक

- **राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने हैड कांस्टेबल बच्चू सिंह की अपील पर सुनवाई करते हुए परीक्षा पर तथा 12 दिसम्बर को जारी पात्रता सूची पर भी रोक लगा दी।**
- **अपील में कहा गया है कि, परीक्षा के लिए चयनित प्रत्याशी, जिसे आरक्षण वर्ग में सेवा में लिया गया था, उसे पदोन्नति में भी उसी वर्ग में रखा जाए न कि सामान्य वर्ग में।**

जयपुर, 9 जनवरी। राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने दौसा जिले में हैड कांस्टेबल से ए.एस.आई. पदोन्नति के लिए दस जनवरी से आयोजित होने वाली परीक्षा को स्थगित कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने इस संबंध में गत 12 दिसंबर को जारी पात्रता सूची पर भी रोक दी है। अधिकरण ने यह आदेश बच्चू सिंह की अपील पर दिए।

अपील में अधिवक्ता एम.एस. राघव ने अधिकरण को बताया कि, दौसा जिले में हैड कांस्टेबल से ए.एस.आई. की वर्ष 2018-19 की पदोन्नति के लिए गत छह दिसंबर को पात्र व अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई। जिसमें प्रार्थी रामसिंह को संबंधित वर्ग में रिक्तियां नहीं होने के कारण अपात्र माना गया। अपील में कहा गया कि डीजीपी ने गत 12 दिसंबर को फिर से पात्रता सूची जारी कर कहा कि सेवा में प्रवेश के समय की वरिष्ठता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि वह आरक्षण का लाभ लेकर चयनित हुए हैं या नहीं। वहीं इस पात्रता सूची में पूर्व में अपात्र घोषित प्रार्थी रामसिंह को भी शामिल कर लिया गया।

अपील में कहा गया कि जब चयनित व्यक्ति सेवा में प्रवेश के समय आरक्षण का लाभ प्राप्त कर चुका है तो वह उसी वर्ग में पदोन्नति के लिए पात्र माना जाएगा और उसे सामान्य वर्ग में नहीं रखा जा सकता। डीजीपी गलत तरीके से पूर्व में आरक्षण का लाभ लेकर सेवा में प्रवेश पाने वालों को पुनः लाभ दे रहे हैं और अपात्रों को पदोन्नति परीक्षा में शामिल किया जा रहा है। इसके साथ ही इस पात्रता सूची के आधार पर 10 और 11 जनवरी को परीक्षा आयोजित की जा रही है।

## भाजपा के हिन्दुत्व...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक सामाजिक-शैक्षिक-आर्थिक सर्वे कराया था, लेकिन इस जातिगत सर्वेक्षण के परिणाम सार्वजनिक नहीं किये गये थे। गौरतलब बात है: जब इतनी सारी राज्य सरकारें जातिगत जनगणना की माँग कर रही हैं तो वह मुद्दा 2024 के लोकसभा चुनावों में जोर पकडड़ सकता है जिसका नुकसान भाजपा को होगा।

बिहार की जातिगबत जनगणना के बाद, राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना कराये जाने की माँग उत्तर प्रदेश तथा विपक्ष-शासित अन्य राज्यों में उठ सकती है। जातिगत चेतना की जड़ें बहुत गहरी हैं तथा इसमें भाजपा के हिन्दुत्व कार्ड को हरा देने की क्षमता निहित है।

## जो आलाकमान खुद ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मुख्यमंत्री पद को लेकर बड़ा फैसला कांग्रेस आलाकमान कर पाएगा? इसमें सभी को संशय नजर आता है। अब यह बात महत्वपूर्ण है कि यदि मुख्यमंत्री पद पर कांग्रेस आलाकमान फैसला नहीं ले पाता है, तो फिर सचिन पायलट को किस पद के साथ संतुष्ट किया जा सकता है। खुद सचिन पायलट कई बार कह चुके हैं कि पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह उसे निभाएंगे, लेकिन राजनीति में भाषण अपनी जगह होते हैं और संतुष्टि अपनी जगह।

इस बीच सचिन पायलट ने मकर संक्रांति के बाद अपने राजनीतिक दौरे करने करने की तैयारी शुरू कर दी है। वह अपने समर्थक विधायक रामनिवास गावड़िया के विधानसभा क्षेत्र परबतसर में 16 जनवरी को, तो राज्य के मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के निर्वाचन क्षेत्र गुढ़ा उदयपुरवाटी में 18 जनवरी को किसान सम्मेलन को संबोधित करने जा रहे हैं। यह शुरुआत सिर्फ 2 विधानसभा क्षेत्रों की है, लेकिन इसके जरिए सचिन पायलट अपने समर्थकों को ना सिर्फ फिर से सक्रिय करेंगे, बल्कि राजस्थान में जहां भी उन्हें मौका मिलेगा, राजनीतिक दौरे करके सरगर्मी बढ़ाएंगे।यही कारण है कि राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने रविवार को जयपुर में बैठक करने के बाद दिल्ली जाने के बजाय सोमवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ एक लंबी चर्चा की। कहने को चर्चा संगठन विस्तार को लेकर हुई बताते हैं, लेकिन विषय यही है कि यदि सचिन पायलट लगातार राजस्थान में राजनीतिक दौरे करेंगे तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खेमे को परेशानी होगी। वही पूरे राज्य में यह संदेश भी जाएगा कि दोनों खेमों के बीच में सामंजस्य बिठाने में कांग्रेस नाकाम रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सचिन पायलट को लेकर पार्टी कब और क्या फैसला लेती है या चुनावी वर्ष में फिर यह अंतर्द्वंद यूं ही जारी रहने वाला है।

## भाजपा कोर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दिया गया। यात्रा सफल रही और जनता में भयंकर आक्रोश है। सभी ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि 28 को मोदी जी का राजस्थान दौरा प्रस्तावित है, इस पर भी चर्चा की गई। अब पार्टी के कार्यक्रमों की रूपरेखा को 16-17 को राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में रखा जाएगा। इसके बाद प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें कार्यक्रमों पर चर्चा होगी और रोडमैप तैयार किया जाएगा। बैठक में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह प्रभारी विजय राहटकर, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित कोर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## सी.ई.ओ. पर छेड़छाड़ के आरोप की कोर्ट में सुनवाई

धौलपुर, 9 जनवरी (निसं)। यहां अनुसूचित जाति -जनजाति अत्याचार निवारण कोर्ट के न्यायाधीश नरेन्द्र मीणा ने एक महिला से दुष्कर्म और उसकी नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ के एक मामले में जांच अधिकारी को अपनी जांच पूरी करने के लिए 7 दिन का समय दिया और आगमी 16 जनवरी को कोर्ट में पुनः पेश होने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि गत माह एक महिला ने धौलपुर के पॉक्सो कोर्ट में इस्तगासा दायर कर जिला परिषद धौलपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चेतन चौहान पर छेड़छाड़ तथा एडिशनल एसपी बचन सिंह मीणा के खिलाफ दुष्कर्म और उसकी नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था।

इस मामले में कोर्ट ने धौलपुर एसपी को 15 दिन में जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे, लेकिन एस.पी. ने किन्हीं कारणों से इस मामले में जांच करने में असमर्थता व्यक्त कर दी थी।

- **महिला ने पॉक्सो कोर्ट में इस्तगासा दायर कर धौलपुर जिला परिषद के सी.ई.ओ. चेतन चौहान व एडिशनल एस.पी. बचन सिंह मीणा पर नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया था, जिस पर कोर्ट में सुनवाई हुई और सात दिन में जांच पूरी करने के आदेश दिए गए।**

इसके बाद इस मामले की जांच भरतपुर के एडिशनल एसपी क्राइम, प्रकाश शर्मा को सौंपी गई, जो आज सोमवार को धौलपुर न्यायालय में पेश हुए। पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण - जज ने बहस सुनी, जिसमें एडिशनल एसपी शर्मा ने कोर्ट से जांच पूरी करने के लिए 15 दिन का समय मांगा। लेकिन पीड़ित महिला के वकील अमित कुमार कमठान ने एतराज जताया और कहां कि जांच अधिकारी मामले को खींचना चाह रहे हैं।

## चीन ने वीज़ा प्रक्रिया...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लेकर ऑर्डिलरी पासपोर्ट्स के लिए चाइनीज़ सिटिज़न्स एप्लीकेशन्स को पुनः स्वीकार और मंजूर करने सहित अपनी इमिग्रेशन एडमिनिस्ट्रेशन नीतियों में 8 जनवरी से सुधार करने के लिए हाल ही एक नोटिस जारी किया।

उसका इमिग्रेशन एडमिनिस्ट्रेशन चीन के निवासियों के हांगकांग के विशेष प्रशासनिक क्षेत्र में पर्यटन और कारोबारी उद्देश्यों को लेकर प्रोसेसिंग और एण्डोर्समैंट भी फिर से शुर करेगा। इसके साथ ही चीन के एग्ज़िट और एंट्री तथा बॉर्डर कंट्रोल एरियाज़ के लिए भी एग्ज़िट एंट्री परमिट्स जारी किए जाएंगे।

दूतावास ने बताया कि चीन और भारत के बीच व्यक्तिगत आवाजाही सुलभ करने के लिए उसने साधारण वीज़ा में लाँग टर्म स्टडी, बिज़नैस, वर्क, फैमिली विज़िट्स, पर्सनल विज़िट्स, टेलैन्ट इन्ट्रोडक्शन व अन्य सहित 10 तरह की सेवाएं गत वर्ष के अगस्त माह के अंत में शुरू की।

चीन के अखबार ग्लोबल टाइम्स की एक रिपोर्ट कहती है कि चीन और भारत के बीच विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए चीन आने वाले भारतीयों को और सुविधा प्रदान करने के लिए दूतावास वीज़ा प्रबंधों में और सुधार करेगा।

खबर में कहा गया कि दूतावास वर्तमान आधार पर कारोबार, पारिवारिक यात्रा और निजी कामों के लिए आने वाले लोगों के लिए वीज़ा आवेदन की अंतिम तिथि में और छूट देने के साथ ही आवास, ट्रांज़िट, शॉर्ट टर्म स्टडी और पत्रकारों के लिए वीज़ा आवेदन लेना फिर से शुरू करेगा।

चीन में सिर्फ 23 हजार भारतीय छात्र अध्ययनरत हैं और उनमें भी अधिकांश मैडिकल कॉलेजों में पंजीकृत हैं। ये छात्र वैश्विक महामारी के कारण चीन नहीं लौट सके थे। ये प्रशिक्षण, शिक्षण या स्नातक की पढ़ाई जारी रखने के लिए चीन की यात्रा नहीं कर सके थे। इससे रोजगार पर भी विपरीत असर पड़ा।

दूतावास ने अन्तर्राष्ट्रीय छात्रों के वीज़ा आवेदनों के लिए एक ग्रीन चैनल खोलकर चीन में स्कूली शिक्षा का काम पुनः शुरू करने को लेकर तेजी दिखाई है। इन संयुक्त प्रयासों से अब तक करीब 6 हजार 2 सौ भारतीय छात्र चीन का वीज़ा प्राप्त कर चुके हैं और वीज़ा पॉलिसी के नवीन समायोजन के कारण चीन के वीज़ा के लिए आवेदन करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या वर्ष 2023 में बढ़ती रहेगी।

दूतावास ने बताया कि चीन के लिए वीसा आवेदन करने वाले अधिकांश भारतीय छात्र वे हैं जो यहां अध्ययन, कारोबार या काम के उद्देश्य से आना चाहते हैं। एंट्री वीज़ा पॉलिसी में छूट के साथ ही वर्ष 2023 में और समूहों के चीन आने की उम्मीद है। उदाहरण के तौर पर कारोबार और पारिवारिक दौरों के लिए, जिनमें महत्वपूर्ण इजाफा होगा।

## 28 जनवरी को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मुख्यालय पर सोमवार को हुई प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में उनके दौरे की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार के खिलाफ आंदोलन-प्रदर्शन तेज करने का भी फैसला किया गया है। यह जल्द तय किया जाएगा कि आंदोलन कब से शुरू किए जाने हैं। पार्टी फिलहाल जनाक्रोश अभियान के जरिए सरकार को घेर रही है। अभियान के तहत सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया जा रहा है।

बैठक तय हुआ है कि पार्टी फरवरी में "समर्पण निधि अभियान" शुरू करेगी। अभियान के जरिए पार्टी फंड के लिए लोगों से सहयोग राशि ली जाएगी। इस साल चुनाव होने ऐसे में पार्टी फंड जुटाएगी। यह अभियान पिछले साल भी चलाया गया था। उस समय डिजिटल ट्रांजेक्शन के जरिए लोगों से पैसा जुटाया गया था। पार्टी की ओर से सभी जिलों के लक्ष्य तय किए जाएंगे। अभियान की तारीख जल्द घोषित की जाएगी।

पार्टी की ओर से नव मतदाता अभियान भी इसी महीने शुरू किया जाएगा। इसमें नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा, ताकि इस साल होने वाले विधानसभा और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में इसका फायदा मिल सके।

# सुप्रीम कोर्ट से यूनिफॉर्म सिविल कोड को ग्रीन सिग्नल मिला

## सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात और उत्तराखण्ड में यूनिफॉर्म सिविल कोड के खिलाफ दायर सभी याचिकायें खारिज कर दीं

- **मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की बैंच ने कहा कि, संविधान के अनुच्छेद 162 के अनुसार, कार्यकारी आदेश बताता है कि, विधायिका ने इसे अनुमति दी है। इस वजह से चुनौती नहीं दी जा सकती है।**

नई दिल्ली, 9 जनवरी (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात और उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता अधिनियम लागू करने के लिए जांच समिति गठित करने के राज्य सरकारों के फैसले को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 162 का हवाला देते हुए अधिवक्ता अनूप बरनवाल की जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 162 के अनुसार, कार्यकारी आदेश बताता है कि विधायिका ने इसे अनुमति दी है। इस वजह से चुनौती नहीं दी जा सकती है।

शीर्ष अदालत ने याचिका को सुनवाई के योग्य नहीं मानते हुए हैरानी जताई और कहा कि इस पर सुनवाई करने का कोई आधार नहीं है।

गुजरात की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से ठीक पहले समान नागरिक संहिता लागू करने की संभावना की जांच के लिए समिति बनाने का फैसला किया था।

इसी प्रकार उत्तराखंड सरकार ने भी पिछले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव से पहले उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक समिति बनाने निर्णय लिया था।

# पहली बार राज्यपाल ने अपने द्वारा "उद्घाटित" सत्र...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **अतः राज्यपाल द्वारा उस स्पीच में बोलते वक्त परिवर्तन करना गैर कानूनी व निन्दनीय है, अतः, वे राज्यपाल की इस हरकत के खिलाफ प्रस्ताव लाये हैं, विधानसभा में।**

मक्कल डेसिया काची के विधायकों द्वारा लगाये गये कुछ नारे इस प्रकार थे- "राज्य के अधिकार मत छीनिये! तमिलनाडु को बख्शिये। तिरुक्कुरल को ट्विस्ट मत कीजिये! हम राज्यपाल की कड़ी भर्त्सना करते हैं! तमिलनाडु एंगलनाडु!"

कोलाहलपूर्ण नारेबाजी का सामना करते हुये, राज्यपाल ने पूरा अभिभाषण पढ़ा, लेकिन उन्होंने द्रविड़ मॉडल तथा सरकार की उपलब्धियों के दावों के प्रसंग छोड़ दिये तथा इस प्रकार सरकार द्वारा तैयार किये गये उस मूल भाषण से हट गये, जिसकी प्रतियाँ सरकार ने सारे विधायकों को वितरित की थी। इस प्रकार उन्होंने सरकार के लिये उलझन पैदा कर दी। राज्यपाल द्वारा छोड़ दिये गये बिन्दुओं में शामिल थे- कानून व्यवस्था के उत्कृष्ट प्रबंधन के सरकार के दावे तथा तमिलनाडु पूरी तरह शांतिपूर्ण राज्य कैसे बना तथा किस तरह से उसने विदेशी निवेश अपनी ओर खींचा तथा किस तरह से सभी क्षेत्रों में अग्रणी बना हुआ है। सरकार द्वारा तैयार किये गये मूल भाषण में एक पैराग्राफ सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सरकार के सामाजिक न्याया के विषय में भी था। सरकार द्वारा तैयार किये भाषण के उस हिस्से, जिसे राज्यपाल ने अपने भाषण से हटा दिया, में यह भी शामिल था: "यह सरकार सामाजिक न्याय, आत्म सम्मान, समावेशी ग्रोथ समानता, महिला सशक्तिकरण, धर्मनिरपेक्षता के आदर्शों तथा सबके प्रति संवेदना एवं करुणा की भावना पर आधारित है। थानथाई पेरियार, अन्नल अम्बेडकर, पेरुन्थलैवर कामराजार, पेरारिग्नार अन्ना तथा मुथानिझ आदिग्नार कलइग्नर जैसे दिग्गजों के सिद्धांतों और आदर्शों पर चलते हुये, यह सरकार शासन के द्रविड-मॉडल का लाभ जनता को दे रही है।"

राज्यपाल ने भाषण के इस प्रकार के अंश छोड़ दिए, तो मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने, एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुये, विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश कर दिया, जिसमें कहा गया था कि राज्यपाल के भाषण के उस हिस्से को हटा दिया जाये, जिसे उन्होंने आशुभाषण के रूप में, एकाएक बोला है तथा जो अनुमोदित मूल भाषण से अलग हटकर है। जैसे ही यह प्रस्ताव पेश हुआ, राज्यपाल एकाएक सदन को छोड़कर चले गये।

यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि राज्यपाल की इस कार्यवाही से एक और विवाद शुरु हो गया है तथा द्रमुक एवं उसके मित्र दलों को राज्यपाल फूटी आँखें नहीं सुहा रहे। चन्द मिनट के अंदर ही, कांग्रेस सांसद कार्ति चिदम्बरम ने माँग कर डाली की राज्यपाल रवि का हटाया जाए क्योंकि उन्होंने राज्यपाल के पद की गरिमा को कम किया है तथा वे भाजपा-प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं।

द्रमुक तथा उसके सभी गठबंधन पार्टनरों ने भी यही रुख अपनाया है तथा राज्यपाल भाजपा-आर.एस.एस. के सोच को फैला रहे हैं। उन्होंने यह सवाल भी पूछा है कि कोई पदासीन राज्यपाल द्रविड राजनीति की आलोचना कैसे कर सकता है तथा उसे "प्रतिगामी" (रिग्रैसिव) कैसे बता सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल ने सरकार द्वारा परम्परानुसार तैयार किये जाने वाले अभिभाषण के मूल पाठ को अनुमोदित किया था तथा उसके बाद, इसे पुस्तिका के रूप में छपवाकर विधायकों को वितरित किया गया था तथा उनके कम्प्यूटरों पर अपलोड़ कर दिया गया था। स्टालिन ने कहा, "राज्यपाल ने, उनके द्वारा ही पूर्व में अनुमोदित राज्यपाल के अभिभाषण का मूल पाठ पूरा नहीं पढ़ा। यह सदन के नियमों का उल्लंघन है। इसलिये, जो भाषण को स्वीकार करता है, के नियम 17 में ढील देते हुये, राज्यपाल के अभिभाषण के मुद्रित एवं अनुमोदित मूलपाठ, तथा उसके तमिल संस्करण, जिसे विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पाबू ने पढ़कर सुनाया, को ही सदन के रिकॉर्ड में रहना चाहिये।" इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। भाषण का मूल पाठ 5 जनवरी को राज्यपाल के पास भेज दिया गया था, जिसे उन्होंने 7 जनवरी को अनुमोदित कर दिया था।

राज्यपाल का अभिभाषण सरकार का नीतिगत दस्तावेज होता है।

राज्य विधानसभा का आज का अपूर्व घटनाक्रम यह दर्शा रहा है कि अब दोनों पक्षों के हाथ खुल गये हैं तथा निर्वाचित सरकार तथा राज्यपाल- दोनों टकराव की मुद्रा में आमने-सामने हो गये हैं। दरअसल, तमिलनाडु के राजनैतिक दल, खासतौर से द्रमुक तथा उसके गठबंधन पार्टनर एक बार इससे पहले भी राज्यपाल को वापस बुलाये जाने की माँग कर चुके हैं।

कई विधायकों ने कहा कि राज्यपाल कई महत्वपूर्ण विधेयकों को रोके भी बैठे हैं, जिसके कारण सरकार का काम, जो वस्तुतः जनता का ही काम है, का नुकसान हो रहा है।

एक बात तो सभी विधायक, जिनमें भाजपा के मित्र दल अन्नाद्रमुक के विधायक भी शामिल हैं, कह रहे हैं कि तमिलनाडु के नाम-परिवर्तन का तो प्रश्न ही नहीं उठता।

केवल भाजपा प्रवक्ताओं ने राज्यपाल का बचाव किया है तथा नारेबाजी करने तथा राज्यपाल को विधानसभा में न बोलने देने को लेकर, सत्तारूढ़ दल तथा उसके गठबंधन पार्टनरों की आलोचना की है।

## जोधपुर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रही है। जोधपुर सहित विभिन्न राज्यों से भी लोगों ने यहां अपनी स्टालें लगाई है। मेले में हैंडमेड आइटम्स से लेकर घरेलू सामग्री और खाने-पीने के सामान, ऑटोमोबाइल, फैंसी सामान, कपड़े आदि की स्टाल्स लगाई गई हैं। मेले का आयोजन जिला उद्योग, जिला प्रशासन और मरुधरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के तत्वावधान में हो रहा है।

### गंदगी से जा रहा गलत संदेश

उत्सव देशभर से आर्टिजन आए हैं। मेला स्थल में कई जगह पर गंदगी की वजह से उनके बीच गलत संदेश जा रहा है। सरकार के 4 साल के विकास कार्यों का बखान करती पुस्तकें भी मेले में बिखरी हुई नजर आ रही हैं, जबकि इस पुस्तक में जोधपुर सहित राजस्थान में सरकार की ओर से करवाए गए विकास कार्यों का जिक्र किया गया है। इसके अलावा जिला दर्शन पुस्तिका भी इसमें शामिल है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908